सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 21.9 न्यू | 29.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79476.19 |
| निफ्टी | 24141.95 |
| सोना | 72,270 |
| चांदी | 90,303 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आईसीसी टी-20 विश्व कप टीम में छह भारतीय

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 2 जुलाई, 2024 | 19 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 195, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गला घोंटकर पहले की हत्या, फिर पत्थर से मुंह पर किया वार -पेज 2
- केएल ठाकुर ने स्वार्थ के लिए जनता के जनादेश को ठुकराया: सुक्खू -पेज 3
- कांग्रेस और भाजपा ने नहीं समझा विस्थापितों का दर्द : संजय शर्मा -पेज 3
- सरकाघाट से मढ़ी के लिए बस सेवा बंद -पेज 9
- हंगामे के साथ संसद सत्र की शुरुआत विपक्ष ने किया वॉकआउट -पेज 14


## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल ने गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में दी चुनौती



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित सीबीआई मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 29 जून को केजरीवाल को 12 जुलाई तक की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। दिल्ली शराब नीति केस में सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली में ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तीन और चार जुलाई को ग्लोबल इंडिया एआई (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सम्मेलन विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिक्षा जगत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों को प्रमुख एआई मुद्दों पर चर्चा होगी।

### नीट-यूजी पुनः परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया है।

### के.कविता की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता को झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज की। यह जमानत याचिकाएं सीबीआई और ईडी मामलों में दाखिल की गई थी।

### बिभव को नहीं मिली राहत, सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। अब 8 जुलाई को फिर से सुनवाई होगी।

# राहुल के 'हिंदू' बयान पर हंगामा

**संसद सत्र:** छठे दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा, राज्यसभा में भी नोक-झोंक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** सत्र के छठे दिन लोकसभा-राज्यसभा दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा को हिंसा करने वाली पार्टी बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने खड़े होकर इसका विरोध किया। अमित शाह ने माफी मांगने की मांग कर दी। वहीं, राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। राहुल ने कहा कि जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं, इस पर जमकर हंगामा हुआ।

खुद पीएम मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसा से जोड़ना ठीक नहीं है। इससे पहले राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आरएसएस की विचारधारा देश के लिए खतरनाक है। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आरएसएस देश के लिए काम करती है। इसमें अच्छे लोग जुड़े हैं। खड़गे ने कहा कि आरएसएस की विचारधारा मनुवादी है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने उनकी बात को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने की मांग की। धनखड़ ने उनकी मांग पर बयान को कार्यवाही से हटा दिया।




### राहुल ने स्पीकर से कहा- आपको मोदी से झुककर हाथ नहीं मिलाना चाहिए

**राहुल** ने कहा कि मैंने आपसे (ओम बिरला) हाथ मिलाया तो आप सीधे खड़े रहे, जब मोदी जी ने आपसे हाथ मिलाया तो आपने झुककर हाथ मिलाया। आपको मोदी से झुककर हाथ नहीं मिलना चाहिए। स्पीकर ने कहा कि मेरी संस्कृति और संस्कार में सिखाया गया है कि जो हमसे बड़े हैं, उनसे झुक कर मिलो और जो छोटे हैं उनसे बराबरी से मिलो।

### नीट एग्जाम को कमर्शियल बना दिया

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि आपने हर व्यक्ति के लिए डर का पैकेज दिया। रोजगार तो आपने खत्म कर दिया। अब नया फैशन निकला है। नीट एक प्रोफेशनल स्कीम को आपने कमर्शियल स्कीम में तब्दील कर दिया। गरीब मेडिकल कॉलेज नहीं जा सकता। पूरा का पूरा एग्जाम अमीर बच्चों के लिए बनाया है। हजारों करोड़ रुपए बन रहे हैं और कमर्शियल पेपर आपने जो बना रखे हैं, 7 साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। प्रेजिडेंट एड्रेस में न पेपर लीक की बात होगी, न अग्निवीर की बात होगी।

### भगवान शिव की तस्वीर पर हंगामा

**राहुल** ने शंकर भगवान की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता।

### शाह बोले- नियम नहीं पता तो ट्यूशन रख लें

अमित शाह ने कहा- राहुल ने नियमों का उल्लंघन किया है। वह बीजेपी को हिंसक नहीं कह सकते हैं। राहुल को अगर नियम नहीं पता तो ट्यूशन रख लें। इस्लाम की अभय मुद्रा और ईश्वर वाली बात पर वह इस्लामिक विद्वानों का मत ले लें। गुरुनानक जी की अभय मुद्रा पर भी गुरु द्वारा कमेटी से राय मशविरा करें। आप अभय की बात न करें। देश को आपने आपातकाल में भयभीत किया।

### अग्निवीर के बलिदान पर दी जाती है 1 करोड़ की सहायता : राजनाथ

**राहुल** ने कहा कि आप अग्निवीर को 6 महीने की ट्रेनिंग देते हो, दूसरी तरफ चीन के जवान को 5 साल ट्रेनिंग मिलती है। जवानों के बीच फूट डालते हैं और अपने आप को देशभक्त कहते हो। राजनाथ सिंह ने कहा कि गलत बयानी करके सदन को गुमराह किया जा रहा है। अग्निवीर जब शहीद होता है तो उसके परिवार को 1 करोड़ की सहायता दी जाती है। शाह ने कहा कि सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है। नेता विपक्ष अपने स्टेटमेंट का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

तीन नए आपराधिक कानून लागू, शाह बोले- 77 साल बाद स्वदेशी हुई न्याय व्यवस्था

# अब दंड नहीं न्याय मिलेगा

- 45 दिन में आएगा फैसला
- 60 दिन में चार्जशीट
- सात दिन में मेडिकल रिपोर्ट
- राजद्रोह की जगह देशद्रोह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में एक जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए। इन कानूनों के लागू होने के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कानूनों से अब दंड नहीं बल्कि आमजन को न्याय मिलेगा।

अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून अब खत्म हो गए हैं और इसके साथ भारतीय न्यायिक व्यवस्था 77 साल बाद स्वदेशी हुई है। एफआईआर से लेकर फैसले तक को समयसीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नए कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है।

### हिमाचल में कानून लागू होने के लिए तैयारी

**हिमाचल** में नए आपराधिक कानून लागू करने के लिए अभी ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम पर काम चल रहा है। पहाड़ी राज्य होने के कारण ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने के लिए भी इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना होगा। यही नहीं, पुलिस विभाग के पास कर्मचारियों की भारी कमी है। अभी विभाग में 1200 पुलिसकर्मियों की भर्ती होनी शेष है।

### प्राथमिकी दर्ज होने पर तीन साल के भीतर मिलेगा न्याय : शाह



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी मामलों में न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर न्याय मिलेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होगी। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं, जिनमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों से समन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं।

### ग्वालियर में बाइक चोरी का केस दर्ज

**शाह** ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि नए कानून न्याय प्रदान करने को प्राथमिकता देंगे, जबकि औपनिवेशिक काल के कानूनों में दंडात्मक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाती थी।

### ये हुए बड़े बदलाव

- एफआईआर में देरी नहीं, सरकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का नियम बदला
- नाबालिग से दुष्कर्म पर मौत की सजा, गैंगरेप पर सजा और भी सख्त
- महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर नया अध्याय
- 90 दिन के अंदर तय होंगे आरोप
- शादी का झांसा देकर संबंध बनाना अब दुष्कर्म नहीं
- 14 दिनों में मिलेंगे दस्तावेज
- गिरफ्तारी की सूचना अनिवार्य
- तलाशी-जब्ती की होगी वीडियोग्राफी
- भारतीय साक्ष्य अधिनियम में अब कुल 170 धाराएं
- 10 सजा माफी में भी बदलाव

### रिजर्व बैंक ने किया अर्नब को कार्यकारी निदेशक नियुक्त

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्नब कुमार चौधरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। चौधरी डीआईसीजीसी सहित तीन विभागों को देखेंगे। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतरराष्ट्रीय विभाग को देखेंगे।

# मुगल व अंग्रेज आए और चले गए सनातन था, है और रहेगा : अनुराग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव सदन में पेश किया। अनुराग ने सरकार के पिछले 10 साल के शासन-प्रशासन की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस और विपक्ष पर जमकर हमला भी बोला।

उन्होंने कहा कि विकास भी और विरासत भी हमारी सरकार की पहचान है। विपक्षी डीएमके सांसद दयानिधि मारन के रोक-टोक पर अनुराग ने उनकी पार्टी और पार्टी नेताओं पर पलटवार किया और कहा कि मैंने विकास भी और विरासत भी बात



की तो दयानिधि मारन का चिल्लाना सही था, क्योंकि उनके नेता वहां बैठ-बैठ कर कहते हैं कि सनातन धर्म बीमारी की तरह है, इसको जड़ से मिटाना है। इनके नेताओं को शर्म आनी चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। मुगल और अंग्रेज आकर चले गए, लेकिन सनातन था, सनातन है और सनातन रहेगा।

### राहुल ने कई साल लिया बिना जिम्मेदारी के सत्ता का आनंद

**अनुराग** ने नेता विपक्ष चुने गए राहुल गांधी को बधाई दी। अच्छी बात है कि राहुल गांधी नेता विपक्ष बने हैं। पिछले दो दशक से वो बिना जिम्मेदारी के सत्ता का मजा ले रहे थे, अब उन्हें जिम्मेदारी भी लेनी पड़ेगी। यह उनके लिए परीक्षा है, क्या वो विपक्ष को एकजुट रख पाएंगे ? पिछले सेशन में उनकी 50 पर्सेंट से भी कम हाजिरी थी।

### सूरज रेवन्ना की हिरासत बढ़ाई



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में पिछले महीने गिरफ्तार जनता दल सेक्युलर के विधान पार्षद (एमएलसी) सूरज रेवन्ना की अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) हिरासत सोमवार को तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। विधान पार्षद को 22 जून को 27 वर्षीय एक युवक की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विधान पार्षद ने घन्नीकाडा स्थित फार्महाउस में 16 जून को उसका यौन उत्पीड़न किया था।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517

# आठ माह बाद कुल्लू से काजा के लिए एचआरटीसी बस सेवा शुरू

224 किलोमीटर के सफर में सवारियों को देना होगा 497 रुपए किराया

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के केलांग डिपो ने कुल्लू-काजा वाया कुंजम दर्रा बस सेवा शुरू कर दी है। आठ महीने बाद बस सेवा शुरू होने से पर्यटकों सहित स्पीति के लोगों को राहत मिली है। आम लोग भी काजा से कुल्लू पहुंचने में टैक्सियों में महंगे सफर करने को मजबूर थे।

224 किलोमीटर के सफर में सवारियों को 497 रुपए किराया देना होगा। बीते वर्ष यह बस चार जुलाई को शुरू हुई थी। 15 अक्तूबर को बस सेवा बंद कर दी थी। एचआरटीसी केलांग डिपो ने तमाम



हालातों का जायजा लेने के बाद काजा के लिए बस सेवा चलाई है। बस कुल्लू-मनाली-अटल टनल रोहतांग के रास्ते कोकसर-ग्रांफू सड़क से कुंजम दर्रा होकर आवाजाही करेगी। स्पीति घाटी के लोगों के साथ सैलानी भी इस बस के चलने का इंतजार कर रहे थे। क्षेत्रीय प्रबंधक केलांग का कार्यभार देख रहे आयुष उपाध्याय ने कहा कि बस सेवा कुल्लू से काजा के लिए शुरू कर दी है। बस कुल्लू बस अड्डा से काजा के लिए सुबह 4:00 बजे प्रस्थान करेगी। काजा से कुल्लू के लिए बस के चलने का समय सुबह 5:00 बजे रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### मानहानि मामले में मेधा पाटकर को पांच महीने की जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के एक मामले में पांच महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनके खिलाफ उस वक्त दायर किया था, जब वह गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। पाटकर के अनुरोध को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि तथ्यों को नुकसान, उम्र और बीमारी को देखते हुए, मैं अधिक सजा सुनाने के पक्ष में नहीं हूं।




**चेतावनी** हिमाचल में 3 से 7 जुलाई तक खराब रहेगा मौसम, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने जारी किया येलो अलर्ट

# छह जिलों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** में लगातार हो रही बारिश के चलते मौसम विभाग शिमला ने 2 जुलाई के लिए ऑरेंज, जबकि 3 से 7 जुलाई तक येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के इलाकों में सात दिन तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। सोमवार को शिमला में हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए रहे।

पिछले 24 घंटों के दौरान पांवटा साहिब में 38.2, भोरंज 28.4, कांगड़ा 11.2, मनाली 10.0, देहरा-गोपीपुर 6.3, पच्छाद 2.0, बिलासपुर 2.0, कंडाघाट 1.1, सुंदरनगर 1.0, धौलाकुआं 1.0 व नाहन में 1.0 मिलीमीटर बारिश



दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि चंबा, कुल्लू, मंडी व शिमला के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### जून में कम बरसे बादल

जून में सामान्य से कम बदल बरसे हैं। एक से 30 जून तक प्रदेश में 51 एमएम बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में 102.5 एमएम बारिश को सामान्य माना गया है। हमीरपुर, कांगड़ा और चंबा जिले में काफी कम बारिश हुई। जून के अंत में मानसून ने रफ्तार पकड़ी। इस दौरान शिमला के अलावा कुछ अन्य जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। 2023 की बात करें तो 26 जून तक राज्य में सिर्फ 39.5 मिमी बारिश हुई थी, जो इस अवधि के लिए सामान्य 84.3 मिलीमीटर से कम थी यानी 53 प्रतिशत की कमी रही।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 36.3° |
| ऊना | 36.0° |
| चंबा | 34.8° |
| धौलाकुआं | 34.3° |
| सुंदरनगर | 34.2° |
| कांगड़ा | 34.0° |
| मंडी | 33.8° |
| बरठीं | 33.7° |
| हमीरपुर | 33.6° |
| धर्मशाला | 29.6° |
| सोलन | 29.5° |
| शिमला | 24.6° |

## न्यूज ब्रीफ

### राजेश बने विद्युत ठेका श्रमिक संघ चौपाल के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान-नेरवा, चौपाल।** विद्युत बोर्ड चौपाल में कार्यरत ठेकेदार द्वारा मीटर रिडींग व बीलिगं करने वाले ठेका कर्मचारियों का साधारण अधिवेशन नेरुवा में प्रेम चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में चौपाल के वरिष्ठ ट्रैड यूनियन नेता व हिप्र राज्य कर्मचारी महासंध के प्रदेश उपाध्यक्ष राम लाल शर्मा, प्रदेश सयुंक्त सचिव भीम सिंह चौहान, चौपाल ईकाई अध्यक्ष गोपाल शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर हिमाचल विद्युत ठेका श्रमिक संघ चौपाल के नाम से युनियन का गठन किया गया। हिमाचल विद्युत ठेका श्रमिक सघं विद्युत बोर्ड चौपाल के सर्व सम्मति से हुए चुनाव में राजेश कुमार को अध्यक्ष, प्रेम चन्द को वरिष्ट उप प्रधान, अनिल कुमार को उप प्रधान, हितेंन्द्र चमनाईक को सचिव, अंकुश शिठा को सह सचिव, संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष, हमीन्दर को संगठन मंत्री, राम लाल शर्मा को मुख्य सलाहाकार, भीम सिंह चौहान व गोपाल शर्मा को सलाहाकार चुना गया । कार्यसमिति सदस्य के रूप में कुलदीप, नितेश व मनोज चुने गए। (अनंत ज्ञान)

### हिमुडा रेजिडेंट सोसायटी के प्रधान बने नरेंद्र

**दशमी रावत, रोहडू।** हिमुडा रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी समाला की जनरल हाऊस की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव करवाने से संबंधित वरिष्ठ निवासी परमानंद माल्टा की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गइ। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी आयोजित होने वाली बैठक में कार्यकारिणी के मनोनित सदस्य नियुक्त किए जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से नरेंद्र दत्त शर्मा को प्रधान, अमीन चंद मांटा को वरिष्ठ उप प्रधान, जगदीश शर्मा को महासचिव, उमा नंद पांडे को कोषाध्यक्ष व सतनाम खागटा को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। कुशाल नेगी को मुख्य सलाहकार, वीरेंद्र वर्मा, हरीश सांजटा, बिंदर सामरा व मनोज को सलाहकार नियुक्त किया गया।(अनंत ज्ञान)

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अढाल टीम विजेता



**दशमी रावत, रोहडू।** ग्राम पंचायत अढाल के अंतर्गत बटाड़ी गांव में आयोजित पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई है। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ठेकेदार लक्की ठाकुर, हरीष गोल्डी, पूर्व प्रधान बीशन लाल शामिल रहे। महासु नवयुवक मंडल बटाड़ी के प्रधान प्रेम देव शर्मा ने अपने साथियों सहित मुख्यातिथि व मंच पर मौजूद सभी गणमान्य लोंगों को पहाड़ी टोपी व मफलर पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्यातिथि ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

प्रधान महासु नवयुवक मंडल बटाड़ी प्रेम देव शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समस्त ग्राम वासियों का पूरा सहयोग रहा है। अढाल ने अपने नाम की ट्रॉफी प्रेम देव शर्मा ने कहा कि शारीरिक शिक्षक जवाहर शर्मा के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच अढाल व बिजोरी के मध्य खेला गया, जिसमें अढाल ने रोमांचक मुकाबले में बिजोरी को हराते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं महिलाओं के लिए आयोजित रसाकस्सी प्रतियोगिता में डिसवानी (टिक्कर) की टीम विजेता व डमडाडी उपविजेता रही। (अनंत ज्ञान)

# आईजीएमसी में सर्वर ठप

## अढ़ाई घंटे परेशान रहे मरीज, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में सोमवार को सुबह 9.30 बजे पर सर्वर ठप्प रहा। ऐसे में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह ही पर्ची बनाने के लिए मरीजों की लंबी लाइनें देखने को मिली। सवाल तो यह है की इस दौरान आईजीएमसी प्रशासन की नीद खुलती नजर नहीं आई। अढ़ाई घंटे बाद पर्ची बनाने का काम शुरू हुआ।

आईजीएमसी में कोने-कोने से मरीज अपना उपचार करवाने के लिए आते है और डाक्टर मरीजों को खाली पेट टैस्ट करवाने के लिए कहते है, जिसके चलते मरीज भूखे प्यासे ही पर्ची बनाने के इंतजार में कतारों में खड़े रहे।

खासतौर पर दूरदराज से आए लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी, क्योंकि वह सुबह जांच करवाने के बाद अपने गंतव्यों की ओर रूख करना चाहते थे, लेकिन पर्ची बनने में हुई देरी के कारण उन्हें यही शिमला में ही रूकने के लिए लाचार होना पड़ा है। अस्पताल में प्रतिदिन 3200 से 3500 मरीजों की ओपीडी होती है और यहां करीब 1000 मरीज अस्पताल में उपचाराधीन होते है। हालांकि इस अस्पताल में प्रदेशभर से मरीज अपना उपचार करवाने को आते है, लेकिन जिला शिमला के अलावा सोलन, मंडी, किन्नौर, बिलासपुर, सिरमौर आदि से मरीज आईजीएमसी का अधिक रूख करते है। लोग यहां पर सुबह ही पहुंच जाते है, ताकि उनकी पर्ची समय पर बन सके और उनका नंबर पहले आ सके, लेकिन सोमवार को आए मरीजों को ढाई घंटे के लिए कतारों में खड़ा होना पड़ा और जब पर्ची बनी, तब जाकर उनका उपचार शुरू हुआ, लेकिन भूखे प्यासे मरीजों को टैस्ट आदि प्रक्रियाओं से गुजरने के लिए पूरा दिन लग गया। (अनंत ज्ञान)



आईजीएमसी के पर्ची काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़।

### सर्वर डाउन की वजह से आई दिक्कत: डॉ. अमन

**आईजीएमसी** के डिप्टी एमएस डॉ.अमन मधाइक ने कहा कि कैजुअल्टी के साथ पुराने भवन परिसर में पर्ची काउंटर पर सर्वर डाउन होने की वजह से दिक्कत आई है, जबकि नई ओपीडी में पर्ची आदि सुचारू रूप से बनाई गई है। अस्पताल में ओपीडी 9.30 बजे शुरू होती है और मरीजों को थोड़ी दिक्कत अवश्य हुई, लेकिन सभी का उपचार किया गया। आईजीएमसी में मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जा रही है।

# सब्जियों के दामों ने छुआ आसमान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

इन दिनों सब्जियों के दामों ने आसमान छू लिया है। जिसके चलते गृहणियों के कीचन का बजट गड़बड़ा गया है। आजकल मटर के दाम 160 रुपए प्रतिकिलो चले हुए है। हिमाचल के मटर की बाहरी राज्यों में खूब मांग है, जिसके चलते यहां का मटर बाहरी राज्यों की ओर अधिक जा रहा है, जिससे इनके दामों में खासा उछाल आया हुआ है। इसके अलावा शिमला मिर्च और फ्रांसबीन के दाम भी 80 रुपए प्रतिकिलो की दर से चले हुए है।

प्याज भी लोगों को रूलाने लगा हुआ है और इसके दाम 50 रुपए प्रतिकिलो की दर से चले हुए है। आलू 35 रुपए तो टमाटर के दाम 40 रुपए प्रतिकिलो की दर पर बने हुए है। लोगों को अभी बरसात में दामों का बोझ सहना पड़ेगा।(अनंत ज्ञान)



### बरसात तक ऐसे ही रहेंगे सब्जियों के दाम



**सब्जी** मंडी शिमला के प्रधान विशेषर नाथ ने कहा कि मानसून सीजन से पहले भीष्ण गर्मियों से सब्जियों की फसलें सूख गई थी और अब बरसात का मौसम आ गया है और सब्जियों के दामों में अभी कोई राहत नहीं मिलेगी। बरसात के बाद इनके दाम नरम पड़ेंगे।

### जानिए सब्जियों के दाम

राजधानी शिमला में अन्य सब्जियों के दामों में फूलगोभी 80, कटहल 80, गाजर 50, भिंडी 40, बैंगन 40, करेला 40, जुगनी कद्दू 40, घीया 40, पत्तागोभी 40, खीरा 30, कद्दू 30, पालक 60, पहाडी आलू 40 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहे है। अदरक 280, पहाड़ी लहसुन 280, लहसुन 240, नींबू 160 रुपए, हरी मिर्च 100, धनिया 300 रुपए प्रतिकिलो, जबकि मशरूम 20 रुपए पैकिट बिक रहा है। इसके अलावा सब्जी मंडी में सब्जियों के अलावा फलों की भी खूब खरीद होती है। यहां रॉयल सेब 200, शकरपारा 200, पपीता 80, लीची 200, खरबूजा 60, प्लम 100 रुपए, नाशपाती 120 रुपए प्रतिकिलो बिक रहे है।

# पेंशनर्स ने जेसीसी गठन की उठाई मांग

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक शिमला के कालीबाड़ी हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश भर के पेंशनर मौजूद रहे। जिसमें पेंशनर्स ने लंबे समय से लंबित पड़ी मागों पर मंथन किया।पेंशनर्स ने लंबे समय से लंबित पड़े ड्यूज और जेसीसी गठन की मांग पर विचार कर इसे सरकार के समक्ष रखने का प्रस्ताव रखा।

हिमाचल प्रदेश पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्मा राम ने कहा कि पेंशनरों की काफी समय से मांगें लंबित हैं। वहीं आत्माराम शर्मा ने कहा कि जल्द जेसीसी का गठन कर बैठक बुलाई जाए जिससे सरकार के समक्ष वह अपनी मांगों पर बात कर सकें।उन्होंने कहा कि सरकार को डिमांड चार्टर भेज दिया गया गया है। वहीं आत्माराम शर्मा ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों पर जल्द गौर नही किया गया तो वह सड़कों पर उतरने व धरना प्रदर्शन से भी पीछे नही हटेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सुन्नी में अध्यापक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**महेन्द्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल शिक्षा समिति के सौजनय से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश में सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यापक वर्ग के 30 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में हुआ । कार्यक्रम में हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांत अध्यक्ष मोहन सिंह केस्टा बतौर मुख्यवक्ता उपस्थित हुए।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण वर्ग एक प्रशिक्षण ही नहीं एक साधना है । इस अवसर पर प्रांत के प्रचार संयोजक देवी सिंह वर्मा ने बताया कि 30 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में अध्यापकों को विद्या भारती की रीति नीति, भारतीय जीवन रचना, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शिक्षा के उद्देश्य से परिचित कराया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



शिविर के मौके पर मंच पर मौजूद मुख्याथिति ।

# इतिहास व संस्कृति को सहेजने में जुटा शोध संस्थान

**रविन्द्र जस्टा, शिमला**

ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान देरी हमीरपुर द्वारा हिमाचल प्रदेश के इतिहास सांस्कृतिक विरासत और गांव के इतिहास के लेखन एवं प्रशासन में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष डा. ओम प्रकाश द्वारा संपादित 'हिमाचल प्रदेश की लोक गाथाओं में इतिहास प्रसंग' डॉ. कर्म सिंह एवं बारू राम ठाकुर द्वारा संपादित 'हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर' और डॉ. कृष्ण मोहन पांडेय द्वारा संपादित 'पश्चिमी हिमालय में ऋषि परंपरा' तथा डॉ. अंकुश भारद्वाज द्वारा संपादित दो पुस्तकें 'हिमाचल प्रदेश के गांव का इतिहास' प्रकाशित की गई हैं। गांव का इतिहास पुस्तक के दोनों खंडों में 12 गांव का इतिहास शामिल है। ये शोधपूर्ण आलेख विद्वान लेखक डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ विवेक शर्मा, डॉ रोशनी देवी, राजेंद्र शर्मा, डॉ सूरत ठाकुर, महेंद्र सिंह, मेहर चंद, दामोदर, बरूराम ठाकुर, डॉ. ओम दत्त सरोच, राजेश्वर कारयप्पा तथा डॉ. शिव भारद्वाज द्वारा प्रामाणिक साक्ष्यों के आधार पर लिखे गए हैं।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में कार्यरत प्रोफेसर अंकुश भारद्वाज द्वारा संपादित गांव का इतिहास के प्रत्येक खंड में छह गांव का इतिहास लोक संस्कृति जनजीवन मेल पर्व त्यौहार इत्यादि विभिन्न विषयों का प्रामाणिक वर्णन है। समारोह के दौरान 'गांव का इतिहास' पुस्तक की समीक्षा करते हुए प्रोफेसर ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इसके महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। वहीं ऐतिहासिक गेयटी थिएटर के सभागार में ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी हमीरपुर द्वारा हिमाचल प्रदेश के गांव का इतिहास पुस्तक दो खंडों में प्रकाशित पुस्तकों का लोकार्पण संपन्न हुआ। वहीं सेवी राजकुमार वर्मा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शोध संस्थान नेरी द्वारा अपनी स्थापना के बहुत कम वर्षों में साहित्य के विभिन्न विषयों पर आधारित सेमिनार, कार्यशालाएं परिचर्चाएं आयोजित की गई हैं और इन कार्यक्रमों के माध्यम से जो शोधपत्र प्राप्त हुए हैं उन्हें निरंतर प्रकाशित किया जा रहा है।(अनंत ज्ञान)

# आनी की घटना पर एसएफआई ने जताई चिंता

**शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में हुए घटनाक्रम की एसएफआई राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश कड़े शब्दों में निंदा करती है। एसएफआई का मानना यह है की जो घटनाक्रम आनी विद्यालय में हुआ जिसमें पांच शिक्षकों द्वारा एक छात्र की पिटाई की गई वह काफी चिंताजनक विषय है।

एसएफआई ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों व अध्यापकों के बीच का जो संबंध है वह एक-दूसरे के प्रति विश्वासपूर्ण होना चाहिए। ऐसे में छात्रों को विश्वास नहीं है जिस वजह से उन्हें प्रदर्शन जरिए अपनी बात रखनी पड़ी। स्कूल प्रशासन को सख्त कदम उठाने के बजाय छात्रों की बातों को अनसुना कर रहे हैं।

## टैक्सी ड्राइवर हत्या मामला.... मनाली घूमने के बाद मंडी में टैक्सी चालक को मारने की बनाई थी प्लानिंग

# गला घोंटकर पहले की हत्या, फिर पत्थर से मुंह पर किया वार

**शुभम राही, बिलासपुर**



बिलासपुर और सोलन की सीमा रामशहर क्षेत्र के टैक्सी चालक की हुई हत्या मामले में पुलिस आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है।

वहीं, इस पूछताछ में यह निकलकर सामने आया है कि दो पंजाब निवासी आरोपियों ने मात्र 15 हजार रुपए नकदी चालक की जेब में देखकर उसको मौत के घाट उतारने का प्लान तैयार कर डाला। मंडी जिले में कुछ देरी के लिए गाड़ी रोकने के बाद दोनों आरोपियों ने यह प्लानिंग बनाई और बिलासपुर जिले के घाघस में गला घोंटकर उसके मुंह पर पत्थर मारकर उसे किरतपुर नहर में फेंक डाला। हालांकि बिलासपुर पुलिस की टीम ने आरोपियों को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार तो कर लिया, परंतु अभी तक भी पुलिस को नहर से शव बरामद नहीं हुआ है।

सोमवार को बिलासपुर पुलिस की टीम किरतपुर नहर के समीप सर्च अभियान में जुटी हुई है और इस सर्च अभियान में दो निजी व दो बीबीएमबी के गोताखोर नहर में शव को ढूढ रहे हैं। खबर लिखे जाने तक शव को नहर में ढूढा जा रहा था। आपको बता दें कि टैक्सी चालक हरिकृष्ण निवासी गांव डोलरु डाकघर डोली तहसील रामशहर सोलन 24 जून को पंजाब के जसकरन जोत और गुरमीत सिंह को शिमला से मनाली ले गए थे। 25 जून को वह दोनों युवकों के साथ मनाली से लौट रहे थे। रात करीब 8:20 मिनट पर हरिकृष्ण की घर पर बात हुई और बताया कि मैं बरमाणा में हूं। सवारियां बिलासपुर छोड़कर आऊंगा। कुछ देर बाद मोबाइल बंद हो गया। 26 जून को बेटे देशराज ने पिता की तलाश शुरू की। (अनंत ज्ञान)

- मात्र 15 हजार रुपए की नकदी देख टैक्सी चालक को मौत के घाट उतारने का बना प्लान
- दो निजी और दो बीबीएमबी के गोताखोर किरतपुर नहर में कर रहे तालाश

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में उन्होंने देखी टैक्सी

तलाश पर भराड़ी घाट-कयारड़ा पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में उन्होंने टैक्सी देखी। देशराज के मुताबिक उन सवारियों में से एक व्यक्ति टैक्सी चलाकर लाया और दूसरा भी साथ ही था। पिता नहीं दिखे। पिछली सीट पर कोई व्यक्ति लेटा हुआ दिखा। डीएसपी मदन धीमान के नेतृत्व में बनी जांच टीम ने शुक्रवार को टैक्सी लुधियाना से ढूंढी। उसमें खून के धब्बे भी मिले। आरोपियों को शनिवार को पंजाब से गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। उधर, बिलासपुर एसपी विवेक चहल ने बताया कि पुलिस लगातार शव को ढूढ रही है। दो निजी और दो बीबीएमबी के गोताखोर सर्च अभियान में लगे हुए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# डंगार में बारिश न होने से मक्की की फसल बीजने में हो रही देरी

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

बिलासपुर जिले में बारिश न होने से किसानों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डंगार चौक क्षेत्र की बात करें, तो यहां के किसानों का कहना है कि बारिश न होने से मक्की की फसल की बीजाई होने में परेशानी हो रही है साथ ही इस बार मक्की की फसल में भी बढ़ोतरी कम होने की आशंका किसानों ने जताई है।

किसानों में प्रकाश चंद, ईश्वर दास, हरिमन, अमरनाथ, निक्काराम, ज्ञान चंद, सुखराम आदि का कहना है कि फसल बीजने में लगभग एक महीना लेट हो गया है और किसान अपनी नकदी फसल कचालू, अदरक नहीं बीज पा रहे हैं। इस एरिया में किसान अपनी फसल, जो कि बारिश पर ही निर्भर करती है, लेकिन बारिश न होने से काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। ग्रामीणों ने सरकार से मांग उठाई है कि सरकार उचित सब्सिडी खाद उपलब्ध करवाएं। (अनंत ज्ञान)



सूखा पड़ा क्षेत्र।

# मंडल जल्द सुपरवाइजर करेगा तैनात : उपाध्याय

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक सोमवार को मंडल के अध्यक्ष मोहिंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में बागवान भवन माहिली में संपन्न हुई।

बैठक में फल सीजन के ऊपर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि फल सीजन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त फलों के वाहनों की देखरेख के लिए मंडल शीघ्र ही सुपरवाईजर तैनात करेगा। बैठक में क्षेत्र की संपर्क सड़कों की मरम्मत की मांग कार्यकारिणी सदस्यों ने उठाई। सदस्यों ने अपने क्षेत्र में पंचायत, वन विभाग और लोक निर्माण के अधीन आने वाली मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी बैठक में दी। मंडल प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सदस्यों की ओर से खराब सड़कों की सूची विभाग को भेजी जाएगी, ताकि विभाग समय रहते सड़कों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर सके। बैठक में मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय, उपप्रधान नरेंद्र शर्मा, महासचिव राजीव ठाकुर, कोषाध्यक्ष लाल चंद ठाकुर, सदस्य प्रेम सिंह, भोला राम, तारा, घनश्याम कपूर, दिनेश सेन, तुनिल कुमार, बली राम आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



# पहाड़ों की कटाई व अनधिकृत कटाई खनन पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मानसून सीजन के दौरान अनियमित पहाड़ी कटाई और अनियोजित निर्माण कार्यों पर कड़े कदम उठाना अनिवार्य हैं, ताकि जान-माल के मामले में नुकसान न हो।

भूस्खलन, चट्टानों के गिरने और उससे होने वाले बड़े पैमाने पर नुकसान की विभिन्न घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आबिद हुसैन सादिक, जिला मजिस्ट्रेट सह अध्यक्ष डीडीएमए, बिलासपुर ने धारा 33 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए और आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा 34 के तहत आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में अनियमित पहाड़ी कटाई, अनियोजित निर्माण कार्य और घरों, सड़कों, पुलों से सटे अनधिकृत कटाई खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। इस अवधि के दौरान यदि कोई इसमें संलिप्त पाया गया तो वह व्यक्ति फर्म कानूनी प्रावधानों या दंड के लिए उत्तरदायी होगा। उन्होंने तत्काल प्रभाव से इन आदेशों को लागू करने के आदेश दिए, जो 15 सितंबर तक लागू रहेगा।

# बोरवैल का पूजन कर बांटा दलिया का प्रसाद

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल की कसारु पंचायत के गांव बद्धाघाट में ग्रामीणों ने पानी की किल्लत को दूर करने के लिए पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग का थैंक्स किया। इस दौरान लोगों ने सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों व सवारियों को दलिए का प्रसाद वितरित किया।

एकत्रित लोगों ने इंद्र देव व वरुण देव से बारिश की प्रार्थना भी की। कैप्टन राय सिंह, अशोक पठानिया, कपिल देव शर्मा, सुरेंद्र कौशल, प्रीतम पटियाल, प्रदीप कुमार, काकू, नंद लाल, अश्वनी शर्मा, नरोतम, अभिषेक व संजय कुमार सहित अन्य ने बताया कि गांव में पहले पीने के पानी की काफी किल्लत रहती थी। लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते थे। लोगों का सारा दिन पानी लाने में ही व्यतीत हो जाता था। गर्मी के मौसम में प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख जाते थे, जिस कारण लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ता था। मजबूरी वश लोगों को टैकरों के माध्यम से पानी खरीदकर लाना पड़ता था। साल 2018 में गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक राजेंद्र गर्ग के समक्ष पीने के पानी की समस्या रखी। विधायक ने आईपीएच विभाग को आदेश देकर गांव में बड़ा बोरवैल लगाया, जिससे गांव के लोगों की पानी की दिक्कत दूर हो गई। आज इस बोरवैल के पानी से करीब 200 कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे गांव की आधे से अधिक आबादी की इस बोरवैल के पानी से किल्लत दूर हो गई है। बद्धाघाट गांव के लोग 2018 से लेकर लगातार हर साल बोरवैल की खुशी में दलिया का प्रसाद वितरित करते हैं। (अनंत ज्ञान)



लोग सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को दलिए का प्रसाद वितरित करते हुए।

**ज्ञापन** डीसी को ज्ञापन सौंपा, कहा-पंचायत को प्रताड़ित नहीं, बल्कि परिवार सदस्य की तरह रखा

# पंचायत प्रधान और सचिव पर लगाए आरोप सभी झूठे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बैरी रजादियां पंचायत की प्रधान नीशा कुमारी, सचिव अरूण कुमार सहित दर्जनों पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्रित होकर डीसी से मुलाकात की।

उन्होंने डीसी से मुलाकात कर ज्ञापन प्रेषित किया और कहा कि उनके ऊपर पंचायत चौकीदार को मानसिक रूप से परेशान करके आत्महत्या करने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से झूठ हैं। सोमवार को नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए पंचायत प्रधान नीना कुमारी, सचिव अरूण कुमार सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके पंचायत चौकीदार प्रकाश चंद की मौत का उनको दुख है, लेकिन उन्होंने कहा कि उनके परिवार द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह गलत हैं। अभी हाल ही में मृतक चौकीदार के परिजनों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उनके पिता को प्रताड़ित किया जाता था, तब उन्होंने यह कदम उठाया है। इस बात का उन्होंने पूरी तरह से खंडन किया है और कहा कि पंचायत चौकीदार उनके परिवार के सदस्य की तरह था।

उन्होंने यह भी साफ किया है कि पंचायत चौकीदार काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था और उनका ईलाज हमीरपुर के एक मनोवैज्ञानिक के पास चला हुआ था, जिनका बतौर प्रमाण उनके बेटे ने पंचायत को दिया है। पंचायत प्रधान ने कहा कि उनके परिवार द्वारा पंचायत चौकीदार के साथ काफी समय पहले मारपीट भी की थी, जिसकी शिकायत लेकर व पंचायत के पास भी आया था।

ऐसे में पंचायत ने उस सारे मामले को बैठकर सुलझाया था। पंचायत सचिव अरूण ने आरोप लगाए हैं कि जब पंचायत चौकीदार ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया, तो जिला अस्पताल में चौकीदार द्वारा अपने ही परिवार के ऊपर आरोप लगा रहा था, जिसके बाद परिवार वालों ने डरते हुए झूठे बयान पुलिस में दर्ज करवा दिए और पंचायत और पंचायत प्रतिनिधियों को बदनाम करने के लिए आज यह हरकतों पर उतर आए हैं। पंचायत प्रधान, सचिव सहित अन्य प्रतिनिधियों ने प्रेसवार्ता करते हुए चेतावनी दी है कि अगर इसी तरह से वह पंचायत पर आरोप लगाते आए, तो वह सही नहीं रहेगा। अगर उनको आपति है, तो इस मामले पर गंभीरता से जांच करवाएं, पंचायत उनका पूरा सहयोग करेगी, लेकिन गलत आरोप लगाकर पंचायत व अन्य लोगों को बदनाम न किया जाए।



पंचायत प्रधान, सचिव व अन्य प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ।

# डॉ. राकेश दिल्ली विश्वविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर नियुक्त

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के झंडूता विस क्षेत्र के बेहना ब्राह्मणा गांव से संबंध रखने वाले डॉ. राकेश चंदेल दिल्ली विश्वविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर नियुक्त हुए हैं।



2011 सत्र से बिलासपुर कॉलेज के प्रबंधन विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर सेवाएं देने के बाद अब देशभर में पढ़ाएंगे। हिमाचल प्रदेश में मात्र एक ही प्रोफेसर की नियुक्ति हुई है। डॉ. राकेश चंदेल का दिल्ली विश्वविद्यालय में सिलेक्शन होने से न केवल उन्होंने अपने कॉलेज का नाम रोशन किया, बल्कि बिलासपुर जिले का भी नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि डॉ. राकेश झंडूता के बेहना ब्राह्मणा गांव से संबंध रखते हैं। परिवार में माता-पिता और पत्नी, दो बच्चे हैं। उनके पिता हिमाचल पुलिस से अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, वहीं माता गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी जमा दो तक पढ़ाई झंडूता स्कूल से पूरी की है। उसके बाद उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई बिलासपुर कॉलेज से कला अर्थशास्त्र विषय में की है। उसके बाद उच्च शिक्षा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एमबीए और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी प्रबंधन विषय में डिग्री प्राप्त की है। यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा प्रबंधन विषय में पास की है। 2011 से बिलासपुर कॉलेज में प्रबंधन विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर रहकर अपनी सेवाएं देना शुरू किया था। इसी के साथ उनका कॉलेज में सभी स्टाफ के एक बेहतर रिश्ता मायम भी रखा है। वहीं, उनकी इस सफलता के चलते बिलासपुर कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कटवाल व अन्य कॉलेज स्टाफ ने उनको बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवीं में विवाहिता ने लगाया फंदा, मौत

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत पडयालग पंचायत के मरयाणी गांव में विवाहिता ने पंखे से लटक कर जान दे दी। विवाहिता ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं चल पाया है। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर जांच शुरू कर दी है। जिस समय विवाहिता ने फंदा लगाया उस समय परिवार का कोई सदस्य घर में मौजूद नहीं था। मृतका 20 वर्षीय उषा देवी के माता पिता मूल रूप से पश्चिम बंगाल के हैं। पिछले काफी समय से वह बधाघाट में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। उषा देवी की शादी सात माह पहले मरयाणी गांव के अभिषेक से हुई थी। मृतका का पति बद्दी में कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)

### प्रकृति को संजोए रखना जिम्मेदारी : डॉ. सिकंदर



पौधरोपण करते राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में शुरू किया 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत भाजपा ने महादेव गौशाला नालागढ़ विधानसभा में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के 26 पौधे लगाए गए। सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि हमारे जीवन में रिश्तों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। वैसे तो सभी रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण होते है, लेकिन मां का रिश्ता बहुत ही निस्वार्थ होता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देश के लोगों से आह्वान किया था कि एक पेड़ मां के नाम लगाए। उसी कड़ी के तहत आज इस कार्यक्रम में 26 लोगों ने अपनी मां के नाम पौधे लगाए। इस मौके पर पुरुषोत्तम गुलेरिया, सुदीप महाजन, जितेंद्र राणा, संदीप चौधरी, विधि चंद राणा, नरेश जैक्सी,गौशाला के प्रधान दौलत राम (भोली प्रधान)मानसिंह ठाकुर,ओमकार चौधरी,रामकरण चौधरी,अजय शर्मा,कश्मीरी शर्मा, ईश्वर चंदेल,बलबीर ठाकुर,मनोहर,राकेश कुमार,देव राज, सरवन, चंदन, कृष्ण, राजेश, जोगिंद्र, हरदयाल सिंह गोगी, बलवीर सिंह बिडीसी, निक्का राम, सुखराम, बीरु राम, सूरत राम मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### उपचुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी : नरेश

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। प्रदेश में बहुमत की सरकार को गिराने का षड्यंत्र भाजपा ने रचा। जिसका जवाब अब हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ की जनता देगी। यह बात कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं सीएम के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पहली बार ऐसा हुआ कि बहुमत की सरकार को गिराने का प्रयास किया गया। इस तरह कि धनबल की राजनीति को हिमाचल की जनता स्वीकार नहीं करती है। 6 उपचुनाव में जनता ने इसका जवाब दे दिया है।

### नए कानून के तहत शिमला में मामला दर्ज

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** नए कानून के तहत शिमला के ढली थाना में मामला दर्ज हुआ है। ढली पुलिस ने तड़के सुबह अवैध रूप से लकड़ी ले जा रही गाड़ी को पकड़ा। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत 303 (2) में केस रजिस्टर कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुराने कानून के तहत इसमें आईपीसी की 379 लगनी थी। बता दें कि 1 जुलाई से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। नए नियमों में पुलिस को किसी भी रेड और जब्ती के मामले में वीडियो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य कर दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना थाने में जाए ई-एफआईआर करवा सकेंगे। गौरतलब है कि भारतीय दंड संहिता में जहां 511 धाराएं थीं। अब 1 जुलाई से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता में महज 358 ही धाराएं हैं। (अनंत ज्ञान)

# केएल ठाकुर ने स्वार्थ के लिए जनता के जनादेश को ठुकराया : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा के उपचुनाव का प्रचार करने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नालागढ़ दौरे पर पहुंचे। सीएम सुक्खू ने किरपालपुर समेत चार अलग-अलग जगह जनसभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस के तीनों प्रत्याशियों की जीत होगी और कांग्रेस सरकार की संख्या 41 हो जाएगी। सुखविंद्र सुक्खू ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा से प्रत्याशी केएल ठाकुर पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने केएल को पांच साल जनता की सेवा के लिए भेजा था, लेकिन डेढ़ वर्ष में सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए जनता के जनादेश को ठुकराया और अब फिर से विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ रहे है। सीएम ने कहा कि केएल ठाकुर के बोलने पर एरिया का भरपूर विकास किया था, लेकिन फिर भी कांग्रेस सरकार गिराने के लिए भाजपा के साथ साजिश रची।

इस बार नालागढ़ की जनता केएल ठाकुर को हराने के लिए तैयार बैठी है और कांग्रेस से प्रत्याशी हरदीप बावा को जीताकर भेजेंगे। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और पूरे साढ़े तीन साल चलेगी इसलिए सिर्फविधायक के रूप में हरदीप बावा को जिताना होगा और फिर विकास की कोई कमी नहीं रखेंगे।



मुख्यमंत्री की अगुवाई में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होते कार्यकर्ता।

### आचार संहिता हटते ही जारी होंगे 1500 रुपए

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि नालागढ़ की 50 के करीब महिलाओं को 1500 रुपए मिल चुके थे क्योंकि उसके बाद फिर से आचार संहिता लगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के हटते ही जिन महिलाओं ने फार्म भरा है उसकी छंटनी के बाद तीन माह की किश्त जारी होगी।

### आपकी सेवा में रहूंगा : बावा

**कांग्रेस** से प्रत्याशी हरदीप बावा ने कहा कि बिकाऊ केएल ठाकुर की सभाओं में लोग तक नहीं पहुंच रहे है और जगह-जगह लोग पूछ रहे है कि आखिर किस लिए इस्तीफा दिया। बावा ने कहा कि लोग जान चुके है कि केएल ठाकुर ने सिर्फ अपने फायदे के लिए इस्तीफा दिया था और अब लोग केएल को हराकर कांग्रेस को जिताने के लिए तैयार बैठी है। बावा ने सिर्फ के मौका दें आपकी सेवा में हर समय तैयार रहूंगा।

## चुनाव निगरानी टीम ने पकड़ा एक लाख से अधिक कैश



**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर सकरी चैक पोस्ट पर फ्लाइंग स्क्वाड की एक टीम ने एक गाड़ी से 1 लाख 37 हजार 220 रुपए कैश बरामद किया है। गाड़ी पंजाब के नंबर की है और मामले में आगे तफ्तीश जारी है।

इस संबंधी जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा के सकरी चैक पोस्ट पर फ्लाइंग स्क्वाड टीम-2 के इंचार्ज अनिल वर्मा, एएसआई राम चंद और उनके दल ने गाड़ियों की जांच के दौरान यह कैश पकड़ा।

शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा विधानसभा क्षत्र में उपचुनावों को देखते हुए निगरानी दलों द्वारा जगह-जगह नाके लगा कर गाड़ियों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है।

क्षेत्र में निगरानी दल पूरी मुस्तैदी से अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी दलों में तैनात कर्मचारियों को गाड़ियों के दस्तावेज जांचने के साथ पूरी सतर्कता से काम करने तथा हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुक्खू सरकार फ्री बिजली बंद करने की तैयारी में : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश के लोगों को मिल रही फ्री बिजली को बंद करने की तैयारी कर रही है। पहले भी कई प्रकार के जतन किए गए जो कामयाब नहीं हो पाए लेकिन अब सरकार आयकर के दायरे में आने वाले लोगो से यह सुविधा वापस लेने की तैयारी कर चुकी है।

बहुत ही जल्दी ये मुद्दा कैबिनेट में भी आने वाला है। हिमाचल में सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने तरह तरह के झूठे वादे किये थे, झूठी गारंटियां दी थी। जिसमें एक गारंटी यह भी थी की प्रदेश वासियों को बिना किसी शर्त के 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। सरकार को बने डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया लेकिन इस गारंटी पर मुख्यमंत्री द्वारा एक बार भी बात नहीं की गई। उल्टा बिजली पानी के दाम बढ़ाए गए।

सरकार ने कई बार तकनीकी रूप से हमारी सरकार द्वारा शुरू किए गए 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को बंद करने, लाभार्थियों की संख्या कम करने के प्रयास किये। जिसका भाजपा द्वारा कड़ा विरोध किया गया और सरकार अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाई। लेकिन अब सुक्खू सरकार एक नया पैंतरा आजमाना चाह रही है जिसका भारतीय जनता पार्टी जमकर विरोध करेगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश में मित्रों की सरकार चल रही है जिसका लक्ष्य सिर्फ मित्रों को लाभ पहुंचाना है। प्रदेश के लोगो की सुख सुविधाओं से सरकार को कोई लेना देना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## आशीष शर्मा के लिए वोट मांगेंगे ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सैंज।** बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुल्लू जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक ओम प्रकाश ठाकुर हमीरपुर में हो रहे उपचुनाव में चुनावी ड्यूटी देंगे। भाजपा ने उनकी वरिष्ठता को देखते हुए हमीरपुर में डोर-टू-डोर कैंपेन हेतु ड्यूटी लगाई है। सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता हमीरपुर विधानसभा के लिए रवाना हो गए हैं जहां वे भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को वोट मांगेंगे।

ओम प्रकाशभाजपा के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। भाजपा नेता ने जोगिंदर नगर, भरमौर, करसोग, कुसुम्पटी आदि विधानसभा क्षेत्र में जहां अल्पकालीन विस्तारक के रूप में कार्य किया, वहीं कई मंडलों में चुनाव प्रभारी भी रहे हैं। ओम प्रकाश ठाकुर ने भाजपा हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह बखूबी निभाएंगे।

## पूर्व विधायक को जनता से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए : पुष्पेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने क्षेत्र की डुगली एवं लंबलू पंचायतों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में कहा कि पूर्व विधायक आशीष शर्मा को इस बार जनता से वोट नहीं, बल्कि माफी मांगनी चाहिए। निर्दलीय ने हमीरपुर की जनता के विश्वास को तोड़ा है। उन्होंने अपने सवार्थ के चलते जनता के आशीर्वाद को ठुकरा दिया।

डॉ. पुष्पेंद्र ने कहा कि जब वर्ष 2022 में बतौर आजाद चुनाव लड़ा था तो कहा था कि वे जनता की मांग पर चुनाव लड़ रहे है, अब वे बताए कि क्या त्यागपत्र भी जनता की मांग पर ही दिया है।

उन्होंने कहा कि जो हमीरपुर की जनता के नहीं हुए, वो भाजपा के क्या होंगे। डॉ. वर्मा ने कहा कि ये बात अब किसी से छुपी नहीं है कि पूर्व विधायक हमीरपुर की जनता के कोई काम लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के पास नहीं गए, वे मात्र अपने अवैध धंधों को बढ़ाने मात्र मुख्यमंत्री के दरवाजे खटखटाते रहे, लेकिन मुख्यमंत्री ने ऐसा न कर हमीरपुर के विकास को प्राथमिकता दी।



इसी वजह से पूर्व विधायक निराश हो गए और जिले के मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत पर उतर आए। उन्होंने कहा कि ये और इनके राजनितिक आका हमेशा जिला से होने वाले मुख्यमंत्रियों के खिलाफ साजिश ही रचते आए है। इनके राजनितिक आका को हाल ही में हुए सुजानपुर के उपचुनाव में जनता ने सबक सिखाकर घर बैठा दिया है। अब इनकी बारी का इंतजार हमीरपुर की जनता कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के चुनावों में जिला से मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को हरवाने में इन दोनों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब जब जिला से सुखविंद्र सिंह के रूप में जिला को मुख्यमंत्री मिला है, तो ये लोग फिर मुख्यमंत्री के खिलाफ साजिश रचने लग पड़े। उन्होंने कहा कि इस बार इन्हें मुंह की खाने पड़ी है और जनता भी इनके मंसूबों को समझ चुकी है, यही वजह है कि एक को जनता ने सबक सीखा दिया है, अब दूसरे की बारी है। (अनंत ज्ञान)

## गारंटियों और जुमलों की बरसात करने वाले सीएम के राज में प्रदेश सूखा : होशियार

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखे हमले बोले हैं। उन्होंने कहा कि गरजने वाले बादल बरसते नहीं और यह बात मुख्यमंत्री पर फिट बैठती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जितना बोलते हैं, प्रचारित करते हैं, यदि उतना कार्य करते तो आज उनके छह विधायक सरकार के साथ होते, दूसरे दल में शामिल नहीं होते। बड़ी-बड़ी बातें करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू के लिए यह शर्म की बात है।

होशियार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू कहते हैं कि उनके जैसा राजनीतिज्ञ आज तक पैदा नहीं हुआ और वह ईमानदार और निष्पक्ष हैं। ऐसे में मेरे चंद प्रश्न मुख्यमंत्री के मुंह से ईमानदारी का मुखौटा उतार देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुमलों की बरसात तो मुख्यमंत्री ने कर दी, पर अपने घर को झांकना भूल गए। यदि उन्होंने कार्य किया होता तो लोकसभा चुनावों में नादौन से कांग्रेस के प्रत्याशी को लीड मिलती, परंतु प्रदेश में भी 68 विधानसभा क्षेत्रों 61 में भाजपा को लीड मिली है।

होशियार सिंह ने कहा कि अगर उन्होंने देहरा के लिए कुछ किया होता तो जनता के बीच साझा करें, हम भी धन्यवाद करेंगे, जबकि असली बात तो यह है कि उन्होंने अपने मित्रों और परिवार के अलावा कुछ नहीं किया। यदि मुख्यमंत्री ने कोई कार्य किए होते तो वह अपनी पूरी सरकार को लेकर देहरा में डेरा नहीं डालते। मेरी सभाओं में शामिल होने वाले लोगों का तबादला नहीं करते।



नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह।

भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि जहां देश में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अपने पुत्र मोह में अंधा हुआ है, वहीं हिमाचल में सीएम सुक्खू अपनी पत्नी के मोह में इतने अंधे हो गए कि कांग्रेस के लोगों के जीवन भर की तपस्या को अनदेखा कर दिया। लगता है कि यही सुक्खू का व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र नादौन का सूखा मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी को दिखाई नहीं देता। जहां घर के बाहर 4-4 घंटे खड़े होने के बाद लोगों को सीएम के दर्शन जनता को नहीं होते। गारंटियों और जुमलों की बरसात करने वाले सीएम के राज में प्रदेश सूखा है।

होशियार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी पत्नी बातों के धनी हैं। कमलेश कहती हैं की सचिवालय जाने की भी जरूरत नहीं, घर में ही काम करवा लूंगी। ऐसे में वह उनसे पूछना चाहते हैं कि यदि घर में ही राजनीति करनी है तो यह लोकतान्त्रिक व्यवस्था क्यों ?(अनंत ज्ञान)

## व्हाट्सऐप पर लिंक भेजकर शातिरों ने खाते से उड़ाए 50 हजार

**एसके शर्मा, जाहू।** आनलाइन ठगी के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। ऐसा ही मामला जाहू के पीएनबी के ग्राहक के साथ हुआ है। भोरंज उपमंडल के एक व्यक्ति को व्हाट्सऐप पर केवाइसी लिंक भेजने पर 50 हजार रुपए की चपत लगने का मामला सामने आया है।

लिंक भेजने के बाद व्यक्ति को इस पर क्लिक करने को कहा और इसमें अपना आधार व अन्य खाते व एटीएम से संबंधित जानकारी डालने को कहा गया। जैसे ही व्यक्ति के द्वारा अपनी खाते व एटीएम की जानकारी साझा की तो एक दम 50 हजार रुपए खाते से निकलने का मोबाइल पर मैसज आ गया। उसके बाद व्यक्ति के द्वारा इसकी सूचना बैंक को दी।

व्यक्ति ने बैंक में जाकर अपने खाते व एटीएम ब्लॉक करवाया। जाहू पीएनबी शाखा प्रबंधक प्रशात कुमार ने बताया कि ग्राहक के व्हाट्सऐप पर ठगों द्वारा लिंक भेजकर उसमें अपनी खाता, एटीएम व आधार की डिटेल डालने की बात कही। उसके बाद व्यक्ति के द्वारा डिटेल डालने के बाद 50 हजार रुपए खाते से निकाल लिए गए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी भेजे गए लिंक पर खाते व एटीएम की जानकारी शेयर न करें। (अनंत ज्ञान)

## विरोधियों को राजनीति में मेरी मौजूदगी नहीं पच रही : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस प्रत्याशी झूठ के पायदान पर सवार होकर बेवजह के आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि मैंने अपना कारोबार छोड़कर इस युवावस्था में समाज सेवा को समर्पित किया हुआ है, लेकिन कांग्रेस को यह स्थिति अच्छी नहीं लग रही। एक सामान्य परिवार से निकलकर राजनीति में आने की मेरी मंशा केवल जन सेवा है।

आशीष शर्मा सोमवार को ग्राम केंद्र गुलेला और उखली के गावों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के उद्देश्य से मैं राजनीति में उतरा और लोगों ने भरपूर समर्थन व मत देकर विधायक बनाया। लोगों के कामों को करवाने के लिए सरकार को समर्थन दिया, लेकिन यह सरकार चुने हुए विधायकों को दरकिनार कर महज मित्रों को खुश करने में लगी रही। परिणामस्वरूप जनता के हितों के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया और राज्यसभा में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया ताकि कांग्रेस की सरकार टूट जाए।



जनसभा को संबोधित करते भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा।

अब यह लड़ाई हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के मान सम्मान की है। पहले निर्दलीय था, अब भाजपा का पूरा परिवार ढाल की तरह मेरे साथ खड़ा है। वर्तमान सरकार के साथ मूकदर्शक बन बने रहने से बेहतर विपक्ष में जाकर आवाज उठाना उचित समझा। इसलिए इस्तीफा देकर भाजपा से चुनाव लड़ रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में सुक्खू सरकार का शासन हिटलर के जैसा : काजल

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/देहरा**

देहरा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा सह-संजोयक व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल ने मंख्यमंत्री सुक्खू की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार का शासन उसी प्रकार से है जैसा की हिटलर के समय का था।

सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नौ विधानसभाओं में हुए पहले उनचुनावों में सुक्खू सरकार ने पुलिस बल के द्वारा लोगों को डराने का काम किया।

धर्मशाला को सुक्खू ने छावनी में तब्दील कर दिया था। सुधीर शर्मा के घर की और आने जाने वाले रास्तों तें पुलिस के नाके लगवा दिया गए थे। रात को पुलिस की फोज गस्त कर लोगों के दिलों में दहशत फलाने में उतारु थी, मगर सुक्खू जनता की आवाज को दबा नही सके। पवन काजल ने कहा कि औरों को डर दिखाकर शासन करने वाली सुक्खू टोली खुद खौफजदा होती नजर आएगी। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस और भाजपा ने नहीं समझा विस्थापितों का दर्द : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान, देहरा**



कांगड़ा जिला के पौंग बांध विस्थापितों को अपनी भूमि से उजड़े हुए 55 वर्ष हो गए, लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकारों की अनदेखी के कारण बांध विस्थापितों की चौथी पीढ़ी आजतक खानाबदोशों की तरह जिंदगी गुजारने को मजबूर है। पौंग बांध के आसपास के लगभग आधा दर्जन विधानसभा क्षेत्र निवासी षड्यंत्रकारी राजनीतिज्ञों की झूठी दिलासा एवं नौकरशाही की विध्वंसक कार्यप्रणाली से प्रताड़ित होते रहे हैं।

देहरा से आजाद उम्मीदवार संजय शर्मा ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर एवं भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ठाकुर को खुली चुनौती दी है कि वर्तमान चुनाव एवं स्थानीय के साथ-साथ प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों पर खुली बहस करें। (अनंत ज्ञान)

**प्रेस वार्ता** — हिमाचल प्रदेश खनन, कबाड़, चिट्टा और शराब माफिया की गिरफ्त में

## बीबीएन गोलीकांड को कबाड़ माफिया का संरक्षण : बिंदल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा देवभूमि हिमाचल में क्राइम की घटनाओं ने प्रदेश को दहला दिया है। बीबीएन में बंदूक से शूटिंग की घटना ने शूटिंग प्रकरण को एक नया मोड़ दे दिया है। प्रदेश में गुंडातत्व भाईमुक्त है पूरे प्रदेश में सरकार का भय नहीं है, केवल सामान्य व्यक्ति, कर्मचारी, दुकानदारों को भय है।

बीबीएन मैं जो गोलियां चली है वह कबाड़ माफिया के संरक्षण में चली है, हिमाचल प्रदेश खनन, कबाड़, चिट्टा, शराब माफिया के गिरफ्त में है, इन सभी माफिया को कांग्रेस सरकार का संरक्षण है।

बीबीएन में 1000 लोगों के सामने मैच देखते हुए गोलियां चलना, बिलासपुर में डीसी, एसपी, न्यायलय के बाहर गोलियां चलना और प्रदेश में 1 माह में 5 से ज्यादा गोलीकांड प्रदेश के लिया खतरे की घंटी है। सवाल यह है की इन घटनाओं पर किसकी निगरानी और चौकसी है?



प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व अन्य भाजपा नेता।

उन्होंने कहा कि इस घटना में एक बात गंभीर है, बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल एवं दून के विधायक एवं सीपीएस ने डीसी और एसपी को पहले ही सूचित कर दिया था कि इन क्षेत्रों में इलीगल आर्म्स वाले लोग पाए गए है और फिर भी सूचना को लेकर प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही नहीं कि यह दिखाता है कि सरकार को का इन लोगों पर पूरा संरक्षण है।

बिंदल ने तकरीबन 20 ऐसी घटनाओं का जिक्र किया जिसमें स्थानीय लोगों, विदेशी नागरिक, टैक्सी चालक, व्यापारियों, महिलाओं की हत्या हुई। यह घटाएं 1 जून से 30 जून के बीच हुई हैं। उन्होंने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि डेढ़ साल से सरकार हाथ पैर हाथ डालकर बैठी है और हिमाचल की स्थिति भयानक एवं भयभीत हो गई है। क्या हम नालागढ़ को माफिया का अड्डा बनाना चाहते हैं? (अनंत ज्ञान)

### सरकार धक्के से चुनाव को हाईजैक करना चाहती

**उन्होंने** सरकार पर आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र हिमाचल प्रदेश जनमानस और उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है, सरकार स्वयं कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही है। सरकार ने फूड, एक्साइज, लेबर इंस्पेक्टर देहरा, नालागढ़, हमीरपुर में दहशत फैलने को लगा रखे है। चालान पर चालान हो रहे है, मुख्यमंत्री का मित्रों का टोला प्रधानों, बीडीसी सदस्यों के रिश्तेदारों की टांस्फर कर रहा है। यह सरकार धक्के से चुनाव को हाईजैक करना चाहती है। 10 जून के बाद मुख्यमंत्री के लाभार्थी दोस्त चुनाव से गायब हो जाएंगे।

## लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र ने संभाला आरट्रैक शिमला के जीओसी-इन-सी का पदभार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने सोमवार को आरट्रैक शिमला के जीओसी-इन-सी का पदभार संभाला है। जनरल देवेंद्र शर्मा मेयो कॉलेज, अजमेर, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। जनरल ऑफिसर प्रतिष्ठित 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' के प्राप्तकर्ता हैं और उन्हें 19 दिसंबर 1987 को 'द सिंध हॉर्स' में कमीशन मिला था।

लगभग चार दशकों के शानदार करियर में जनरल ने विभिन्न संवेदनशील ऑपरेशनल क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी माहौल और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में महत्वपूर्ण कमान नियुक्तियों को संभाला है। उन्होंने 'द सिंध हॉर्स' को कमांड किया, स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक आर्मड ब्रिगेड, और पश्चिमी मोर्चे पर एक इन्फैंट्री डिवीजन और एक कोर को भी कमांड किया।



जीओसी-इन-सी आरट्रैक का पदभार संभालने से पहले जनरल पश्चिमी कमान के मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ थे। अपनी सेवा के दौरान, जनरल एनडीए में प्रशिक्षक रहे हैं, और इम्ट्राट, भूटान में ऑपरेशन्स के स्टाफ ऑफिसर के रूप में एवं कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन के मुख्य सैन्य कार्मिक अधिकारी के रूप में तैनात रहें हैं। जनरल ने रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, उच्च रक्षा प्रबंधन कोर्स और लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित कोर्सेज किए हैं। (अनंत ज्ञान)

नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मण:। शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मण:।।

**भावार्थ :** अपना नियत और निर्धारित कर्म करो। कर्म करना सदैव श्रेयस्कर है। प्रत्येक मनुष्य को अपना निर्धारित कर्म अवश्य ही करना चाहिए। जो जहां जिस स्थिति में है, उसके लिए निर्धारित उचित कर्म को आसक्ति रहित होकर करने से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति होती है और तो और बिना कर्म के तो शरीर का निर्वाह भी नहीं हो सकता है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 2 जुलाई 2024

# श्री जगन्नाथ की सैकड़ों साल पुरानी काष्ठ मूर्तियां



## मंडी और सुकेत रियासत में जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव की धूम

▮ पुरी में 10 वर्ष बाद बदल दी जाती हैं काष्ठ की मूर्तियां, भक्त के लिए मंडी बसने पुरी से आ गए भगवान जगन्नाथ ▮ वृंदावन में भी भक्त के लिए प्रकट हो गए जग के नाथ

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष शुरू होते ही गुप्त नवरात्रि महापर्व भी आरंभ हो जाता है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को दस दिवसीय श्री जगन्नाथ पुरी में रथयात्रा उत्सव आरंभ हो जाता है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के कई भागों में भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। मंडी व सुकेत रियासत में सैकड़ों वर्षों से श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। मंडी में विराजित श्री जगन्नाथ भगवान की मूर्ति स्थापना की रोचक कथा है...**

### कथा

**जगन्नाथ** मंदिर 1679 ईस्वी में राजा गुर सेन ने बनवाया था और राजा द्वारा ये मूर्तियां ओडिशा के पुरी जगन्नाथ मंदिर से लाई गई थीं। राजा गुर सेन ने भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की कि हे प्रभु! मैं अब बूढ़ा हो गया हूं, अब मैं जगन्नाथ पुरी आने में अपने आप को असमर्थ पाता हूं आप मेरा कल्याण कीजिए। विनय भाव से जैसे ही राजा गुर सेन ने उन्हें पुकारा, प्रभु स्वप्न में प्रकट हुए और कहा राजन! एक बार तुम पुरी आओ और वहां से मेरा प्रतिरूप लेकर आओ। राजा गुर सेन ने पुरी जाने की तैयारियां शुरू कर दीं और शीघ्र ही ओडिशा के पुरी के लिए लाव लश्कर के साथ रवाना हो गए। उनके साथ पुरानी मंडी के सैकड़ों लोग भी रवाना हुए। राजा गुर सेन के पुरी धाम पहुंचने से पहले ही भगवान जगन्नाथ ने वहां के पुजारी को स्वप्न में ही दर्शन देकर सारी स्थिति से अवगत करवाया और पुजारी मूर्तियों के निर्माण कार्य करवाने में लग गया। वहां पहुंचने पर राजा गुर सेन, पुजारी व ब्राह्मणों ने विधि-विधान से मूर्तियों की पूजा-अर्चना की तत्पश्चात राजा, मंडी के लिए रवाना हो गए। मंडी के पड्डल के पास पहुंचने पर रथ वहीं रुक गया, क्योंकि राजा मूर्तियों को महल में ले जाना चाहता था, लेकिन भगवान जगन्नाथ को कुछ और ही मंजूर था। मंडी उत्सव में झूम रहा था, लेकिन भगवान जगन्नाथ का रथ वहां से हिल ही नहीं रहा था। अंतत: राजा ने ज्योतिषियों से पूछा तो उन्होंने कहा कि आप रथ यहीं छोड़ दें, प्रभु अपना स्थान स्वयं ले लेंगे और वैसा ही हुआ जैसे ही रथ को छोड़ा गया तो रथ स्वयं ही चल दिया। यह देख राजा और प्रजा के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। वर्तमान में जहां मंदिर है वहां रुक गया। राजा गुर सेन ने पुरानी मंडी वासियों से कहा कि आप भी दिन-रात इस महा उत्सव में मेरे साथ ही रहे आप वर मांगों आपको मैं क्या दूं? तब सब लोग बोले हमें कोई वर नहीं चाहिए, बस एक ही वर दो। भगवान जगन्नाथ का मुख पुरानी मंडी की तरफ कर दो, यही वर हमें दो। राजा ने स्वीकार कर लिया, इससे पहले राजा मूर्तियों का मुख महल की तरफ करना चाहता था। मंदिर के पुजारी काष्पीदास शर्मा, देवेन शर्मा व गोपालदास त्यागी का कहना है कि मंदिर के पूर्ण निर्माण से पहले ही राजा का स्वर्गवास हो गया था और उसके पश्चात ही मंदिर को पूर्ण करवाया गया।

### श्री जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव



ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के देव स्नान महापर्व है। इस दिन पुरी में भगवान को 108 घड़ों से स्नान कराया जाता है, जिसके बाद वे 14 दिनों तक भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। मान्यता है कि अधिक स्नान करने के कारण भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं और इस अवधि में उनका उपचार किया जाता है। उपचार उपरांत 15वें दिन आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मंदिर के कपाट पुन: खोले जाते हैं। इस विशेष दिन को 'नेत्र उत्सव' के रूप में मनाया जाता है। नेत्र उत्सव के अगले दिन, आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा का शुभारंभ होता है।

### सैकड़ों वर्ष पुरानी मूर्तियां

**कहा** जाता है कि रथ यात्रा के दौरान पुरी में लगभग 10 वर्ष बाद काष्ठ की मूर्तियों को बदल दिया जाता है। इसे प्रभु का चमत्कार ही कहेंगे कि सैकड़ों वर्ष बीतने के बाद भी काष्ठ की मूर्तियां वैसी की वैसी ही हैं। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा, बलराम और गरुड़ की मूर्तियां उसी काल से स्थापित हैं।

### हंडेटी सुंदरनगर में अढ़ाई सौ साल पुराना मंदिर



**सुकेत** रियासत में हंडेटी सुंदरनगर स्थित भगवान श्री जगन्नाथ का करीब अढ़ाई सौ साल पुराना मंदिर है। आषाढ़ मास में यहां भी रथयात्रा धूमधाम और पौराणिक मान्यतानुसार अपनाई जाती है। श्री जगन्नाथ, बलभ्रद और सुभद्रा एक दिन जंगम बाग में विश्राम करने के उपरांत पुनः हंडेटी स्थित अपने मंदिर को लौट आते हैं। यहां की कथा भी बहुत ही रोचक है, एक पथिक साधु ने कुल्लू रियासत में मूर्ति को देने की बजाय सुकेत रियासत के राजा को सौंप दी थी।

### अद्‌भुत हैं तीनों रथ

**भगवान** जगन्नाथ का रथ 'गरुड़ध्वज' कहलाता है। इसमें 16 पहिये व 13.5 मीटर ऊंचा रथ होता है, जिसमें लाल व पीले रंग के वस्त्र का प्रयोग होता है। विष्णु का वाहक गरूड़ इसकी रक्षा करता है। रथ ध्वज को नंदीघोष कहते हैं। बलराम का रथ तालध्वज के नाम से पहचाना जाता है। यह रथ 13.2 मीटर ऊंचा और 14 पहियों का होता है। यह लाल, हरे रंग के कपड़े का प्रयोग होता है। रथ के रक्षक वासुदेव और सारथी मताली होते हैं। जिस रस्सी से रथ खींचा जाता है, वह वासुकी कहलाता है। सुभद्रा का रथ पद्मध्वज कहलाता है। 12.9 मीटर ऊंचे 12 पहिए, लाल, काले कपड़े का प्रयोग होता है। रथ की रक्षक जयदुर्गा व सारथी अर्जुन होते हैं। रथध्वज नदंबिक कहलाता है। इसे खींचने वाली रस्सी को स्वर्णचूड़ा कहते हैं।




### रथ यात्रा का इतिहास

**पौराणिक** कथाओं के अनुसार, राजा इन्द्रद्युम्न भगवान जगन्नाथ को शबर राजा से यहां लेकर आए थे तथा उन्होंने ही मूल मंदिर का निर्माण कराया था जो बाद में नष्ट हो गया। ऐसा माना जाता है कि वर्तमान मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में चोल गंगदेव तथा अनंग भीमदेव ने कराया था, परंतु जगन्नाथ संप्रदाय वैदिक काल से लेकर अब तक मौजूद है। सैकड़ों वर्ष पहले भगवान के घर वृंदावन धाम में भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर वृंदावन बसने आ गए जग के नाथ जगन्नाथ। आज भी वृंदावन धाम में भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

*-अनिल शर्मा, नौबाही ( मंडी )*



## अमरनाथ में हिम शिवलिंग के रूप में विराजते हैं भगवान शिव

**पौराणिक बिंदुओं को रेखांकित करती देश की प्रसिद्ध धार्मिक यात्रा**

**श्रावण** पूर्णिमा रक्षाबंधन पर्व तक चलने वाली देश की प्रसिद्ध यात्राओं में शुमार अमरनाथ यात्रा कई पौराणिक बिंदुओं को रेखांकित करती है। भगवान शिव को समर्पित यह स्थल बड़ा ही रोचक और ऐतिहासिक है। 11 मीटर ऊंची, 19 मीटर लंबी व 16 मीटर चौड़ी अमरनाथ गुफा समुद्र तल से 13600 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। पुराणों में वर्णित है कि एक बार माता पार्वती ने अमर कथा सुनने की इच्छा प्रकट की, जिस उपरांत भगवान शिव अमरनाथ गुफा की ओर चल दिए। भगवान शिव ने सबसे पहले छोटे-छोटे अनंत नागों को अनंतनाग क्षेत्र में छोड़ दिया तत्पश्चात चंदनवाड़ी में माथे का चंदन और अन्य पिस्सुओं को पिस्सू स्थान पर छोड़ दिया। गले में विराजमान शेषनाग को शेषनाग नामक स्थल पर छोड़ा दिया था। वर्तमान में यह स्थल आज भी अमरनाथ यात्रा के दौरान आते हैं। गौर करने वाली बात है कि गुफा के अंदर एक एक बूंद पानी की टपकती रहती है, जिससे बड़े आकार में शिवलिंग बन जाता है। जैसे-जैसे चंद्रमा की कला बढ़ती है वैसे वैसे गुफा में हिम शिवलिंग का आकार बढ़ता है और 15 दिन उपरांत यह चंद्रमा की कला घटने के साथ घटने लगता है। गौर हो कि कश्मीर के इतिहास पर कल्हण की 'राजतरंगिणी' के तृतीय खंड की पृष्ठ संख्या-409 पर डॉ. स्टेन ने लिखा है कि अमरनाथ गुफा में 7 से 8 फुट की चौड़ा और दो फुट लंबा शिवलिंग है। वहीं, 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह अकबर के समय के इतिहासकार अबुल फजल ने अपनी पुस्तक 'आईने-अकबरी' में अमरनाथ का जिक्र एक पवित्र हिंदू तीर्थ स्थल के रूप में किया है। वर्ष 1420.70 तक कश्मीर में बादशाह जैनुलबुद्दीन का शासन रहा है, उस समय बादशाह ने भी अमरनाथ यात्रा की है। काफी समय किसी कारणवश यह यात्रा लगभग 300 साल बंद रही और 1850 से 1872 में बूटा मलिक ने गुफा में बर्फ का शिवलिंग देखने पर इसका प्रचार किया, जिस उपरांत यह यात्रा आज भी आस्था के साथ चल रही है।

# योगिनी एकादशी के व्रत से जगाएं भाग्य

**हर** महीने दो एकादशियां पड़ती हैं और वर्ष में कुल मिलाकर 24 या 26 एकादशियां बन जाती हैं। इन्हीं एकादशियों में कुछ एकादशियां विशेष महत्व रखती हैं। उन्हीं में से योगिनी एकादशी भी एक महत्वपूर्ण एकादशी है। यह एकादशी जो कि आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष में आती है, भगवान विष्णु के 5वें (वामन) अवतार को समर्पित बताई जाती है। इस बार योगिनी एकादशी मंगलवार के दिन 2 जुलाई को पड़ रही है। योगिनी एकादशी का व्रत करके अपना भाग्य जगाएं और सुख-सौभाग्य पाएं। आप सभी को योगिनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं। पुराणों में इसे हरी दिन व हरी वासर भी कहा गया है, लेकिन इसे योगिनी एकादशी ही क्यों कहा जाता है? इस संबंध में ऐसा बताया जाता है कि इस एकादशी के व्रत रखने से सभी तरह की व्याधियों,चर्म रोगों (कुष्ठ रोग आदि), सभी प्रकार के ग्रहों व दोषों से मुक्ति, सुखी वैवाहिक जीवन, सुख समृद्धि, शापों से मुक्ति व यश, धन,संपत्ति, रंग रूप और सुंदरता आदि प्राप्त होते हैं तथा पितरों को स्वर्ग की प्राप्ति भी होती है। इतना ही नहीं, बल्कि इससे इस लोक में सभी सुख सुविधाएं तथा परलोक के लिए मोक्ष भी प्राप्त होता है। ऐसा भी बताया जाता है कि इस व्रत को रखने से योगनियों की कृपा दृष्टि हमेशा बनी रहती है। तभी तो योगिनी एकादशी तीनों लोकों में विशेष रूप से जानी जाती है। इसके लिए दसवीं के दिन से ही सुबह ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं। फिर लकड़ी के पटड़े को स्वच्छ जल से साफ करके उस पर भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया जाता है। साथ ही सात प्रकार के अनाज, पीले फूल, तुलसी के पत्ते, सात आम या अशोक वृक्ष के पत्ते, दीप, धूप भोग आदि रखकर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन पीपल की पूजा भी शुभ मानी जाती है। दूसरे दिन ब्राह्मणों को भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर उन्हें विदा किया जाता है और उसके बाद व्रत खोला जाता है। याद रहे इस व्रत में दसवीं से ही मांस, मछली,लहसुन, प्याज, मसर दाल व शहद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन वर्जिद रहता है और तुलसी के पत्ते भी एकादशी के दिन नहीं तोड़े जाते, जोकि एक दिन पहले ही तोड़ कर रख लिए जाते हैं। वैसे योगिनियों को तंत्र



और योग का गुरु माना गया है और हिंदू धर्म शास्त्रों में देवी पार्वती को पवित्र योगिनी शक्ति के रूप में ही माना गया है। आगे 64 योगिनियों के अलग-अलग नाम भी मिल जाते हैं। ये योगिनियां अपनी इच्छानुसार रूप बदलती रहती हैं। इनमें कई तरह की शक्तियां और सिद्धियां विद्यमान रहती हैं तथा कई एक पक्षियों का रूप भी ये धारण कर सकती हैं। इन्हीं योगिनियों की विस्तार से जानकारी हमें पौराणिक साहित्य जैसे ब्रह्मांड, कलिक, अग्नि, स्कंद व विष्णु पुराण आदि से मिल जाती है। इसी योगिनी एकादशी के व्रत को करने से ही हजारों ब्रह्मणों को भोजन खिलाने का पुण्य भी प्राप्त होता है, तभी तो तंत्र व सिद्धियों के परिणाम स्वरूप ही इसे योगिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार धर्मराज युधिष्ठिर भगवान विष्णु के पास पहुंचे गए और उनसे योगिनी एकादशी के महत्व के बारे में पूछने लगे। तब भगवान विष्णु ने जो कथा धर्मराज युधिष्ठिर को सुनाई उसके अनुसार, भगवान विष्णु ने बताया कि अलकापुरी में यक्ष राजा कुबेर राज्य करता था (और वह बड़ा ही शिव भक्त था तथा शिव की दैनिक पूजा अर्चना करता था) राजा कुबेर के माली का नाम हेम माली था और वह राजा की पूजा के लिए मानसरोवर से फूल लाता था। एक दिन हेम माली फूल लाकर सीधा अपने घर अपनी सुंदर पत्नी विशालाक्षी के पास पहुंच गया और उसके रूप रंग के मोह जाल में फंस कर राजा कुबेर तक फूल न पहुंचा पाया। उधर राजा की पूजा में देरी हो जाने पर व हेम माली द्वारा अपनी पत्नी के साथ मस्ती करने की बात को सुनकर क्रोधित हो गया और क्रोध में उसने (राजा ने) हेम माली को पत्नी विरह, कोढ़ व मृत्यु लोक में पहुंचने का शाप दे दिया।

फलस्वरूप हेम माली कोढ़ रोग से ग्रस्त हो कर सीधा मृत्यु लोक पहुंच गया और वहां इधर उधर पत्नी वियोग में भटकने लगा। एक दिन घूमते-घूमते भटक कर वह जंगल में ऋषि मार्कंडेय की कुटिया तक पहुंच गया और वहां उसने अपने बारे में सब कुछ ऋषि मार्कंडेय को बता दिया, तो उन्होंने उसे (उसकी) दुविधा से मुक्ति दिलाने के लिए उसे योगिनी एकादशी का व्रत करने को कहा। हेम माली ने ऋषि केआदेशानुसार वैसा ही किया, जिससे वह शीघ्र ठीक होकर वापस अपनी पत्नी के पास पहुंच गया। भगवान विष्णु द्वारा सुनाई इस कथा से जहां योगिनी एकादशी का महत्व स्पष्ट हो जाता है वहीं, हमें यह जानकारी भी मिल जाती है कि भगवान विष्णु भी तो अपनी सृष्टि की रक्षा व पालन पोषण सुचारु रूप से देखते रहते हैं और समाधान किसी न किसी रूप में निकल ही लेते हैं, जैसे कि ऋषि मार्कंडेय के माध्यम से माली हेम को ठीक करके उसे वापस अलका पुरी भेज दिया। सच उसकी लीला बड़ी न्यारी है।

*प्रस्तुति : डॉ. कमल के प्यासा, लोअर समखेतर ( मंडी )*



## गुप्त नवरात्र

**गुप्त नवरात्र का महत्व:** गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से ही साधना की जाती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है, इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इनमें 9 दिन तक मां दुर्गा की तंत्र साधना व तंत्र सिद्धि की जाती है। शास्त्रों के अनुसार, इन दिनों मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने से सभी प्रकार के दुख दूर हो जाते हैं और घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। हर युग में नवरात्रि का अपना-अपना महत्व रहा है। सतयुग में चैत्र मास की नवरात्रि का अधिक प्रचलन था, वहीं त्रेतायुग में आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का, द्वापर युग में माघ मास की गुप्त नवरात्रि और कलयुग में अश्विन और शारदीय नवरात्रि को बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

**कब शुरू हो रही है आषाढ़ गुप्त नवरात्रि? जानें महत्व और पूजा विधि:**आषाढ़ माह में मनाया जाने वाला गुप्त नवरात्रि पर्व सौभाग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद लेकर आता है। नवरात्रि पर्व शक्ति उपासना का पर्व है । ब्रह्मांड में विद्यमान प्रकृति वह शक्ति है जो जीवन की गतिविधियों में अपना योगदान देती है। आषाढ़ माह में मनाया जाने वाला यह गुप्त नवरात्रि पर्व सौभाग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद लेकर आता है। इस वर्ष आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 6 जुलाई 2024 दिन शनिवार से प्रारंभ हो रही है। गुप्त नवरात्रि के दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए और मां दुर्गा के सभी स्वरूपों का स्मरण करना चाहिए। नवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर मां का स्मरण करना चाहिए और उनके सामने तेल का दीपक प्रज्वलित करके उनकी पूजा शुरू करनी चाहिए। नवरात्रि का त्योहार मां दुर्गा को समर्पित है। इस दौरान शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। शक्ति की पूजा में कई नियमों का पालन किया जाता है। साल में चार बार नवरात्रि मनाई जाती है, जिनमें से दो बार बहुत ही विस्तार से मनाई जाती है। पहली चैत्र माह में मनाई जाने वाली चैत्रीय नवरात्रि और दूसरी आश्विन माह में मनाई जाने वाली शारदीय नवरात्रि। दूसरी दो नवरात्रि होती है जो गुप्त रूप से मनाई जाती हैं। यह नवरात्तंरी तन्त्रत्र सिद्धि प्राप्त करने के लिए सामान्य जन से अलग रह रहे लोग करते हैं। यह गुप्त नवरात्रि माघ माह और आषाढ़ माह में मनाई जाती है। मान्यता है कि इस गुप्त नवरात्रि में मां की आराधना करने से दस महाविद्याओं की सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

**-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

# कैसे करें कुंडलिनी जागरण, योग की सबसे प्रमुख विधा

**1. मूलाधार चक्र :** यह शरीर का पहला चक्र है। गुदा और लिंग के बीच चार पंखुड़ियों वाला यह 'आधार चक्र है। 99.9 प्रतिशत लोगों की चेतना इसी चक्र पर अटकी रहती है और वे इसी चक्र में रहकर मर जाते हैं। जिनके जीवन में भोग, संभोग और निद्रा की प्रधानता है उनकी ऊर्जा इसी चक्र के आसपास एकत्रित रहती है।

**मंत्र : लं**

**चक्र जगाने की विधि :** मनुष्य तब तक पशुवत है, जब तक कि वह इस चक्र में जी रहा है इसीलिए भोग, निद्रा और संभोग पर संयम रखते हुए इस चक्र पर लगातार ध्यान लगाने से यह चक्र जागृत होने लगता है। इसको जागृत करने का दूसरा नियम है यम और नियम का पालन करते हुए साक्षी भाव में रहना।

**प्रभाव :** इस चक्र के जागृत होने पर व्यक्ति के भीतर वीरता, निर्भीकता और आनंद का भाव जागृत हो जाता है। सिद्धियां प्राप्त करने के लिए वीरता, निर्भीकता और जागरूकता का होना जरूरी है।

**2. स्वाधिष्ठान चक्र :** यह वह चक्र है, जो लिंग मूल से चार अंगुल ऊपर स्थित है जिसकी छह पंखुड़ियां हैं। अगर आपकी ऊर्जा इस चक्र पर ही एकत्रित है तो आपके जीवन में आमोद-प्रमोद, मनोरंजन, घूमना-फिरना और मौज-मस्ती करने की प्रधानता रहेगी। यह सब करते हुए ही आपका जीवन कब व्यतीत हो जाएगा।

**मंत्र : वं**

**कैसे जागृत करें :** जीवन में मनोरंजन जरूरी है, लेकिन मनोरंजन की आदत नहीं। मनोरंजन भी व्यक्ति की चेतना को बेहोशी में धकेलता है। फिल्म सच्ची नहीं होती, लेकिन उससे जुड़कर आप जो अनुभव करते हैं वह आपके बेहोश जीवन जीने का प्रमाण है।

**प्रभाव :** इसके जागृत होने पर क्रूरता, गर्व, आलस्य, प्रमाद, अवज्ञा, अविश्वास आदि दुर्गणों का नाश होता है। सिद्धियां प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि उक्त सारे दुर्गुण समाप्त हों तभी सिद्धियां आपका द्वार खटखटाएंगी।



**3. मणिपुर चक्र :**
नाभि के मूल में स्थित रक्त वर्ण का यह चक्र शरीर के अंतर्गत मणिपुर नामक तीसरा चक्र है, जो दस कमल पंखुड़ियों से युक्त है। जिस व्यक्ति की चेतना या ऊर्जा यहां एकत्रित है उसे काम करने की धुन-सी रहती है। ऐसे लोगों को कर्मयोगी कहते हैं। ये लोग दुनिया का हर कार्य करने के लिए तैयार रहते हैं।

**मंत्र : रं**

**कैसे जागृत करें :** आपके कार्य को सकारात्मक आयाम देने के लिए इस चक्र पर ध्यान लगाएंगे। पेट से श्वास लें।

**प्रभाव :** इसके सक्रिय होने से तृष्णा, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय, घृणा, मोह आदि कषाय-कल्मष दूर हो जाते हैं। यह चक्र मूल रूप से आत्मशक्ति प्रदान करता है। सिद्धियां प्राप्त करने के लिए आत्मवान होना जरूरी है। आत्मशक्ति, आत्मबल और आत्मसम्मान के साथ जीवन का कोई भी लक्ष्य दुर्लभ नहीं।

**4. अनाहत चक्र :** हृदय स्थल में स्थित स्वर्णिम वर्ण का द्वादश दल कमल की पंखुड़ियों से युक्त द्वादश स्वर्णाक्षरों से सुशोभित चक्र ही अनाहत चक्र है। अगर आपकी ऊर्जा अनाहत में सक्रिय है, तो आप एक सृजनशील व्यक्ति होंगे। हर क्षण आप कुछ न कुछ नया रचने की सोचते हैं।

**मंत्र : यं**

**कैसे जागृत करें :** हृदय पर संयम रखने और ध्यान लगाने से यह चक्र जागृत होने लगता है। खासकर रात्रि को सोने से पूर्व इस चक्र पर ध्यान लगाने से यह अभ्यास से जागृत होने लगता है और सुषुम्ना इस चक्र को भेदकर ऊपर गमन करने लगती है।

**प्रभाव :** इसके सक्रिय होने पर लिप्सा, कपट, हिंसा, कुतर्क, चिंता, मोह, दंभ, अविवेक और अहंकार समाप्त हो जाते हैं। इस चक्र के जागृत होने से व्यक्ति के भीतर प्रेम और संवेदना का जागरण होता है। इसके जागृत होने पर व्यक्ति के समय ज्ञान स्वत: ही प्रकट होने लगता है।

**5. विशुद्ध चक्र :** कंठ में सरस्वती का स्थान है, जहां विशुद्ध चक्र है और जो सोलह पंखुड़ियों वाला है। यदि आपकी ऊर्जा इस चक्र के आसपास एकत्रित है तो आप अति शक्तिशाली होंगे।

**मंत्र : हं**

**कैसे जागृत करें :** कंठ में संयम करने और ध्यान लगाने से यह चक्र जागृत होने लगता है।

**प्रभाव :** इसके जागृत होने कर सोलह कलाओं और सोलह विभूतियों का ज्ञान हो जाता है। इससे भूख और प्यास के साथ ही मौसम के प्रभाव को भी रोका जा सकता है।

**6. आज्ञा चक्र :** दोनों आंखों के बीच भृकुटी में आज्ञा चक्र है। जिस व्यक्ति की ऊर्जा यहां ज्यादा सक्रिय है तो ऐसा व्यक्ति बौद्धिक रूप से संपन्न, लेकिन सब कुछ जानने के बावजूद मौन रहता है। इसे बौद्धिक सिद्धि कहते हैं।

**मंत्र : ऊं**

**कैसे जागृत करें :** भृकुटी के मध्य ध्यान लगाते हुए साक्षी भाव में रहने से यह जागृत होने लगता है।

**प्रभाव :** आज्ञा चक्र का जागरण होने से ये सभी शक्तियां जाग पड़ती हैं और व्यक्ति एक सिद्ध पुरुष बन जाता है।

**7. सहस्त्रार चक्र :**
सहस्त्रार की स्थिति मस्तिष्क के मध्य भाग में है। यदि व्यक्ति यम, नियम का पालन करते हुए यहां तक पहुंच गया है तो वह आनंदमय शरीर में स्थित हो गया है। ऐसे व्यक्ति को संसार, संन्यास और सिद्धियों से कोई मतलब नहीं रहता है।

**कैसे जागृत करें :** मूलाधार से होते हुए ही सहस्त्रार तक पहुंचा जा सकता है। लगातार ध्यान करते रहने से यह चक्र जागृत हो जाता है और व्यक्ति परमहंस के पद को प्राप्त कर लेता है।

**प्रभाव :** शरीर संरचना में इस स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण विद्युतीय और जैवीय विद्युत का संग्रह है। यही मोक्ष का द्वार है।

**प्रस्तुति : डॉ. अमन कुमार शर्मा।**



## न्यूज ब्रीफ

### डोगरा रेजिमेंट के सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने यादें की ताजा



**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के बनोई के एक निजी होटल में 14वीं डोगरा रेजिमेंट की 76वीं वर्षगांठ सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिला चंबा, कांगड़ा, ऊना और मंडी के सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे से मिलकर अपने अनुभव साझा किए और पुरानी यादों को ताजा किया। इस मौके पर बख्तावर सिंह, भीम सिंह समायू, रशपाल सिंह, जगिंदर कुमार, विजय सिंह, जगदीश सिंह, गर्मी राम, संजीत सोमासू, बलवीर सिंह, योद्ध सिंह, हरवंश सिंह, अमर सिंह, हेमराज, चैन सिंह, राजेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, धनवीर सिंह, ध्रुव सिंह, विवेक कुमार और हेमराज सहित सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### श्री सत्य साई सेवा समिति ने करवाई प्रतियोगिताएं



**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** श्री सत्य साई सेवा समिति जयसिंहपुर द्वारा पालमपुर जोन की 15 साई सेवा समितियों के बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन रविवार को जयसिंहपुर में किया गया। इसमें 60 बच्चों ने भाग लिया। इसमें प्रथम ग्रुप में 6 से 9 वर्ष के बच्चों में श्लोक प्रतियोगिता में साई अर्नब चंद्रोंप्पा समिति, सुगंधा अवस्थी छैंछड़ी समिति और दिव्यांश मनसिंवल समिति से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। भजन के लिए मानिक खैरा समिति, पायल मेहरा जयसिंहपुर समिति और आशिद मनसिंवल भवारना समिति से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार से अन्य प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। (अनंत ज्ञान)

### ब्लॉक कांग्रेस बैजनाथ ने की मासिक बैठक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ब्लॉक कांग्रेस बैजनाथ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय ताज होटल में हुई, जिसमें मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक बैजनाथ किशोरी लाल विशेष रूप से उपस्थित हुए। सोमवार को हुई बैठक मे धानग पंचायत से अजय कुमार ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर रवींद्र बिट्टू, वीरेंद्र जम्वाल, रमेश चड्ढा, मोहिंद्र डोहरी, अमित शर्मा, रवींद्र राव, शशी राणा, रणजीत राणा, गुलाब राणा, मदन लाल, हरी सिंह, विनोद बरवाल,सुनीता राणा, भमंबो देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




### भौरा में की 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**राकेश डोगरा, डरोह।** ग्राम पंचायत भौरा में द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट -3 भवारना ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया, जिसमें लगभग 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान निशुल्क दवाइयां दी गई एवं शुगर, रक्तचाप आदि के निशुल्क टेस्ट भी किए गए। इस मौके पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्थानीय लोगों को रोगों के बारे जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ लोगों को सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस नेक कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने द हंस फाउंडेशन संस्था का आभार व्यक्त किया। इस बीच सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले काफी समय से यहां आस पास की 12 पंचायतों में यह स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा अधिकारी विकास कंठवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी वनिता चौहान, फार्मासिस्ट रोहित शर्मा, लेब टेक्नीशियन कमल कुमार, पायलट मंगल देव मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### कराटे कोच सेन्साई रिंकू ने पास किया टेस्ट

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** अमयूचर कराटे डो फाउंडेशन पंजाब जज और रेफरी का सेमिनार 23 जून को सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला में हुआ। इसमें लगभग 35 कोचों ने हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश से कोच सन्साई रिंकू कुमार ने भी इस सेमिनार में हिस्सा लिया। सेमिनार में रिटन और ट्रेनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इस टेस्ट और ट्रेनिंग को पास कर सेन्साई रिंकू कुमार ने लाइसेंस प्राप्त किया। सेन्साई रिकू विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत पड़ती रेहलू पंचायत के निवासी हैं। (अनंत ज्ञान)



### आर्य समाज के 140 सदस्यों को बांटे आई कार्ड

**संजीव महाजन, नूरपुर।** आर्य समाज नूरपुर परिसर में महाजन भवन हरिद्वार मैंनेजमेंट कमेटी के नूरपुर से 140 सदस्यों को आई कार्ड वितरण, संबोधन व धन्यवाद करने के लिए जंगी लाल महाजन चेयरमैन व सभा प्रधान अजय महाजन, वाइस चेयरमैन राजेंद्र गुप्ता, महामंत्री अभामशि सभा का महाजन सभा नूरपुर के सभी सदस्यों ने हार पहनाकर व करतल ध्वनि से स्वागत किया व उनके भवन बारे उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना जिसमें महाजन भवन, हरिद्वार में किये जा रहे नवीकरण व ठहरने, खाने की समुचित व्यवस्था बारे जानकारी साझा की। नूरपुर सभा के प्रधान योगेश महाजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रेरणात्मक मार्गदर्शन व सबके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया व महामंत्री विपन महाजन ने मंच संचालन के साथ-साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए सभी महाजन बिरादरी सदस्यों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)



### कांगड़ा में पूर्व सैनिकों ने मनाया 69वां राइजिंग-डे

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** एक्स सर्विसमैन ऑफ 32 फील्ड रेजिमेंट 69वां राइजिंग-डे कांगड़ा के सागर ग्लोरी होटल में धूमधाम से मनाया गया। इसमें पूर्व सैनिकों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सर्विस के दिनों को याद किया। कार्यक्रम मेजर जनरल एसएस चड्ढा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम के आयोजक सूबेदार हिमाल सिंह राणा रहे। इस कार्यक्रम में हिमाचल के साथ पंजाब हरियाणा के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया व उन्हें इस दौरान सम्मानित किया गया। राइजिंग डे पर रेजिमेंट के शहीद हुए वीर सैनिकों को भी 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के आयोजक हिमाल सिंह राणा ने कहा कि राइजिंग-डे जब हम सर्विस में होते थे तो या समारोह यूनिट में मनाते थे लेकिन अब हम पेंशनर्स होते हुए भी इस कार्यक्रम को मना रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# बेटियां फाउंडेशन बना रही बेटियों को सशक्त

## राष्ट्रीय संस्था ने कांगड़ा जिले में की राज्य स्तरीय मीटिंग, नई जिम्मेदारियां भी सौंपी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन की राज्य स्तरीय मीटिंग का आयोजन जिला कांगड़ा में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नेशनल कोडिनेटर संदीप चौधरी ने की। मीटिंग में प्रदेश के लगभग साठ सदस्यों में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर कांगड़ा उपमंडल अधिकारी ईशांत जसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि बेटियां फाउंडेशन, बेटियों को समाज में सशक्त करने में अहम योगदान अदा कर रही है। आमजन लड़कियों की सुरक्षा हेतु समय-समय पर बच्चियों को जागरूकता अभियान करते रहते है।

उन्होंने संस्था के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी पदाधिकारियों को समाज सेवा के क्षेत्र समाज को नई दिशा में ले जाने के लिए बधाई दी। मीटिंग में विशेष रूप से एम डी प्रांजल जैन ओर संस्था के केयर टेकर राजिंदर जैन उपस्थित रहे। मीटिंग के मुख्य संयोजक संजीव गुप्ता, सुरेंद्र पॉल, पूजन भंडारी, त्रिलोक बाबा, सवीन सिंह, भाग्य ठाकुर, सन्नी राणा, भरत रोजला, शैल भारती, ललिता वशिष्ठ , सीमा अवस्थी, संजना भंडारी, आशा देवी ओर अन्य कांगड़ा पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। मीटिंग में सुनीता राणा को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद और मुस्कान तनवर को मुख्य कार्यक्रम संयोजक शिमला के पद पर नियुक्त देकर कार्यभार सौंपा। साथ ही मीरा आचार्य को जिला अध्यक्ष कुल्लू के पद से राज्य महिला समन्वयक, दीप लाल को प्रदेश मुख्य कार्यक्रम संयोजक ओर सुषमा ठाकुर को कुल्लू जिला अध्यक्ष के पद पर पदोन्नत किया गया। नवनियुक्त ओर पदोन्नत पदाधिकारियों ने कहा कि बह सभी अपने अपने अनुभव के आधार पर संस्था को सुदृढ़ करने में अपना अहम योगदान अदा करेंगे ओर समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल क़ायम करेंगे। मीटिंग में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गये। नेशनल कोडिनेटर संदीप चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ ज्योत्सना जैन के पद की गरिमा को रखते हुए सभी पदाधिकारियों को बेटियां फाउंडेशन की तमाम गतिविधियों बारे बताया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनका कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर एमडी प्रांजल जैन, केयर टेकर रजिंदर जैन, संदीप चौधरी, संजीव गुप्ता, पूजन भंडारी, त्रिलोक बाबा, सुरेंद्र पॉल, भाग्य ठाकुर, सवीन, सन्नी,भरत रोजला, शैल भारती, राज कुमार, सीमा अवस्थी, ललिता, संजना, मीरा आचार्य, रमा कांडा, सुषमा ठाकुर, सुमन, अनु, हेमलता, सावित्री, लता पठानिया, हाकम पठानिया, शिव कुमार वर्मा, आरके वर्मा, विजय, गरिमा ठाकुर, रीना ठाकुर, आशा, गीतू, भोला देवी सहित कई पदाधिकारियों ने शिरकत की। (अनंत ज्ञान)



कांगड़ा में हुई राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन की राज्य स्तरीय मीटिंग में मौजूद संस्था के पदाधिकरी एवं सदस्य।

## हैप्पी बर्थडे



हमीरपुर जिले के अजय डोगरा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### तीनों उपचुनाव जीतेगी कांग्रेस : सुदर्शन शर्मा

**संजीव महाजन, नूरपुर।** तीन आजाद उम्मीदवारों द्वारा दिए गए त्यागपत्र से हो रहे उपचुनाव का मुख्य कारण भाजपा का ऑपरेशन लोटस मिशन पूर्णतया विफल रहा। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने हिमाचल सरकार को गिराने का प्रयास किया, जिसमें ये तीन आजाद उम्मीदवार भी बीजेपी के प्रलोभन में फंस गए जनता द्वारा दिया गया पांच वर्ष का जनादेश ठुकरा कर जनता से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने फिर से कांग्रेस को नीतियों पर विश्वास जाहिर किया है। कांग्रेस इन तीनों उपचुनावों को जरूर जीतेगी। (अनंत ज्ञान)



## नियति के भरोसे नहीं रहेगी अब देहरा हलके की जनता : सुलेखा

**सालबिया शर्मा, गरली**

निर्दलीय प्रत्यासी सुलेखा चौधरी ने कहा है कि पिछले 16 वर्ष से देहरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया गया, लेकिन अब क्षेत्र का आम जनमानस नियति के भरोसे नहीं रहेगा। धारणाओं को बदलकर समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा और क्षेत्रवासियों के जीवन को सुगम बनाया जाएगा।

क्षेत्र के मूहल करियाड़ा कुंदली हार, रजोल, पांजला व नरवाड़ी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में सुलेखा चौधरी ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र के विकास की गौरव यात्रा का नया अध्याय लिखने के लिए ही वह राजनीतिक सफर शुरू करने जा रही हैं। विकास एक निरंतर प्रक्रिया होती है, लेकिन देहरा क्षेत्र में दोनों प्रमुख दलों के नेता अगर सच मे क्षेत्र में विकास के हिमायती होते तो क्षेत्र की जनता की आवाज उठाने के लिए संघर्ष करते, लेकिन दोनों ही दलों की दिलचस्पी चुनाव के इंतजार तक सीमित रही। इस बार भी हालातों में कोई अंतर नहीं आया है और चुनावी मौसम में एक बार फिर से जनता को भ्रम में डालने के असफल प्रयास फिर से शुरू किए जा चुके हैं। सुलेखा चौधरी ने कहा कि वह देहरा के हर क्षेत्र में शिखर पर ले जाना चाहती हैं। (अनंत ज्ञान)



लोगों से समर्थन मांगतीं आजाद प्रत्याशी सुलेखा चौधरी।

## बीजेपी की करनी और कथनी में है अंतर : अशोक हिमाचली

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तेजतर्रार प्रवक्ता व मीडिया को-ऑर्डिनेटर अशोक हिमाचली ने बीजेपी पर ताबड़तोड़ हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी की करनी और कथनी में दिन-रात का अंतर है। बीजेपी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही है कि किसी भी तरह से जनादेश वाली चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक हिमाचली ने बताया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सुख की सरकार ने जो 10 गारंटिया दी थीं, उसमें पांच पूरी कर ली गई हैं। इनमें प्रमुखता से ओपीएस का गंभीर मुद्दा था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूरा कर दिया है और 1500 रुपए प्यारी बहना इंदिरा गांधी सम्मान योजना को प्रदेश में लागू किया तो विपक्ष के नेता पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के पेट में दर्द शुरू हो गया, कने मरोड़ पेया और रुकवाने के लिए चुनाव आयोग चले गए। हिमाचली ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा से जुड़ी हुई वे महिलाएं भी लाइनों में लगकर 1500 रुपए के फॉर्म भर रही हैं, जो कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज कसकर मजाक उड़ाया करती थीं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा के समय हिमाचल प्रदेश की जनता के साथ दिन-रात सेवाभाव से डटे रहे। ऐसे सादगी वाले मुख्यमंत्री सदियों सदियों में बहुत कम देखने को मिलते हैं। (अनंत ज्ञान)



### नेता प्रतिपक्ष आज और कल देहरा में करेंगे एक दर्जन चुनावी सभाएं

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर दो दिन देहरा में जमकर प्रचार करेंगे। जयराम ठाकुर दो और तीन जुलाई को देहरा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उतर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री इस दौरान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आधा दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर प्रचार को धार देंगे। नेता प्रतिपक्ष इस दौरान देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत दो जुलाई को नंदपुर, गुलेर, सकरी, मसरूर तथा भटेड़, जबकि तीन जुलाई को खैरियां, बंगोली, हरिपुर, वनखंडी तथा दरकाटा में चुनाव प्रचार करेंगे। हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष इस दौरान एक दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल तैयार करेंगे।



## अवैध खनन करने पर वसूला 20 हजार रुपए का जुर्माना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अवैध खनन पर माइनिंग ऑफिसर नूरपुर नीरज कांत के दिशा निर्देशानुसार मंड क्षेत्र में फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल ने चार ट्रैक्टरों को जिसमें खनन सामग्री थी जब उनसे खनन सामग्री के कागजात के बारे में पूछा तो उनके पास खनन सामग्री ले जाने के फॉर्म या कागजात नहीं पाए गए जिस पर कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर चालकों से 20000 रुपए का जुर्माना वसूल पाया। इसकी पुष्टि करते हुए माइनिंग ऑफिसर नूरपुर नीरज कांत बताया के मोटे मुनाफे के चलते मंड क्षेत्र में काफी ट्रैक्टर चालक अवैध खनन करने में लगे हुए हैं, जिस पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है तथा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)




अवैध खनने करते पकड़े ट्रैक्टर चालक।

### हादसे में स्कूटी चालक की मौत

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट-डलहौजी-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 154ए पर स्थित बाबा रेस्टोरेंट बुंगल के निकट हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार भारत भूषण शर्मा (54) पुत्र बोध राज निवासी डीएलएम कॉलोनी बुंगल अपनी स्कूटी पर सवार होकर बुंगल पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए जा रहे थे कि जैसे ही वह करीब पौने ग्यारह बजे के आसपास बाबा रेस्टोरेंट के निकट पहुंचे तो बधानी की ओर से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## राजेश गुप्ता को सौंपी लघु उद्योग संघ की नगरोटा बगवां इकाई की कमान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जिला कांगड़ा में लघु उद्योग संघ ने खाता खोल दिया है। सोमवार को राज्य महासचिव अनिल मलिक के नेतृत्व में नगरोटा बगवां इकाई का गठन किया गया। इसमें युवा उद्यमी राजेश गुप्ता को लघु उद्योग संघ हिमाचल प्रदेश की नगरोटा इकाई की कमान सौंपी गई।

इस अवसर पर एक दर्जन से ज्यादा उद्यमियों ने उद्योग संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकारिणी में कुमुद मेहता को मुख्य सरंक्षक, राजेश गुप्ता को प्रधान, केवल कृष्ण को महासचिव, कुलदीप बेदी को उपाध्यक्ष, सुनील संगयाल को उपाध्यक्ष, विधुर को आईटीसेल प्रभारी, रमन शर्मा को कोषाध्यक्ष, पुष्कर धीमान को मीडिया प्रभारी एवं विवेक, रवींद्र मल्होत्रा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक राणा ने कहा कि एमएसएमई की समस्याओं को लेकर यह राज्य स्तरीय हिमाचल का पहला अपना संगठन है। इसका ध्येय हिमाचल के 40000 एमएसएमई उद्योगों की समस्याओं को उठाना व उनकी विपणन की समस्याएं हल करना है।



## बाइक चोर गिरोह के 2 सदस्य किए गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट के सरना स्थित प्राइवेट अस्पताल की पार्किंग से कर्मचारी का मोटरसाइकिल चुराने के आरोप में सदर पुलिस ने गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वहीं, इनका तीसरा साथी फरार है। सदर थाने में 3 लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता गांव बेगोवाल निवासी सुमित धीमान ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह सरना में प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करता है। उसने बीते दिनों अपना मोटरसाइकिल पार्किंग में खड़ा किया था। उसने अपनी ड्यूटी खत्म होने के बाद देखा कि उसका मोटरसाइकिल वहां पर नहीं था। उसे कोई अज्ञात लोग चुराकर ले गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे पता लगा है कि उसकी मोटरसाइकिल को तीन युवकों ने चोरी किया है।

सदर पुलिस ने शिकायत मिलने पर भगवानसर निवासी धीरज कुमार, लाहड़ी महंता निवासी मुकेश और सुंदरचक निवासी लली के खिलाफ 379 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने धीरज और मुकेश को पकड़ लिया है, जबकि इस मामले में लली फरार है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। (अनंत ज्ञान)



पुलिस की ओर से पकड़े गए बाइक चोर गिरोह के 2 सदस्य।

## घर-घर बांटे जाएंगे ओआरएस पैकेट्स और जिंक की गोलियां

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में 31 अगस्त तक डायरिया नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा इसमें जिला कांगड़ा के लगभग तीन लाख घरों में 5 वर्ष की आयु तक के लगभग 90 हजार बच्चों तक आशा वर्कर 2 पैकेट ओआरएस व जिंक की 14 गोलियां घर पहुंचाएगी ।

यह जानकारी सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी ने सोमवार को जोनल अस्पताल में डायरिया नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत डायरिया जैसे रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान हाथों को स्वच्छ रखने तथा हाथ धोने की प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। तथा डायरिया से पीड़ित बच्चों को अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। डॉ गुलेरी ने कहा कि डायरिया से जुड़ी जानकारी व जागरूकता शिशु मृत्यु दर को कम करने महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### अज्ञात व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज

**राकेश डोगरा, डरोह।** जल शक्ति विभाग उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता डिंपल कुमार ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भवारना पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा कि मैं परिवार सहित जल शक्ति विभाग के सरकारी क्वार्टर में रहता हूं। 30 जून देर रात 1:32 बजे पर हम परिवार सहित सो रहे थे तभी बाहर पाइपों के फेंकने की आवाजें आईं। रात को करीब 1:41 बजे एक ट्राला पनापार की ओर से धीरा की तरफ जाता हुआ दिखा। उन्होंने पुलिस थाना भवारना में एफआईआर दर्ज करवा दी है। (अनंत ज्ञान)

**टेंशन** राजस्व विभाग में बिना इंटरनेट की सुविधा के ही लागू कर दिया ऑनलाइन फीस मॉड्यूल

## नए कानून से पटवारी व कानूनगो चिंता में

**सन्नी पुरी, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में पहली जुलाई से लागू किए गए ऑनलाइन फीस मॉड्यूल ने पटवारी व कानूनगो को सांसत में डाल दिया है। हालांकि पुलिस विभाग में नए कानून के तहत काम होने लगा है। उधर राजस्व कार्य ऑनलाइन होने के साथ अब फीस मॉड्यूल भी ऑनलाइन कर दिया गया है लेकिन किसी भी पटवारघर में अभी तक इंटरनेट की सुविधा नहीं दी गई है। बिना इंटरनेट आनलाइन कार्यों को कैसे अमलीजामा पहनाया जाए पटवारी व कानूनगो इस उधेड़बुन में हैं। हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने प्रदेश सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि जब तक पटवारघरों में ब्राडबेंड सुविधा के साथ प्रिंटर न दिए गए तब तक पटवारी कैसे आनलाइन कार्य करेंगे।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि सत्रह जुलाई को इस मुद्दे को लेकर राज्य स्तरीय बैठक बुलाई गई है। अगर इससे पहले प्रदेश सरकार ने कोई हल नहीं निकाला तो पटवारी आनलाइन कार्य करने में असमर्थ होंगे। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि पेपरलेस कार्य को तरजीह देने के प्रदेश सरकार के निर्णय की संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ सराहना करता है। आनलाइन कार्य होने से लोगों के कार्य भी जल्द होते हैं और समय की बचत भी होती है लेकिन यह तभी संभव है जब पटवारघरों में ब्राडबेंड व प्रिंटर की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि डिजीटल क्रांति के इस युग में डिजीटल क्रांति तभी लाई जा सकती है जब आधारभूत ढांचा मजबूत हो। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी अन्य कार्यों के साथ अब आनलाइन फीस मोड्यूल भी आ गया है लेकिन आनलाइन फीस बिना इंटरनेट की सुविधा के कैसे काटी जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के इस मौसम में भी राजस्व कर्मी ही राहत कार्यों को अमलीजामा पहनाते हैं और समय समय पर प्रशासनिक अधिकारियों तक सूचनाएं पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सब कार्य इंटरनेट सुविधा के बिना संभव ही नहीं हैं। राजस्व विभाग को कंप्यूटरीकृत करने का कार्य वर्ष 2000 में शुरू किया था, लेकिन भी तक पटवारघरों में इंटरनेट सुविधा नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि जब तक इंटरनेट सुविधा नहीं मिल जाती तब तक फीस मॉड्यूल को धरातल स्तर पर लागू ही नहीं किया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

## आईटीआई शाहपुर में चार जुलाई को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

आईटीआई पास युवाओं के लिए नौकरी का सुनहरा मौका है। आईटीआई शाहपुर में 4 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से आईटीसी लिमिटेड कपूरथला कंपनी अपने यहां खाली चल रहे 25 पदों को भरेगी। आईटीआई शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि इस कैंपस इंटरव्यू वही अभ्यार्थी भाग सकते हैं, जिन्होंने आईटीआई इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, फायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर मैकेनिक व्हीकल और कोपा ट्रेड में की हो। चयनित अभ्यर्थियों को सैलरी 11,517 रुपए तथा 800 रुपए अटेंडेंस महीना और 12 कैजुअल, 15 मेडिकल लीव तथा फेस्टिवल हॉलीडे का प्रावधान मिलेगा। कंपनी चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 3 साल तक रखेगी तथा उसके बाद परफॉर्मेंस के आधार पर नियमित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को सुबह 10 बजे कैंपस शुरू हो जाएगा।

आईटीआई के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस इंटरव्यू में उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 25 वर्ष होनी चाहिए। इसमें 2017 से 2023 तक के आईटीआई पास आउट अभ्यर्थी ही भाग ले सकते हैं, जिनकी उम्र 1 अप्रैल 1999 से 31 अगस्त 2005 तक हो। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चैरिटेबल ट्रस्ट ने की पीड़ित परिवार की सहायता



अग्निकांड से प्रभावित परिवार की सहायता करता शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट।

**सुनील कुमार, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट अग्नि पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आगे आया है। जानकारी के अनुसार अश्वनी कुमार गांव डबरेड़ा का एक महीने पहले मकान पूरा जल गया था। इसको देखते हुए पीड़ित परिवार की सहायता के लिए गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 11000 रुपए की मदद की। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष उषा रानी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, फाइनेंशियल सेक्रेटरी प्रदीप शर्मा व अन्य सदस्य मनीष, निशा कुमारी, आदित्य शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### बड़सर के कई क्षेत्रों में आज बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर में 2 जुलाई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते बड़सर, मैहरे, गलू, बणी, बुंबलू, सकोह, कलौहण, ब्याड़, कड़साई, ननावां, राईयां, सेहली, समनकोठी, हार, बल और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विजय सिंह ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बैडमिंटन ट्रॉफी पर डीएवी भड़ोली का कब्जा



डीएवी टूर्नामेंट के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

**शशि सोनल, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर एचपी जोन डी के अंतर्गत क्लस्टर-3 रोलर स्केटिंग एवं बैडमिंटन 2 दिवसीय टूर्नामेंट ब्वॉयज एवं गर्ल्स का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी पालमपुर, हमीरपुर, कांगू, देहरा, भड़ोली, नरवाणा, धर्मशाला, बाघनी, लझियाणी के खिलाड़ियों ने अपना प्रतिनिधित्व किया। डीएवी भड़ोली के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के वाइस चेयरमैन डॉ. ओपी सोंधी ने शिरकत की। इसमें प्रिंसीपल डीएवी देहरा राकेश शर्मा व प्रिंसिपल डीएवी कांगू सुरेश कुमार शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। रोलर स्केटिंग अंडर -17 का पहला मैच (300 मीटर) डीएवी भड़ोली, नरवाणा और बाघनी के बीच हुआ। इसमें बाघनी विजेता और नरवाणा उपविजेता रहा। दूसरा मैच (1000 मीटर) नरवाणा, बाघनी धर्मशाला के बीच हुआ, जिसमें नरवाणा विजेता और बाघनी उपविजेता रहा। तीसरा मैच (500 मीटर) नरवाणा, भड़ोली, बाघनी के बीच हुआ, जिसमें डीएवी नरवाणा विजेता और उपविजेता रहा। वहीं, बैडमिंटन का फाइनल मैच अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में डीएवी हमीरपुर और भड़ोली के बीच हुआ, जिसमें डीएवी भड़ोली विजेता और हमीरपुर उपविजेता रहा। अंडर -14 लड़कों के वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता और पालमपुर उपविजेता रहा। अंडर -17 लड़कों के वर्ग में डीएवी भड़ोली विजेता और देहरा उपविजेता रहा। डीएवी भड़ोली के खिलाड़ियों ने दोनों वर्गों में (अंडर 14, 17,19) बैडमिंटन में बेहतरीन प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। अंत में प्रिंसिपल व मुख्यातिथि ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल हाईवे पर सफेदे का पेड़ बनेगा आफत

**हमीरपुर।** हमीरपुर शिमला नेशनल हाईवे पर कोहली में टूटे सफेदे का एक हिस्सा सड़क के ऊपर दूसरे पेड़ पर लटक गया है। तूफान या बारिश की बात तो छोड़िए, यह पेड़ किसी भी समय बड़ी वारदात को बुलवा दे रहा है। लेकिन नेशनल हाईवे के अधिकारियों को इसकी जरा भी परवाह नहीं दिख रही। पेड़ भी काफी मोटा है और यदि यह पेड़ नीचे गिरा तो फिर बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले कई दिनों से यह ऐसे ही लटका हुआ है। यहां के लोगों की मांग है कि इस लटके हुए पेड़ के हिस्से को तुरंत यहां से हटाया जाए। इसका खतरा आसपास के लोगों और दुकानदारों पर भी बना हुआ है।



पेड़ पर टूटी लटकी सफेदे की बड़ी टहनी।

### सदर थाना में नए कानूनों की दी जानकारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना हमीरपुर में सोमवार को कानून में किए गए बदलाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पुलिस थाना हमीरपुर के प्रभारी हरीश गुलेरिया ने विभिन्न धाराओं में किए गए परिवर्तन के बारे में बताया। इसके अलावा पुलिस कर्मचारियों, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को इन नए कानूनों जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई से पहले पंजीकृत मामलों में पुरानी धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी, जबकि उसके बाद होने वाले सभी मामलों में नए आपराधिक कानूनों के तहत पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन नए आपराधिक कानूनों से औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति मिलेगी। इनमें दंड की बजाए न्याय पर अधिक कार्य किया जाएगा। इस कार्यशाला में पुलिस से सेवानिवृत्त पेंशनर व पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### होम वोटिंग का 558 मतदाताओं ने किया प्रयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम एवं हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के 541 बुजुर्ग मतदाताओं और 129 दिव्यांग मतदाताओं सहित कुल 670 मतदाताओं ने घर से ही मतदान करने के लिए फार्म 12 डी के माध्यम से आवेदन किया था। इनमें से 558 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 454 बुजुर्ग मतदाता और 104 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में होम वोटिंग की प्रक्रिया अभी जारी है।

### मेबा-बमसन प्रोजेक्ट से पानी मिलना शुरू

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र भोरंज को बमसन लगवालती उठाऊ पेयजल योजना से जोड़कर क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने के लिए मेवा बमसन प्रोजेक्ट शुरू किया था, लेकिन गर्मियों में इस योजना का लाभ भी लोगों को नहीं मिला। विधायक सुरेश कुमार ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि भोरंज में पानी की समस्या को शीघ्र दूर किया जाए। इसको लेकर जल शक्ति विभाग ने मेवा बमसन प्रोजेक्ट को फिर से सुचारु कर दिया है। इस बारे में जल शक्ति विभाग भोरंज के अधिशासी अभियंता प्रदीप चड्ढा ने बताया कि अवाहदेवी टैंक से 60 लाख लीटर पानी रविवार से भोरंज को मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि जहां पर भी पानी की कमी होगी, उसे शीघ्र दूर किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बरसात से पहले व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शशि सोनल, नादौन।** बरसात का मौसम शुरू होते ही नगर पंचायत नादौन ने अप्रिय घटना से निपटने के लिए कमर कस ली है ताकि बारिश के कारण होने वाले नुकसान से बचा जा सके। इसी कड़ी में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ उनके साथ नगर पंचायत सचिव रमन शर्मा, जेई अंशुल, स्वच्छता प्रभारी अक्षत सोनी, फोरलेन के अधिकारी अंकुर यादव सहित लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। शहर में वारिश के पानी की सही निकासी हो इसके लिए शहर के वार्ड न.1 तथा वार्ड 6 की नालियों का मुआयना किया तथा संबधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दिनों में नालियां ब्लॉक न हों, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। (अनंत ज्ञान)



नगर पंचायत अध्यक्ष बरसात को लेकर अलर्ट पर।

# बाबा बालकनाथ मंदिर में राशन का गड़बड़झाला

## आटा-चीनी की बोरी निजी गाड़ी से बरामद, ट्रस्ट प्रशासन जांच में जुटा, पुलिस में नहीं पहुंचा मामला

**विक्रम ढटवालिया/एसके ठाकुर, हमीरपुर/बिझड़ी**

दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर में राशन के गड़बड़झाले का एक बार फिर खुलासा हुआ है। सोमवार को एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने यहां की भीतरी व्यवस्था का फिर से खुलासा करने का प्रयास किया है। दोपहर में एक निजी गाड़ी के जरिए आटा और चीनी की अलग-अलग बोरियां जिस निजी 800 कार में पकड़ी गई हैं, उससे यहां के स्टोर व्यवस्था की कमियों का फिर से भंडाफोड़ हो रहा है। हालांकि अभी तक स्थानीय पुलिस के पास कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है लेकिन न्यास प्रशासन अपने स्तर पर इसकी जांच में जुटा हुआ है।

मंदिर से राशन चोरी का मामला सामने आने के बाद निश्चित ही श्रद्धालुओं के आस्था पर चोट पहुंची है। ऐसा नहीं कि यह पहला मामला है, पहले भी कई बार मंदिर कर्मचारियों पर राशन को इधर-उधर करने के आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। बड़सर के एसडीपीओ सचिन हीरामत साई ने बताया कि न्यास से अभी इस मामले को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### कई महीनों से चला हुआ है गोरखधंधा

मंदिर के लंगर के स्टोर से एक स्थानीय दुकानदार द्वारा आटे व चीनी की बोरी गाड़ी में लोड कर ली गई। इसके बाद आटे की बोरी व्यक्ति की गाड़ी से तथा चीनी की बोरी उसकी दुकान से बरामद हुई है। यह गोरखधंधा पिछले कई महीनों से लगातार चला हुआ है, लेकिन मंदिर प्रशासन न तो इसे पकड़ पाया और न ही इस पर अंकुश लगा पाया। जिस व्यक्ति की गाड़ी से यहां राशन पकड़ा गया है, वह स्थानीय मार्केट में ही रोट प्रसाद की दुकान करने वाला बताया जा रहा है। उक्त सामग्री मारुति 800 में लाई गई बताई जा रही है। जिसे मौके पर रंगे हाथों पकड़ लिया गया। बता दें कि लंगर के स्टोर से एक बोरी चीनी 50 किलो और एक बोरी आटा 50 किलो लेकर संजीव कुमार मारुति गाड़ी नंबर एचपी 20 सी 2939 में ला रहा था। लोगों द्वारा शोर मचाने तक गाड़ी से चीनी की बोरी उसने मेन गेट के सामने अपनी दुकान में उतार ली थी। इसके बाद गाड़ी भगा कर विश्रामगृह के पास जा रही थी, वहां पकड़ ली गई।




### ये नहीं मंजूर : डीसी

उधर, डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि सूचना मिलने पर बड़सर के एसडीएम और न्यास के अध्यक्ष को दियोटसिद्ध भेजा गया है, ताकि इस पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार की जा सके। मंदिर परिसर के अलावा ऐसी महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की जरूरत है और इस मामले पर कड़ी कार्रवाई होगी। पूरी रिपोर्ट आने के बाद किसी को बख्शा नहीं जाएगा। श्रद्धालुओं के चढ़ाने का यह राशन इधर-उधर चला जाए, यह किसी को भी मंजूर नहीं। थोड़ा इंतजार करो, सब ठीक होगा।

### दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा : चंदेल

मंदिर अधिकारी संदीप चंदेल के अनुसार राशन चोरी के मामले की रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। ट्रस्ट के नियमों के अनुसार जो भी कार्रवाई बनेगी, की जाएगी। उनका कहना हैं कि मंदिर परिसर में एक दुकान के अदर 50 किलोग्राम चीनी की बोरी तथा 50 किलोग्राम आटे की बोरी बरामद हुई है। छानबीन जारी है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# होमगार्ड ने एसपी से लगाई गुहार ड्यूटी टाइम को न बदला जाए



टाइम में बदलाव को लेकर एसपी से मिलने जाते हुए होमगार्ड्स।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए गृह रक्षा विभाग के 38 होमगार्ड्स को लगाया गया है, लेकिन पहली जुलाई से यातायात विभाग में सेवाएं दे रहे होमगार्ड्स का डयूटी टाइम बदल दिया, जिससे नाराज होकर सोमवार को होमगार्ड्स एसपी भगत से मिले और अपनी समस्या के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि पहले होमगार्ड की ड्यूटी सुबह 8 से 2 बजे तक और 2 से 8 बजे तक थी, जिसे बदल कर सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक कर दिया था, जिसे फिर से बदल दिया गया है। गृह रक्षा विभाग के जवानों ने यातायात प्रभारी राज कुमार के माध्यम से एसपी हमीरपुर तक यह बात पहुंचाई। उन्होंने कहा कि इससे हमें परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यातायात में तैनात होमगार्ड्स जिला के दूरदराज क्षेत्रों से डयूटी देने के लिए आते है, उन्हें सबसे अधिक समस्या यातायात की है क्योंकि यातायात के साधन न होने से समय पर ड्यूटी पर पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

इस अवसर पर राज कुमार, प्रदीप कुमार, रणवीर सिंह, सोला राम, अरुण कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, अशोक कुमार, रविंद्र कुमार, यशपाल, मनोज कुमार ने बताया कि एसपी ने हमारी मांगों को मान लिया है और डयूटी टाइमें सुबह 7 से 2 और 2 से 9 बजे तक कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने तेज किया चुनाव प्रचार कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां



चुनाव प्रचार में जुटे भारतीय जनता पार्टी के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा ने हमीरपुर चुनाव में अपना प्रचार प्रसार तेज करके जिम्मेदारियां बांट दी हैं। 94 बूथ को 5 सेक्टर में बांटा है। इसमें हमीरपुर ग्रामीण एक में 6 ग्राम केंद्रों के तहत 17 बूथ शामिल किए गए हैं। इसमें चुनाव सेक्टर प्रभारी वर्तमान में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को लगाया गया है।

इसी प्रकार हमीरपुर ग्रामीण-2 में 6 ग्राम केंद्रों के अंतर्गत 16 बूथ आ रहे हैं। इसमें पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर को चुनाव प्रभारी लगाया गया है। इसी प्रकार सेक्टर-3 हमीरपुर शहरी इकाई जिसमें 15 बूथ आते हैं। इस शहरी इकाई सेक्टर में पूर्व मंत्री राजिंद्र गर्ग को चुनाव प्रभारी लगाया गया है। इसी प्रकार इसी प्रकार बमसन सेक्टर में 8 ग्राम केंद्र में आते हैं। इनमें सुरेंद्र शौरी को चुनाव प्रभारी लगाया गया है।

इसी प्रकार मेवा सेक्टर में 5 ग्राम केंद्रों के अंतर्गत लगभग 18 बूथ आते हैं जिसमें जेआर कटवाल को चुनाव प्रभारी लगाया गया है। इस अभियान के तहत सभी चुनाव प्रभारी बूथ अध्यक्षों, बीएलए एवं बूथ पालकों सहित डोर-टू-डोर प्रचार में जोर-शोर से डट गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत सभी चुनाव प्रभारी सहित बूथों के कार्यकर्ता एवं भाजपा मंडल पदाधिकारी घर-घर जाकर भाजपा की योजनाएं लोगों को बताकर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

**बाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के हनोह व पपलाह इत्यादि कस्बों में सोमवार को दिनभर लाइट कट से लोग परेशान रहे। इसके अलावा सनेड़ गांव में भी रविवार रात 10 बजे बिजली चली गई जो दोपहर तक ठीक हो पाई। बताते चलें कि हनोह गांव में तो पिछले शुक्रवार भी पूरी रात 11 बजे से बिजली गुल रही, जो शनिवार 2 बजे के करीब आई।

लोगों का कहना है कि अब तो भोरंज यूपी बिहार बन गया है लाइट का कोई भरोसा नहीं है कब जाएगी, कब आएगी। इससे आम जनता बहुत परेशान है। बिजली गुल होने से बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। यदि इसी तरह बिजली गुल होती रही तो विद्यार्थियों का भविष्य कैसे उज्ज्वल होगा। बिजली बोर्ड हर माह निर्धारित दिनांकों 10 व 25 को विद्युत कट लगाता था ताकि विद्युत लाइन व उपकरणों का उचित रखरखाव कर सके, परंतु अघोषित कट लगने से आम जनता बहुत परेशान है। कई दिन से कट लग रहे हैं, जबकि इसकी कोई भी पूर्व सूचना नहीं होती है। जब भी क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड से विद्युत कट के बारे में जानना चाहा तो मात्र एक ही जवाब मिलता है कि हमें पता नहीं है कि लाइट कब आएगी, लाइट ऊपर से बंद है, जिससे अधिकारियों के बयान भी हवा में ही लगते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि कट लगना तो रोज का काम है। जरा सा तूफान या बारिश होने पर बिजली गुल हो जाती है। बिजली संबंधित काम करने वालों का कहना है कियदि पहले ही पता हो कि आज विद्युत कट है तो वे घर से ही न निकलें।

हमारा तो पूरा दिन ही बर्बाद हो जाता है और तो और बिजली के बार-बार कट लगने से बिजली के उपकरण जलने की भी आशंका बनी रहती है और अन्य फ्रिज आदि में रखा सामान भी खराब हो जाता है। लोगों में रवि, धर्म चंद, मनोज कुमार, जगदीश चंद, कश्मीर चंद, सक्षम, मोनिका, राधिका, किरण, मेहर सिंह इत्यादि ने मांग की है कि बिजली आपूर्ति ठीक की जाए और बिजली कट लगाने से पूर्व इसकी सूचना दी जाए। उधर, इस बारे में भरेड़ी बिजली बोर्ड के एसडीओ संजय कुमार का कहना है कि तकनीकी खराबी के चलते बिजली बंद रही है, जिसे ठीक कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बिजली की सप्लाई न होने से गर्मी से जूझते रहे लोग

**एसके शर्मा, जाहू।** विद्युत सबडिवीजन भरेड़ी के अंतर्गत बिजली बोर्ड द्वारा बिना कोई सूचना दिए बिजली कट लगने से लगभग 10 पंचायत के लोगों व दुकानदारों को परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली कट सुबह लगभग 11 बजे लगा दिया गया और शाम को साढ़े पांच बजे तक बिजली बहाल नहीं हो पाई थी। एक तरफ भीषण गर्मी का कहर तो दूसरी और बिजली के कट लगने से लोग गर्मी से परेशान रहे। दुकानदारों राजेश कुमार, मनु कुमार, रजनीश कुमार, रमेश चंद, मनोज कुमार, अमरदीप का कहना है कि बिजली बोर्ड द्वारा अचानक बिजली कट लगाने से दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है। इनका कहना है बिजली बोर्डके द्वारा 25 जून को भी सुबह से लेकर शाम तक कट लगाया गया था तो एक जुलाई को ऐसा कौन सा लाइन में फालट पड़ गया कि दोबारा बिजली आपूर्ति की सप्लाई बंद करनी पड़ी। दुकानदारों का कहना है कि अगर विभाग ने लाइन पर काम करना था तो इसकी सूचना से लोगों को अवगत करवाना चाहिए था। विधुत सबडिवीजन भरेड़ी के सहायक अभियंता संजय ने बताया कि जाहू से बिझड़ी को लाइन जोड़ने के कार्य करने की वजह से बिजली कट लगाना पड़ा।

# देवभूमि में धनबल, षड्यंत्रों और गुमराह करके सत्ता हासिल करना आसान नहीं : प्रेम कौशल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि यदि भाजपा के मौजूदा प्रत्याशी और पूर्व विधायक आशीष शर्मा को यदि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मंत्री बनाने का ऑफर आया था, तो फिर उन्होंने ठुकरा क्यों दिया। इससे अच्छी बात तो कोई और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नहीं हो सकती थी, लेकिन कौशल ने कहा कि उनका यह वक्तव्य पढ़कर बेहद ताज्जुब हुआ है कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं से खेलने वाले व्यक्ति कैसी-कैसी बातें करके अब मतदाताओं को गुमराह करने की फिर से साजिश रच रहे हैं।



सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कौशल ने कहा कि जमीन खिसकती देखकर अब जनता को फिर से गुमराह करने का अभियान भाजपा प्रत्याशी ने शुरू कर दिया है, लेकिन उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में धनबल, षड्यंत्र और गुमराह करके सत्ता हासिल करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के अब जीत के करीब आने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यदि जीतने का उनका दावा है तो फिर विपक्ष में बैठकर वे हमीरपुर के साथ न्याय कैसे करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस समय जो तीन उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें भाजपा के तीनों प्रत्याशियों की बुनियाद भ्रष्टाचार की ही रही है। इसी पृष्ठभूमि के यह तीनों लोग हैं ।बॉक्स उन्होंने इस बात पर भी बेहद दुख जताया और कहा कि यह की स्थिति पैदा हुई है, जब भाजपा के नेता अभी भी सरकार गिराने की लगातार बात कर रहे हैं 6 में से चार यूपी चुनाव हार कर भी भाजपा को तसल्ली नहीं हुई यह ऐसा लगता है कि भाजपा नेता प्रदेश में लगातार हर से मानसिक संतुलन को बैठे हैं। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव ही लड़ना था तो इस्तीफा क्यों दिया : पिंका

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हिमाचल में वर्तमान समय में देहरा, हमीरपुर एवं नालागढ़ में हो रहे उपचुनावों में प्रदेश की सुक्खू सरकार इन तीनों सीटों को जीत कर इतिहास रचेगी। यह बात कांग्रेस के जिला हमीरपुर के वीस सूत्रीय कार्यक्रम के जिला सदस्य राजेश कुमार पिंका ने कही। इस अवसर पर उनके साथ प्रवीण चौधरी, संदीप कुमार आदि शामिल थे।



यदि भाजपा के इन तीनों विधायकों ने जिन्होंने पहले एक आजाद प्रत्याशी के रूप में अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ा था एवं उन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें भारी जनादेश देकर अपने क्षेत्र की सेवाएं एवं विकास कार्य करवाने के लिए विधानसभा सदन में भेजा था तो आखिर क्या कारण था जिस वजह से इन्होंने अपनी विधायकी से त्याग पत्र दे दिया और यदि त्याग पत्र ही देना था तो अब वे दोबारा क्यों चुनाव लड़ रहे हैं। ये बात उन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इन भाजपा प्रत्याशियों से अवश्य पूछनी चाहिए।

# ग्रामीणों ने पेश की मिसाल, अपने ही दम पर कर डाला पुली और रास्ते का निर्माण

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

हमीरपुर जिले के बमसन ब्लॉक की पंचायत बारी में ग्रामीणों ने अपने ही दम पर पुली और रास्ते का निर्माण कर मिसाल पेश की है। दरअसल में ग्रामीणों ने दानराशि एकत्रित कर पहले यहां मोक्षधाम का निर्माण किया। जहां पहले मुश्किल से 50 लोग बैठ पाते थे, वहां करीब 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था अपने दम पर कर दी। इसी मोक्षधाम को पंचायत की तरफ से एक सड़क का निर्माण भी काफी समय पहले किया गया था। बरसात के कारण यह सड़क टूट गई थी, जिसे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही ठीक करवा लिया।

यहां नाले पर बनी पुरानी पुलिया से बड़ी गाड़ी नहीं निकल पा रही थी। ग्रामीणों ने फिर हिम्मत जुटाई तो दो बड़ी चैनल पाइप डाल बड़ी पुलिया बना दी। इसके अलावा मोक्षधाम तक पक्का रास्ता पेबर टाइल डाल कर बनाया गया। इस निर्माण की चर्चा जब आसपास की पंचायतों तक भी पहुंची तो लोग बारी मंदिर पहुंच ग्रामीणों की मेहनत देखने पहुंचने लगे। समाजसेवा और श्रमदान की इस अनोखी मिसाल की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।



पंचायत बारी के लोग अपने जरूरत वाले कार्यों को करते हुए।

अनंत राम परमार, जगदीश परमार, हरबंस सिंह, रजनीश शर्मा, संजीव चौहान, जय राज चौहान, हंसराज चौहान, रिंकू चौहान, लक्की चंदेल, देश राज चौहान, पिंकू चौहान, अश्वनी, संजू, लक्की, विशाल इत्यादि का कहना है कि बारी, महाड़े और चाहड़ के लोगों ने जनसेवा की एक बड़ी मिसाल पेश की है। संगठन, एकता और ईमानदारी से कई ग्रामीण स्तर के विकास कार्य आपसी तालमेल से हो सकते हैं।

इस बारे में पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से जो विकास कार्य हुए हैं, वे प्रशंसनीय है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर जो कार्य किए हैं, उससे अन्य लोगों को भी सीख मिलती है। (अनंत ज्ञान)

**निर्देश** व्यय पर्यवेक्षक ने लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों से तलब किया खर्च का फाइनल ब्यौरा, कहा-

# अपने व्यय रजिस्टर दुरुस्त करें लोकसभा प्रत्याशी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के आम चुनाव के उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे की गणना को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने हमीर भवन में लोकसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों अथवा उनके एजेंटों के साथ बैठक की। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट के उपचुनाव की व्यय पर्यवेक्षक मीनू सिंह बिष्ट, एडीएम राहुल चौहान, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला, सहायक व्यय पर्यवेक्षक और अकाउंटिंग टीमों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. कुंदन यादव ने उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का निरीक्षण किया तथा इन रजिस्टरों का मिलान सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा तैयार किए गए शैडो रजिस्टरों के साथ किया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार चुनाव की समाप्ति के बाद एक महीने के भीतर प्रत्याशियों को अपने सभी खर्चों का अंतिम ब्यौरा देना अनिवार्य है।



व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव हमीर भवन में बैठक करते हुए, साथ हैं गणमान्य।

आम चुनाव के लिए निर्धारित यह 30 दिन की अवधि 4 जुलाई को समाप्त हो रही है। डॉ. कुंदन यादव ने उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों से कहा कि वे व्यय रजिस्टरों और शैडो रजिस्टरों में व्यय के अंतर को 3 दिन के भीतर दुरुस्त कर लें, ताकि उम्मीदवारों के खर्च के विवरण को 4 जुलाई तक फाइनल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि अगर इस दौरान उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों को खर्चे के आकलन में कोई शंका हो तो वे व्यय पर्यवेक्षक, सहायक व्यय पर्यवेक्षक या अकाउंटिंग टीम से संपर्क कर सकते हैं। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि चुनाव परिणाम की घोषणा के 30 दिन बाद भी अगर कोई प्रत्याशी जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने चुनाव खर्च का सही लेखा-जोखा दाखिल नहीं करवाता है तो भारत निर्वाचन आयोग उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है। उस प्रत्याशी को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए 3 साल तक प्रतिबंधित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के लिए निर्वाचन खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए और विधानसभा के लिए अधिकतम 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इस निर्धारित सीमा से अधिक खर्च किए जाने पर प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और उसका निर्वाचन भी रद्द किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री सुनिश्चित करें उनका संबंध देहरा से या हमीरपुर से : रणधीर शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और उपचुनाव के मुख्य प्रभारी रणधीर शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू और कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव के प्रचार अभियान में कांग्रेस अनैतिक हथकंडों पर उतारु हो गई है। कहीं पर भाजपा द्वारा लगाए गए झंडों को सरकारी अमला उतारने में लगा हुआ है, तो कहीं भाजपा प्रत्याशी के पोस्टरों को फाड़ कर कांग्रेस के लोग अपने प्रत्याशी के पोस्टरों को उस जगह चिपका रहे हैं। चुनाव को नैतिकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से लड़ा जाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने इस बार अनैतिकता की सारी हदें पार कर दी हैं। यहां तक कि सरकारी स्कूलों में भी कांग्रेस के चुनाव प्रचार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं और कर्मचारियों को तबादलों की धमकियां दी जा रही हैं। कांग्रेस



प्रत्याशी की संभावित हार से मुख्यमंत्री घबरा चुके हैं। जानकारी के अनुसार इसी डर से वह 1-2 दिन हमीरपुर में डेरा डालने वाले हैं।

यहां आकर मुख्यमंत्री जनता को फिर से ये कहकर गुमराह करेंगे कि वह हमीरपुर से हैं, इसलिए जनता कांग्रेस प्रत्याशी को वोट डाले। इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री देहरा में जाकर कहते रहते हैं कि देहरा, मैं हूं तेरा। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि पहले वह ये सुनिश्चित कर लें कि उनका संबंध देहरा से है या हमीरपुर से। अपने नाम और स्थान की बजाय अगर सुक्खू अपने काम और सरकार की डेढ़ साल की उपलब्धियों पर वोट मांगेंगे, तो बेहतर होगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बंदरों के उत्पात से चौगान वार्डवासी परेशान

**एमएम डैनियल, चंबा।** नगर परिषद चंबा अधीन चौगान वार्ड में गत दिनों से बंदरों के उत्पात ने वार्ड वासियों की नाक में दम कर रखा है। हालांकि वार्ड वासियों ने कई बार संबंधी विभाग अधिकारियों समक्ष बंदरों से निजात दिलवाने की गुहार भी लगाई है। हालांकि विभाग ने मुख्यालय व आस-पास में स्थित क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ने का अभियान भी चलाया गया। लेकिन गिनचुने बंदरों को पकड़ने के पश्चात विभाग ने इस दिशा से जहां मुंह फेर लिया। वहीं गत माह से एक बार फिर वार्ड में बंदरों की संख्या में इजाफा होने से वार्ड के लोगों की समस्या फिर से बढ़ गई है। चौगान वार्ड वासियों में कमलेश, मुन्ना, राजीव, चंदन, मुनीष, प्रेम चंद, अविनाश, मनोज, राजदीन, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, नितिन, गौरी, अभिषेक, गौरी, अर्चना आदि का कहना है कि पिछले कुछ माह से बंदरों ने वार्ड में उत्पात मचा रखा है। उन्होंने वन विभाग चंबा के अधिकारियों से अपील की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठा चौगान वार्ड वासियों को बंदरों के उत्पात से राहत दिलवाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### सुंदरनगर में अग्निकांड में हुआ लाखों का नुकसान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के मुख्य बाजार भोजपुर में रविवार देर रात भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई है। इस कारण इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान की दूसरी मंजिल में स्थित स्टोर में शॉट सर्किट के कारण लगी आग में लाखों का नुकसान हो गया है। स्टोर में भड़की आग के कारण तीसरी मंजिल में भी रखा सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी मंजिल में भड़की आग के कारण साथ लगते रेडीमेड के शोरूम के बाहरी हिस्से को भी नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर बीएसएल परियोजना के दमकल विभाग ने मौका पर पहुंच कर आग को काबू पाया। दुकान के मालिक इंद्र गुप्ता ने बताया आगजनी में दूसरी और तीसरी मंजिल में रखा बिजली का लाखों का सामान जल गया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरु कर दी है। भोजपुर बाजार में हुए अग्निकांड को लेकर सोमवार को स्थानीय विधायक राकेश जंवाल ने मौके पर पहुंच कर हालातों का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)

### भास्कर गुप्ता बने जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल के आज हुए चुनाव में भास्कर गुप्ता विजय हुए। व्यापार मंडल के चुनाव में चार प्रत्याशी गुरु शरण परमार, भास्कर गुप्ता, विनोद और मोहित लतावा मैदान में थे। आज सुबह से सामुदायिक भवन जोगिंदर नगर में चुनाव करवाया गया। इस चुनाव में 600 व्यापारियों ने अपने मत डाले, जिसमें से 265 गुरुचरण परमार, 304 भास्कर गुप्ता 18 मत विनोद व 11मत मोहित लटावा को पड़े। भास्कर गुप्ता 11 मतों से विजय हुए। (अनंत ज्ञान)

### पंडोह बांध से बाहर निकला अज्ञात शव

**मंडी।** पंडोह बांध के जलाशय से एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है। मामला सदर पुलिस ने दर्ज कर जिला है और मृतक के शव को पहचान के लिए जोनल अस्पताल मंडी के शवगृह में रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

### ब्यास के तट पर हादसों को न्योता दे रहे पर्यटक

**पुष्पराज, मंडी।** मंडी शहर में से ब्यास तट काफी नजदीक है और पंचवक्त्र मंदिर से तो कई बार व्यास नही स्पर्श होकर गुजरती है। मौसम खराब रहने के कारण ब्यास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता नजर आ रहा है और विभाग द्वारा भी लोगों को लगातार आगाह किया जा रहा है कि नदी के समीप न जाए लेकिन लोग लगातार व्यास तट पर सेल्फी लेने के लिए उतर जाते है जिससे उन्हे बाद में हादसे का शिकार होना पड़ता है। वहीं अगर बीती बरसात की बात करें तो पिछली बरसात में ब्यास का जलस्तर पंचवक्त्र मंदिर के शिखर को छूने वाला था बावजूद इसके लोग लगातार ब्यास नदी में उतर जाते है। विभाग द्वारा उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार की चेतावनी का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिस कारण पर्यटक नदी में उतर जाते और अनजान लोगों को रोकने के लिए भी उक्त स्थान पर कोई व्यक्ति नहीं है जिसके कारण लोग जानकारी के अभाव से ब्यास तट पर उतर जाते है। निगम आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि निगम द्वारा ब्यास किनारे में स्पीकर द्वारा अनाउंसमेंट करवाई जा रही है और जहां उतरने को रास्ता है वहां बोर्ड लगा दीए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## मानसून से संबंधित तैयारियों के लिए जिला मुख्यालय चंबा में डीसी की बैठक

# आपदाओं से निपटने पर फोकस

**एमएम डैनियल, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदा व खतरे से संबंधित तैयारियों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित खतरे व आपदाओं से बचाव बारे विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विधुत विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा जिला के जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान संभावित खतरे तथा आपदाओं से बचाव रोकथाम के लिए उठाए गए आवश्यक कदमों वारे विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुकेश रेपसवाल ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहरों कस्बों तथा अन्य स्थानों पर जल निकासी प्रणाली की साफ सफाई आगामी दो से तीन दिन में सुनिश्चित करें ताकि वर्षा ऋतु के दौरान ब्लॉकेज इत्यादि के कारण कोई अप्रिय घटना ना हो। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल पाइपों को सीवरेज प्रणाली से पर्याप्त दूरी पर रखें ताकि बरसात में पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान जिला में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के अतिरिक्त मरीजों के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों का मुरमत व रखरखाव का कार्य भी सुनिश्चित की करें।

बैठक में खाद्य में आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी की जिला की सभी उचित मूल्य की दुकानों पर जुलाई, अगस्त व सितंबर महीने के राशन की अग्रिम आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है इसके अलावा जिला की सभी 9 गैस एजेंसियों में नियमित गैस आपूर्ति के अतिरिक्त प्रति गैस एजेंसी 50 अतिरिक्त सिलेंडरों का भंडारण सुनिश्चित किया गया है।

उपायुक्त चंबा ने जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित जल विद्युत परियोजनाओं में चेतावनी प्रणाली के बेहतर कामकाज को सुनिश्चित करें ताकि जल विद्युत परियोजना से संबंधित किसी भी चेतावनी को आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल विद्युत परियोजनाओं में सायरन ध्वनि की चेतावनी के अलावा जन संबोधन प्रणाली का इस्तेमाल भी सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए संबंधित क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी आमजन तक संदेश पहुंचा जाए।

बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान कई अन्य विभागों से संबंधित संभावित चुनौतियों व खतरों तथा उनकी रोकथाम के लिए गए उठाए गए आवश्यक कदमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अलावा आपदा से बचाव व रोकथाम से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं वाले भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी महेला, एसडीम अरुण शर्मा, राजेश मोंगरा अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग, राजीव अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग अमित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपनिदेशक कृषि विभाग, डीआर जेएस भारद्वाज जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024

# यशपाल शर्मा को फिल्म 'दादा लख्मी' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक अवॉर्ड



फिल्म निर्देशकों और अभिनेताओं को पुरस्कृत करते हुए ओंकार शर्मा।

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी के कांगणीधार स्थित संस्कृति सदन में स्थानीय प्रायोजक रतन ज्वैलर्स की ओर से प्रायोजित चार दिवसीय प्रथम हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल संपन्न हो गया। इस अवसर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस चार दिवसीय हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा की करीब पचास फिल्में संस्कृति सदन के अलावा आईआईटी मंडी के सालगी स्थित ऑडिटोरियम में दिखाई गई। इस अवसर पर फिल्म जगत के ख्याति प्राप्त अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, यशपाल शर्मा, राजेश जैश, नीरज सूद, सपना, पीहू और गगन प्रदीप के अलावा देश भर से करीब पचास निर्माता निर्देशक भी अपनी फिल्मों के साथ फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। फेस्टिवल डायरेक्टर पवन शर्मा ने बताया कि आज तक उनका अनुभव दूसरों के द्वारा आयोजित फिल्म फेस्टिवल में मेहमान बनकर जाने का ही रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव हिमाचल सरकार ओंकार शर्मा ने कहा कि हिमाचल में फिल्म उद्योग के पनपने की अपार संभावनाएं हैं। ओंकार शर्मा ने फिल्म फेस्टिवल को मंडी और हिमाचल प्रदेश के लिए एक बेहतरीन पहल बताई।

यशपाल शर्मा को हरियाणवी फीचर फिल्म दादा लख्मी के निर्देशन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला, जबकि नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फिल्म का पुरस्कार जैकन हॉल्ट फिल्म के राम बहादुर रेनू, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार लघु फिल्म नाम में क्या रखा है के तनुज विरवैनी को मिला है। मुकेश कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, वहीं मुकेश कुमार सिंह की लघु फिल्म ब्रुनों को सर्वश्रेष्ठ, लघु फिल्म अवॉर्ड मिला है। इसके साथ ही अन्य अवॉर्ड भी मिले। (अनंत ज्ञान)

# लोगों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला स्वास्थ्य विभाग चंबा गत वर्ष मेले दौरान पकड़ी गई मिलावटी मिठाईयों व मावा की भारी मात्रा में पकड़ी खेप व सैंपलों के फेल होने के चलते लोगों स्वास्थ्य के प्रति बेहद गंभीर नजर आ रहा है। जिसके चलते विभाग द्वारा 28 जुलाई से शुरू होने वाले मिंजर मेले से पूर्व ही मुख्यालय व आसपास क्षेत्रों में मिठाई से जुड़ी सामग्री के सैंपन भरने सहित अन्य खाद्य सामग्री का निरीक्षण करने में जुट गया है।

गौर हो कि गत वर्ष स्वास्थ्य विभाग चंबा द्वारा जिला स्वास्थ्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक की अगुवाई में मिंजर मेले दौरान जिला के मुख्यालय सहित विभिन्न स्थलों पर स्थित मिठाई विक्रेता प्रचून व थोक व्यापारियों के सैंपल भरे गये। जबकि नूडल आदि खाने के इस्तेमाल में की जाने वाली टैमटों सॉस के भी सैंपल भरे गए। जिसमें दस सैंपल मिठाई के फेल होने सहित दो सैंपल टैमटों सॉस के फेल हो गये। वहीं पंजाब व हिमाचल निगम की बसों से बिना बिल जब्त किया क्वींटलों के हिसाब पनीर की खेप विभाग द्वारा नष्ट की गई थी।

इन सब बातों को मद्दे नजर रखते हुए इस बार विभाग ने मेले से पूर्व ही कमर कसते हुए हाईवे व संपर्क मार्गो पर अलग अलग टुकड़ियों में नाका लगा पड़ोसी राज्य पंजाब से अवैध रूप से सप्लाई होने मिठाई सामग्री को पकड़ने की योजना पर दबिश देना आरंभ कर दिया है। जबकि मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में मौजूद स्थानीय मिठाई विक्रेताओं की मिठाई व अन्य सामग्री के सैंपल भरने की प्रक्रिया को विभाग ने आरंभ कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

> मिंजर मेले दौरान व मेले से पूर्व विभाग द्वारा तो स्वास्थ्य के तहत मिठाई विक्रेताओं के सैंपल भरने सहित औचक निरीक्षण सहित कई स्थानों पर छापेमारी की जाती है। ताकि लोगों को पोष्टिक पदार्थ का मेले का सेवन करवा सके। लेकिन कई लोग मेले में बिकने वाले खुले पदार्थों व निम्न स्तर की गुणवत्ता के पदार्थों का स्वयं सेवन कर रोगों को आमंत्रण देते है। जिस पर विभाग अकुंश पाने के लिए मेले से पूर्व निरीक्षण करने सहित जागरुकता अभियान माध्यम लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगा।
> **-डॉ. जालम सिंह, भारद्वाज जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चंबा।**

# बिजली की आंख-मचौनी से कोहल्ड़ी के उपभोक्ता परेशान

**एमएम डैनियल, चंबा**

पंचायत कोहल्ड़ी के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख मचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। क्षेत्र ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि उन्हें सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो रही है। खेत्र में किस समय बिजली गुल हो जाती है।

इस बारे में कई बार ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को चेताने के बाद भी इस दिशा में कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठ पाए है। जिसके चलते ग्रामीणों में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। पंचायत कोहल्ड़ी के ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं में विनीत, पवन, अमित, नीरज, योगेंद, हेम राज, अनिश आदि का कहना है कि क्षेत्र में मौसम खराब हो या सामान्य हो क्षेत्र की बिजली गुल होना आम सी बात बन गई है। जबकि समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है। लोगों ने समस्या का समाधान करने की मांग उठाई है। (अनंत ज्ञान)

> कोहल्ड़ी पंचायत क्षेत्र विद्युत लाइनों का निरीक्षण करवा यहां उपज रही विद्युत समस्या का जल्द स्थायी समाधान करवाया जाएगा।
> **-अजय कुमार, सहायक अभियंता विद्युत बोर्ड, चंबा।**

### जोगिंद्रनगर में स्वास्थ्य शिविर 3 को

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के सर्किल आयुष हॉस्पिटल में 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अस्थियों से संबंधित रोगों के उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि शिविर में राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय पपरोला के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का उपचार किया जाएगा।

उन्होंने मंडी जिला के संबंधित क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि वह अस्थि रोगों के उपचार के लिए अधिक संख्या में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाएं। (अनंत ज्ञान)

# विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा करें विभाग : डीसी

**एमएम डैनियल, चंबा**

मंडे मीटिंग में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा करने के उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए।

मंडे मीटिंग में नगर परिषद चंबा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के अलावा, चंबा में पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य, मनरेगा, वन अधिकार अधिनियम के मामलों, चंबा में बनने वाले इनडोर स्टेडियम, मंझीर में निर्मित गौ सदन, पर्यटन विभाग द्वारा जोत तथा नैनीखडड में लगाए जाने वाले साईन बोर्ड तथा होर्डिंग, अपना विधालय योजना, कैच द रेन अभियान, अग्नि सुरक्षा, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र रन व बेलच के भवन निर्माण बारे, चंबा में नर्सिंग कॉलेज खोलने बारे, पर्यावरण चेतना केंद्र साहू तथा चंबा शहर के प्राचीन भवनों के जीर्णोद्धार वारे विस्तृत समीक्षा वचर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने एसडीएम चंबा को अगली मंडे मीटिंग से पहले इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए पेड़ों के कटान के लिए संयुक्त निरीक्षण बारे निर्देश दिए।

उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी चंबा तथा लोक निर्माण विभाग के अधीशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जोत तथा नैनीखडड क्षेत्र में साइन बोर्ड व होर्डिंग के लिए अगली मंडे मीटिंग से पूर्व आकलन प्रस्तुत करें। अपना विधालय योजना के संबंध में उपायुक्त चंबा ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में सभी विभागीय कार्यालय प्रमुखों को कोई एक विधालय गोद लेने के का आग्रह करें। (अनंत ज्ञान)

# सुकेती में बीबीएमबी जलाशय से सिल्ट निकालने में लगे ड्रेजर

**उमेश, सुंदरनगर**

बीएसएल प्रोजेक्ट के ड्रेजरों ने सुंदरनगर जलाशय से सुकेती सुकेती खड्डु में सिल्ट उगलनी शुरू कर दी है। सिल्ट निकासी के लिए प्रदेश हाईकोर्ट की ओर से तय अवधि की समय सीमा शुरू होते ही बीबीएमबी ने सिल्ट निकासी का कार्य शुरू कर दिया। सिल्ट निकासी के लिए करीब 200 क्यूसिक पानी साथ में छोड़ना लाजिमी है, जिससे सिल्ट पानी के तेज बहाव में बहकर ब्यास नदी तक पहुंच जाए। अब तक सुकेती खड्डु पूरी तरह से पानी से भर नहीं पाई है, लेकिन निकट भविष्य में अगर बरसात में सुकेती खड्डु में बाढ़ आती है तो सिल्ट सीधे किसानों के खेतों में पहुंचेगी।

जलाशय से सिल्ट निकासी के लिए बीबीएमबी ने तीन ड्रेजर लगा रखे हैं। करीब पांच किलोमीटर वर्ग क्षेत्र में फैले ब्यास-सतलुज लिंक परियोजना के सुंदर नगर जलाशय में मौजूद सिल्ट को बीबीएमबी प्रबंधन दिन-रात तीन माह तक इसकी निकासी करेगा।

विमल कुमार मीना एससी बीएसएल सर्कल-2 सुंदरनगर ने बताया कि प्रोजेक्ट के सुंदरनगर जलाशय से सिल्ट निकासी का कार्य शुरू हो गया है। निकासी का काम प्रदेश हाईकोर्ट की ओर से तय मानकों के अनुसार किया जा रहा है। ड्रेजिंग को लेकर हर प्रकार की एहतियात बरती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# पटवारी और कानूनगो के मोबाइल नंबर होंगे सार्वजनिक

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

जिला में मानसून के चलते सूचना प्रणाली को मजबूती से स्थापित करने की दिशा में जिलाधीश अनुपम कश्यप ने कहा कि सभी पटवारियों और कानूनगो के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए जा रहे है।

जिलाधीश अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। ऐसे में जिला के भीतर सूचना प्रणाली प्रभावी तभी बनेगी जब संबंधित क्षेत्र में पटवारी, कानूनगो से तुरंत सही सूचना प्राप्त होगी। इसी कड़ी में जिले के सभी कानूनगो और पटवारियों के नंबर सार्वजनिक किए जाएंगे, ताकि लोग तुरंत सूचना दे सके। मानसून के चलते कई अप्रिय घटना होने के आसार रहते हैं। लोगों को जान,माल को नुकसान पहुंचाने वाली सूचनाएं सही समय पर न मिलने के कारण राहत कार्यों को अमलीजामा पहनाने में कई दिक्कतें पेश आती है।

उन्होंने कहा कि जिला के लोगों को कम से कम समय में प्राथमिक सहायता पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सभी पटवारी और कानूनगो के मोबाइल नंबर मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे और जिलाधीश शिमला की वेबसाइट व फेसबुक पेज पर अपलोड किए जाएंगे। वहीं उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के मोबाईल नंबर भी सार्वजनिक किए जाएंगे। जिलाधीश अनुपम कश्यप ने आम जनता से भी अपील की है कि अपने अपने क्षेत्र के पटवारी कानूनगो का मोबाइल नंबर अपने आसपास के लोगों के साथ साझा करें और आपदा की स्थिति में तुरंत सूचना दें।

जिलाधीश ने सभी उपमंडल अधिकारियों को आदेश दिया है कि अपने अपने क्षेत्र में ऐसे क्षेत्रों का ब्यौरा दें जहां पर बरसात के कारण खतरा बना हुआ है। जिलाधीश ने आदेश दिए है कि पटवारी कानूनगो अगर अपने स्टेशन से नदारद पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ तुरंत कारवाई अमल में लाई जाएगी। पटवारी और कानूनगो लोगों की फोन कॉल्स नहीं सुनते है, तो ऐसी स्थिति में लोग जिलाधीश से सीधे शिकायत कर सकते है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 00113 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 जुलाई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** एकादशीः (8:44) **: नक्षत्र :** भरणी (5:27), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** धृति (11:15) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:52), **राहुकाल** (3:54 -5:38 ।

### विशेष दिन

- 02 जुलाई 2024 : योगिनी एकादशी व्रत आज।
- 03 जुलाई 2024 : जैन समुदाय कल रखेगा रोहिणी व्रत।

**मेषः** संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वाभिमान में वृद्धि होगी। आनाज तिलहन में निवेशादि लाभप्रद रहेंगे। बिना सोचे-समझे कार्य न करें।

**वृषभः** आज का दिन आप के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। निजी जीवन में चल रहे तनाव समाप्त होंगे।

**मिथुनः** कई दिनों से जो बात आप कहना चाह रहे थे, आज कहने का अवसर मिल सकता है। रुके कार्यों में आप के राजनितिक संबंध का लाभ मिलेगा।

**कर्कः** व्यवहार कुशलता और समझदारी से लोग खुश होंगे। आर्थिक लाभ होगा। आप जो भी करें पहले किसी अनुभवी से राय लें फिर किसी कार्य की शुरुआत करें।

**सिंहः** कार्य से ज्यादा आप को दूसरों के कार्यों में दखल देना पसंद है। ज्यादा बोलना मुसीबत बन सकता है। कार्यस्थल पर अनुकूल माहौल मिलेगा।

**कन्याः** लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। वाहन खरीदने का मन बनेगा। मांगलिक कार्य की रूपरेखा बनेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**तुलाः** नया व्यवसाय शुरू करने के लिए परिजनों से आर्थिक सहायता लेनी होगी। वाहन, मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिकः** दोस्तों से अनबन समाप्त होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। अचानक धनलाभ होगा। कोर्ट-कचहरी आदि में धन लगेगा।

**धनु :** आपके अपनों द्वारा आपका सहयोग न करने से दुखी होंगे। राजनीति में आप अपना हुनर आजमा सकते हैं। सफलता के योग हैं।

**मकरः** सभी को साथ में लेकर चलें। वाहन पर खर्च होगा। व्यवसायिक नई योजना से लाभ होगा। पार्टी-का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करने में सफल होंगे।

**कुंभः** शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट दूर होंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। नए लोगों से संपर्क होगा। आर्थिक लाभ के अवसर आयेंगे। विद मित्रों से संपर्क मजबूत होगा।

**मीनः** आप जो करना चाहते हैं उसके पहले रणनीति तैयार करें। अपनी सूझ-बूझ से रुके काम पूरे करवा लेंगे। आप क्रोध बहुत करते हैं, संयत रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी।

# डांस और मॉडलिंग में वर्षा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



देवभूमि हिम कला मंच शिमला द्वारा शिमला के कालीबाड़ी हॉल में हुनरबाज हिमाचल भाग 6 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डांस और मॉडलिंग की प्रतियोगिताए आयोजित की गई, जिसमें पहले दिन प्रतियोगिता के पहले और दूसरे राउंड आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में पहले दिन पार्षद रचना भारद्वाज, पार्षद आशा शर्मा व पूर्व पार्षद डॉ. किमी सूद ने बतौर मुख्यतिथि वहीं दूसरे दिन हिमाचल हाईकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता यशपाल सिंह धौल्टा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आउटसोर्स ब्रांच हेड जय देव ठाकुर ने कार्यक्रम में शिरकत की। निर्णायक मंडल में बॉम्बे रॉक डांस कंपनी के संस्थापक रिंकू खान, पिनाक डांस इंस्टीट्यूट की संस्थापक पलक भारद्वाज और मुस्कान डांस अकादमी की संस्थापक मीनाक्षी शर्मा शामिल रही।

प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में सीनियर डांस में वर्षा शर्मा पहले, सिविका दूसरे और अंकिता तीसरे स्थान पर रही। वहीं जूनियर वर्ग में नमया पहले, देविका व अनिष्का डोगरा दूसरे वहीं सानया और वृद्धि तीसरे स्थान पर रही। चेयरमैन देवेंद्र कुमार ने बताया की बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देना ही संस्था का मुख्य उदेश्य है।

# एकलव्य एजुकेशनल एकेडमी में स्कॉलरशिप टेस्ट 7 को

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



खुशबू शर्मा।

एकलव्य एजुकेशनल एकेडमी, एचपी पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन कर रही है। अकेडमी निदेशक खुशबू शर्मा ने बताया कि एकलव्य एजुकेशनल अकादमी में मॉक टेस्ट उच्च स्तर के प्रश्नपत्रों के साथ विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। इन विशेषज्ञों में आईआईटी से जुड़ा एक शिक्षक शामिल है, जिन्होंने बीएसएफ और एसएससी एसआई जैसे रक्षा परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है।

यह टेस्ट छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्रदान करेगा और तैयारी का सही मूल्यांकन करने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि मॉक टेस्ट 7 जुलाई को सुबह 11 बजे शुरू होगा जो भी छात्र इस टेस्ट में भाग लेना चाहते हैं तो वेबसाइट में जाकर फार्म भर सकते हैं।(अनंत ज्ञान)

## नेचर

### 10-15 हजार से शुरू होकर 25-30 हजार रुपए किलो के हिसाब से बिकती है गुच्छी की सब्जी

# दुनिया की सबसे महंगी सब्जी में औषधीय गुणों के भंडार

**एमएम डैनियल, चंबा**

दुनिया की सबसे महंगी सब्जियों में शुमार और अपने औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध गुच्छी हिमालय की गोद में पाई जाती है। जिसे विश्व, भारत देश में माकुर्ला एस्क्यूपलेटा/स्पंज मशरूम/गुच्छी के नाम से जाना जाता है।

इस सब्जी की कीमत स्थानीय क्षेत्र से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में हजारों रूपए की है। जिसका स्वाद लेने के लिए तो कई शायद तरस कर रह जाते है। हिमालय की गोद में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य में माकुर्ला एस्क्यूपलेटा/स्पंज मशरूम अथवा गुच्छी जिला चंबा, कुल्लू, मनाली, राजधानी शिमला सहित जिला सिरमौर के ऊंचे एवं दुर्गम क्षेत्रों में पाई जाती है। (अनंत ज्ञान)



### प्रसिद्ध खाद्य शृंखला कंपनियों में गुच्छी की मांग

**भारत** के हिमाचल प्रदेश राज्य सहित अन्य विभिन्न राज्यों में प्रसिद्ध खाद्य श्रृंखला (फूड चेन) कंपनियों और फेमेस होटलों की माकुर्ला एस्क्यूपलेटा/स्पंज मशरूम अथवा गुच्छी के सीजन पर पैनी नजर रहती है।

कंपनी से जुड़े कर्मी व कई बार गुच्छी एकत्रित करने वाले स्थानीय व्यवसायिक पहाड़ों से 10 से 15 हजार रुपए में खरीद लेते है। जोकि प्रसिद्ध कंपनियों और इसकी मांग से जुड़े होटल व्यवसायिकों को 25 से लेकर 30 हजार रुपए तक गुच्छी को बेचने का व्यापार कर रहे है।

### गुच्छी खाने से होते है दिल के रोग दूर

**गुच्छी** का नियमित सेवन दिल के रोगों से निजात दिलवाने में अहम साबित होता है। विटामिन बी, डी, सी व के की प्रचुर मात्रा से यह स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। छतरी, टटमोर, डुंचरू या गुच्छी के नाम से विख्यात यह जड़ी बूटी औषधीय गुणों से भरपूर है। गुच्छी के नियमित उपयोग से दिल की बीमारियां नहीं होती हैं। दिल के मरीज अगर इसका उपयोग करते हैं तो उन्हें अधिक फायदा होता है।



> विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता है गुच्छी मेंसरकार को गुच्छी के लिए अलग से कोई योजना तैयार करनी चाहिए। स्थानीय लोगों को स्वरोजगार सहित नेचर की इस देन से हिमाचल प्रदेश राज्य का उत्थान/नाम हो सके ।गुच्छी औषधीय गुणों से भरपूर है, इसे नियमित खाने से दिल की बीमारियां दूर हो जाती हैं। यह दिल के रोगियों के लिए उपयोगी होती है। **-डॉ. संजीव शर्मा, सीएमडी रैबिसन इलेक्ट्रोहोम्योपैथी।**

**जब** मैं अपने आप पर हंसता हूं तो मेरे ऊपर से मेरा बोझ बहुत कम हो जाता है। –रबींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# अब दंड नहीं न्याय

देश में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून अब खत्म हो गए हैं तथा उनकी जगह नए आपराधिक कानून प्रभावी हो गए हैं, जिससे न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव हुआ है। निश्चित रूप से इससे आमजन को लाभ होगा। सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने ले ली है। भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय अधिनियम (बीएनएस) और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) ने ले ली है। नए आपराधिक कानूनों में कई धाराओं को हटाया गया है तो कुछ धाराओं को जोड़ा भी गया है। दर्ज होने वाले मामलों में इस नए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले के मामलों में पुराने कानून के तहत ही केस चलेगा। बलात्कार पीड़ितों का जब भी मेडिकल किया जाएगा, हर कीमत पर सात दिनों के अंदर रिपोर्ट देनी होगी। महिलाओं के खिलाफ जब अपराध होगा, तब सभी अस्पतालों को मुफ्त में इलाज करना होगा, अगर बच्चों के साथ अपराध होंगे, तब भी अस्पताल में मुफ्त इलाज करना होगा। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज की जा सकेगी, पहले की तरह पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं रहेगी। अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर भी अगर वे चाहें तो एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स का घटनास्थल पर जाना जरूरी होगा, पहले जरूरत के मुताबिक ये फैसले लिए जाते थे।

अब बलात्कार की धारा 375 और 376 नहीं रहेगी, इसकी जगह सिर्फ धारा 63 ही रहेगी। अगर सामूहिक बलात्कार का मामला होगा तो धारा 70 लगेगी। इसी तरह हत्या होने पर अब धारा 302 नहीं लगने वाली है, उसकी जगह 101 ने ले ली है। नए आपराधिक कानून सुधारों का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार लाना है। इन सुधारों से आम लोगों को होने वाले लाभ बहुत ज्यादा हैं। लोगों को अब त्वरित न्याय मिल सकेगा। पहले न्याय के लिए बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता था और कई बार तो सालों लग जाते थे, लेकिन अब तेज सुनवाई होगी और कानूनी प्रक्रिया में देरी को कम किया जाएगा। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करना सरकार ने पुख्ता कर दिया है। अदालतों पर बोझ कम होगा। कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा और अनावश्यक मामलों में कमी लााई जाएगी, जिससे लंबित मामलों में कमी आएगी तथा ऐसे मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा। पुलिस की जवाबदेही पहले से बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। अपराधों के लिए सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि अपराधियों को उनके कार्यों या जुर्मों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।

बेहतर सुरक्षा भी इन नए कानूनों से सुनिश्चित होगी। अपराधियों के पुनर्वास और समाज में दोबारा से एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना तथा दोबारा अपराध करने की संभावना को कम करना और सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाना ही इन कानूनों की खासियत है। कमजोर समूहों की सुरक्षा के लिए भी सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के खिलाफ अपराधों के लिए मजबूत कानून और दंड का प्रावधान है। इससे जुर्म कराने वालों को जुर्म करती बार सौ बार सोचना पड़ेगा, क्योंकि अगर एक बार वे कानून के शिकंजे में फंस गए तो उनका छूटना बहुत मुश्किल होगा। उत्पीड़न में कमी भी इन कानूनों के लागू होने से आएगी। न्यायिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और अनावश्यक गिरफ्तारियों तथा हिरासत में कमी आएगी और निर्दोष व्यक्तियों का उत्पीड़न कम होगा। कानूनों की पारदर्शिता में वृद्धि भी होगी। सूचना और प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं तक अधिक पहुंच बन जाएगी। नागरिकों को मामलों की प्रगति पर नजर रखने और कानूनी संसाधनों तक अधिक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाया जाएगा। इन सुधारों का लक्ष्य एक अधिक कुशल, प्रभावी और लोगों के अनुकूल आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है, जो अंततः सभी के लिए एक सुरक्षित और अधिक न्यायपूर्ण समाज में योगदान देगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिस शिद्दत से सरकार ने इन कानूनों को अमलीजामा पहनाकर लागू किया है, उसका जनता भरपूर लाभ उठा पाएगी तथा उसके साथ अन्याय नहीं होगा। ■

# न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा एक जुलाई का दिन

एक जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है।

भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया, जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 – पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। आज के ये तीनों विधेयक एक प्रकार से मोदी के इस एक प्रण की अनुपालना करने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया ।

भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्य सभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। हमारे भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। कई लोग सवाल उठाते हैं कि जब देश में कानून है, तो इन नए कानून की जरूरत क्या है? ऐसे लोगों को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऐसे लोगों को 'स्वराज' का मतलब ही मालूम नहीं है। 'स्वराज' का मतलब 'स्वशासन' से नहीं होता है। 'स्व' शब्द सिर्फ 'शासन' से जुड़ा हुआ नहीं है। 'स्वराज' मतलब 'स्वधर्म' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वभाषा' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वसंस्कृति' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है और 'स्वशासन' को जो प्रस्थापित करे, वह 'स्वराज' है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी थी।



लेखक : कृष्णमोहन झा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

गांधी जी ने 'स्वराज' की लड़ाई लड़ी थी और आज तक आप 75 सालों में से करीब-करीब 60 साल तक सत्ता में बैठे, लेकिन 'स्व' को जागृत करने का काम नहीं किया। 2014 से नरेंद्र मोदी ने इस देश की महान आत्मा को, 'स्व' को जागृत करने का काम किया है और वही आज भारत के उत्थान का कारण बना है। इससे पहले 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किए था। अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सजा मिले, यह सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग न कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। अमित शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे, जिससे हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

15 अक्तूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारे जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए और आत्मविश्वास से भरे समाज के लिए एक भरोसेमंद और त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। हर समाज में न्याय व्यवस्था और विभिन्न प्रक्रियाएं व परंपराएं समय अवधि की जरूरतों के अनुसार विकसित हो रही हैं। जब न्याय मिलता दिखाई देता है, तो संवैधानिक संस्थाओं के प्रति देशवासियों का भरोसा मजबूत होता है और जब न्याय मिलता है, तो आम आदमी का भरोसा बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है और न्यायपालिका इस दिशा में पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। वैकल्पिक विवाद समाधान के तंत्र पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से भारत के गांवों में बेहतर रूप में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। भारत के आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। ये सुधार न्यायिक प्रक्रिया को तेज और अधिक न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संस्कृत को दैनिक जीवन में दें स्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा 'संस्कृत' को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए जो कहा है, वह प्रत्येक भारतवासी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। वास्तव में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, 'मम प्रिया: देशवासिन: अद्य अहं किञ्चित् चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।' वस्तुत: इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां यही समझाते दिखाई दे रहे हैं, 'साथियो, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक कब्बन पार्क है! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहां वाद-विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है 'संस्कृत सप्ताहांत! इसकी शुरुआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ यह प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।' यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए। वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है, जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिंदी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुई हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है। संस्कृत भाषा हिंदू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चर्चा की है। इतिहासकार विल डूरांट लिखते हैं, 'भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। वर्तमान समय में दुनियाभर में संस्कृत के प्रति बहुत रुचि जगी है। नासा के वैज्ञानिक रिक ब्रिग्स ने बहुत पहले चर्चा की थी कि संस्कृत कंप्यूटर में उपयोग के लिए सबसे अच्छी भाषा है। उनके अनुसार संस्कृत वह प्राकृतिक भाषा है, जिसमें कंप्यूटर द्वारा कम से कम शब्दों में संदेश भेजे जा सकते हैं। निश्चित ही कहना होगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को समृद्ध बनाए रखने में इस भाषा का योगदान अतुलनीय है। यह जितनी प्राचीन है उतनी आधुनिक और वैज्ञानिक भी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




बच्चों को आत्मसुरक्षा के गुर सिखा दो,
बच्चों को नैतिक मूल्य सिखा दो,
बच्चों को सहनशीलता सिखा दो,
बच्चों को तैराकी सिखा दो।
बच्चों को अच्छी आदतें सिखा दो।
बच्चों को श्रम का महत्व बता दो।
बस इतना सा काम करके तो देखो,
बच्चे अच्छे नागरिक जरूर बनेंगे।
उन्नति के पथ पर
अग्रसर होगा समाज, देश।
यही है सच्चा ज्ञानोपदेश।

# रोजगार, किसान, गांव और मध्यम वर्ग पर फोकस हो बजट

बजट सरकार के वित्त का सबसे विस्तृत ब्यौरा होता है, जिसमें सभी स्रोतों से प्राप्त राजस्व और सभी मदों पर किया गया व्यय सम्मिलित होता है। आय-व्यय के विवरण सरकार के समष्टिभावी आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के हिसाब से तैयार किए जाते हैं। इसलिए बजट सरकरी नीतियों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होता है। बजट के पहले भाग में सामान्य आर्थिक सर्वेक्षण और नीतियों का ब्यौरा होता है और दूसरे भाग में आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष करों के प्रस्ताव रखे जाते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आने के बाद अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में निर्णय जीएसटी काउंसिल ही लेती है। इसलिए अब आम लोगों के लिए बजट की उत्सुकता पहले की अपेक्षा कम हो गई है। हां, जो लोग प्रत्यक्ष कर दे रहे हैं, उनके लिए अवश्य इसकी उत्सुकता अधिक होती है। सरकार के व्यय करने के कार्यक्रमों और नीतियों के संदर्भ में भी अब जनता अधिक जागरूक है।

उच्च संवृद्धि, तेजी से बढ़ता विनिर्माण क्षेत्र, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बजट अनुमानों की तुलना में राजकोषीय घाटे में कमी से लगता है कि इस समय देश में आर्थिक हालात अच्छे हैं। हालांकि रुपए का थोड़ा सा अवमूल्यन हुआ है और भुगतान संतुलन का चालू खाता घाटा जीडीपी का लगभग 0.7 प्रतिशत है, परंतु विदेशी मुद्रा भंडार 665.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, तो फिर बजट में मोदी सरकार के सामने चुनौती इस विकास को बनाए रखने और मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करने की है। स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सेवाएं दोगुना खर्चीली हो गई हैं जिनसे हरेक व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। परंतु आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 5 प्रतिशत से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय नहीं बढ़ रही है। बजट में अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त अलग से रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्रों एवं व्यवसायों पर विशेष रूप से फोकस करना चाहिए। 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार भले हुआ हो, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से भ्रष्टाचार कम होने का दावा भले ही किया जा रहो, परंतु जमीनी वास्तविकता यह है कि सुगमता एवं स्वतंत्रता के साथ व्यवसाय करने की जद्दोजहद कम नहीं हुई है, राज्य एवं जिला स्तरों पर भ्रष्टाचार बढ़ गया है और लगातार बढ़ती अफसरशाही ने इंस्पेक्टरराज को मजबूत किया है।




लेखक : डॉ. उमेश प्रताप सिंह
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बजट में कर में छूट और सामाजिक व्यय में वृद्धि की उम्मीद है। पिछले बजटों में पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिला परंतु पूंजीगत व्यय रोजगार पैदा करने और आय बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है, इसलिए उपभोग व्यय में कमी आई। सरकार ने जिस प्रकार से विभिन्न मंत्रालयों का बंटवारा किया है और पुरानी नीतियों को जारी रखने का संकेत दिया है, उससे नीतियों में बजट के दौरान बहुत बदलाव की संभावना नहीं है। आशा है कि सरकार राजकोषीय संतुलन को साधते हुए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं लाएगी, क्योंकि अर्थव्यवस्था में आर्थिक समृद्धि को तेज करने के लिए यह आवश्यक है, साथ ही उन क्षेत्रों और उद्योगों में निवेश बढ़ाने पर अधिक फोकस करेगी जहां रोजगार सृजन की संभावना अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में राजकोषीय नीति के दो मुख्य उद्देश्य रहे हैं, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके पूंजी निर्माण में वृद्धि करना और राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत से घटाकर वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत करना है।

सरकार ने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर और विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यय को कम करके अपने व्यय करने की प्रवृत्ति में थोड़ा बदलाव किया। समग्र बजट में पूंजीगत व्यय का हिस्सा कोरोना काल के लगभग 12 प्रतिशत से बढ़कर अब 23 प्रतिशत से अधिक हो गया है। केंद्र सरकार के लिए सकल घरेलू उत्पाद के लिए पूंजीगत व्यय का अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में 1.7 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2023-24 में लगातार बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गया। सापेक्षिक रूप से, खाद्य सब्सिडी, मनरेगा और पीएम किसान जैसे कुछ प्रत्यक्ष कल्याण कार्यक्रमों के लिए आवंटित धन 1.7 प्रतिशत से घटकर जीडीपी का 1.2 प्रतिशत हो गया। इन वर्षों में पूंजी निर्माण तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच इसमें 29.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि हुई। इसी अवधि के दौरान, उपभोग, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, में केवल 17.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि ही हुई।

अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों से उपभोग की मांग के बीच गंभीर विरोधाभास के भी प्रमाण हैं। आर्थिक रूप से मजबूत वर्ग ने विभिन्न प्रीमियम वस्तुओं और सेवाओं की मजबूत मांग दिखाई है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मांग अभी तक कोविड के झटके से उबर नहीं पाई है। पूंजी निर्माण और निर्माण गतिविधि में विस्तार रोजगार पैदा करने के बजाय अधिक पूंजी और प्रौद्योगिकी संचालित रहा है। पूंजीगत व्यय के लिए सरकार के लगातार दबाव के बावजूद, उपभोग और मांग में मजबूत वृद्धि नहीं होने के कारण निजी निवेश में कोई भी सार्थक वृद्धि नहीं हो रही है। इसलिए, बजट में मांग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी व्यय के पुन: आवंटन की एक उचित नीति की आवश्यकता है। चुनाव में झटका खाई मोदी सरकार द्वारा इसीलिए अगले बजट में आवास, ग्रामीण सड़कें, आजीविका बढ़ाने आदि जैसे कार्यक्रमों के लिए अधिक धन आवंटित किया जा सकता है या मांग को बढ़ावा देने के लिए घरेलू क्षेत्र पर करों में छूट दी जा सकती है, जो आवश्यक भी है। चुनाव का सन्देश बड़ा स्पष्ट है कि जब तक आर्थिक संमृद्धि का लाभ समाज के निचले वर्ग के वंचितों और बेरोजगारों तक नहीं पहुंचता है, तब तक वे भारत के सिर्फ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर संतुष्ट नहीं हो सकते, बल्कि उनके लिए रोजगार के अवसरों के लिए सरकार को प्रयास करना ही होगा, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी वास्तविक आय में लगातार वृद्धि हो।

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जनउपयोगी वस्तुओं का उपभोग सिर्फ उपभोक्ता को ही नहीं लाभ पहुंचता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और उससे जुड़े सभी लोगों को लाभान्वित करता है। मध्यवर्ग को राहत देने के क्रम में सरकार को दो और प्रमुख बातों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। प्रथम, वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की बहाली या पेंशन व्यवस्था में सुधार और द्वितीय, आठवां वेतन आयोग का गठन। यह न सिर्फ वेतनभोगी वर्ग की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए बल्कि अर्थव्यवस्था में उपभोग और आर्थिक समृद्धि को गति देने के लिए आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायक

**सैयद** मोहम्मद अजीज-अन-नबी भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक थे, जिन्होंने मुख्यतः बंगाली, ओड़िया और हिंदी फिल्मों में गाने गाए। उन्होंने कोलकाता के गालिब रेस्टोरेंट में एक गायक के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। साल 1984 में वह मुंबई आए थे। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंबर' थी, जो 1984 में रिलीज हुई। उन्हें 80 और 90 के समय में मोहम्मद रफी का उत्तराधिकारी कहा जाता था। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं में 20 हजार से अधिक गाने गाए। 'खुदगर्ज' फिल्म का मशहूर गाना 'आपके आ जाने से' अजीज साहब ने ही गया था, जिसे अभिनेता गोविंदा और अभिनेत्री नीलम पर फिल्माया गया था। मोहम्मद अजीज ने लता मंगेशकर, आशा भोंसले, कविता कृष्णमूर्ति जैसी मशहूर गायिकाओं के साथ युगल गीतों में भी अपनी आवाज दी। मोहम्मद अजीज का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनका वास्तविक नाम 'सैयद मोहम्मद अजीज-अन-नवी' था। हिंदी फिल्मों में उन्हें बड़ा ब्रेक तब मिला, जब संगीतकार अनु मलिक ने अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म 'मर्द' में 'मर्द तांगे वाला' गाना उनको दिया। यह गीत बहुत हिट हुआ। उसके बाद उन्हें पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। उन्होंने हर सफल कंपोजर के लिए गाया। प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने भी उनको अपनी कई फिल्मों में मौका दिया। मोहम्मद अजीज प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी के गानों के बहुत बड़े फैन थे। वह उनको अपना गुरु मानते थे। हालांकि मोहम्मद अजीज ने रफी से कोई प्रशिक्षण नहीं लिया था। एक बार मोहम्मद अजीज ने कहा भी था कि मुझे लगता है कि अगर कोई मोहम्मद रफी का 5 परसेंट भी गाने के लायक हो जाता है तो उसे देश का बेस्ट सिंगर माना जा सकता है। ■



**मोहम्मद अजीज**
जन्म : 2 जुलाई, 1954
मृत्यु : 27 नवंबर, 2018

## अपनी बात

**पहाड़ों** के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है। इसका सबसे बड़ा कारण मधुमेह है। आधुनिक युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही जिंदगी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसिलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। हमें नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर व्यायाम जरूरी है। **–प्रदीप चौधरी, रैत**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

# पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र दिन-प्रतिदिन पाठकों की पसंद बनता जा रहा है। बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतीकरण सूझबूझ तरीके से किया जा रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। 'हर गांव कुछ कहता है' कॉलम की पहल सच में ही सराहनीय है। इससे गांव की दशा और दिशा की कहानी सरकार तक पहुंचेगी। हेल्थ, सीने जगत और नारी शक्ति विशेष कॉलम से पाठकों की रोचकता बनी रहेगी।

**विवेक शर्मा, सोलन**

**मैं** जिला ऊना के बसाल ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या प्रमुख है। यहां उद्योग अथवा क्रशर के कारण बहुत ज्यादा प्रदूषण है। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो बसाल, टक्का और बड़साला आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**–महेश शर्मा,**
**बसाल, ऊना**

**मैं** जिला ऊना के पंजावर ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। यहां साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। बंदरों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो घालूवाल से पंजावर आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में कई जानकानियों से लाभान्वित हो रहा हूं।

**–मुकेश दत्ता**
**पंजावर, ऊना**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र रोज पढ़ता हूं। इसमें मुझे आपका ओपिनियन पेज बहुत ही अच्छा लगता है। इसमें आपने देश की समस्याओं से लेकर राजनीति पर अच्छा विश्लेषण किया होता है। इस समाचार पत्र में एक और भी बड़ी खासियत यह है कि एक ही अखबार में पूरे हिमाचल की खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं। आपका मंगलवार को जो धार्मिक पेज छपता है, उसमें भी देवी-देवताओं की ज्ञानबर्द्धक जानकारी होती है। आपका यह नया अखबार है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि यह अखबार जल्द की हिमाचल का एक प्रतिष्ठित अखबार उभर कर सामने आए, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

**–अश्विनी शर्मा**
**दरंग, कांगड़ा**

**अनंत ज्ञान** समाचार पत्र में हिमाचल प्रदेश की अधिकतम खबरों का समावेश किया गया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की खबरें भी प्रमुखता से प्रकाशित होनी चाहिएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और खेल कॉलम से भी पाठकों को ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा राज्यों की बड़ी खबरों का भी अनंत ज्ञान समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है, जो कि काबिलेतारीफ है।

**सन्नी सिंह**
**कुल्लू, हिप्र**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :*** 88945-21702

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नगर परिषद एरिया में कल बंद रहेगी बिजली

सरकाघाट। 11 केवी सरकाघाट फीडर पर आवश्यक मुरम्मत करने को लेकर 3 जुलाई को नगर परिषद सरकाघाट व इसके अधीन पड़ने वाले क्षेत्र बैहड़, डबरोग, राम नगर, लाका, कराड़ी, लोअर व अप्पर बाजार, जमसाई, नागरिक अस्पताल तथा कुणालग में विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने दी है।

### छात्रों को मिले पर्याप्त हॉस्टल सुविधा : देशमित्र

अनंत ज्ञान, मंडी। आजाद छात्र संगठन मंडी इकाई ने कांग्रेस सरकार से मांग करते हुए कहा कि वल्लभ कॉलेज प्रदेश का सबसे पुराना कॉलेज है, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी विद्यार्थियों को पर्याप्त हॉस्टल सुविधा नहीं मिल पाई है, जिस कारण मंडी शहर में छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिला अध्यक्ष देशमित्र ने कहा कि आज दिन तक मात्र 180 छात्रों को ही हॉस्टल सुविधा मिली है, जबकि विद्यार्थियों की संख्या 6 से 7 हजार के लगभग है। यदि कांग्रेस सरकार समय रहते छात्रों को पर्याप्त हॉस्टल सुविधा नहीं दे पाई तो मंडी जिला में छात्रों को लामबद्ध कर जिला के प्रत्येक विधायक को ज्ञापन सौंपे जाएंगे, ताकि उन्हें भी पता चले कि मंडी में रिहायस तलाश करने में कठिनाई होती है और महंगे दामों पर बिना सुविधा के रूम मिलते हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ता है। यही आंदोलन के बारे में देश मित्र ने सभी छात्र संगठनों से सहयोग की अपील की है।

### पंजीकृत श्रमिकों के बनाए जाएं राशन कार्ड

पुष्पराज, मंडी। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत जिन श्रमिकों के राशन कार्ड अभी तक नहीं बने है, उन्हें शीघ्र ही राशन कार्ड जारी किए जाएं, ताकि श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया जा सके। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा। शहरी क्षेत्रों में इन श्रमिकों के राशन कार्ड खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के निरीक्षकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा बनाये जायेंगे। जिन पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड बने है, वह संबंधित पंचायत खाद्य आपूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।(अनंत ज्ञान)

### बरसात के मद्देनजर पधर में स्थापित किया कंट्रोल रूम

अनंत ज्ञान, पधर। पधर भावना वर्मा अतिरिक्त कार्यभार उपमंडल अधिकारी नागरिक पधर ने कहा कि उपमंडल पधर में बरसात के कारण होने वाली घटनाओं की सूचना देने हेतु उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पधर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 01908 260 666 पर आपदा से संबंधित सूचनाओं प्राप्त करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा अधीक्षक वर्ग -11 उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय पधर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसका मोबाइल नंबर 9418638763 है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी ड्यूटी पर हाजिर होंगे। पधर उपमंडल के अधीन किसी भी क्षेत्र में कोई भी बरसात कारण अगर कोई नुकसान की आशंका है या हो रहा है, हुआ है कि जानकारी इन कार्यालयों के नंबरों पर दें ताकि उस स्थिति में बचाव कार्य, राहत आदि का उचित प्रबंध किया जा सके।

### 45वां श्रावण मास महोत्सव 16 जुलाई से

गुलेरिया, मंडी। छोटी काशी मंडी में व्यास नदी के तट पर एकादश रुद्र मंदिर में 16 जुलाई से 15 अगस्त तक 45वां श्रावण मास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महीना भर ओम नमः शिवाय के अखंड जाप की अविरल व निरंतर मधुर ध्वनि गूंजती रहेगी। महोत्सव का शुभारंभ 16 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के सानिध्य में अखंड ज्योति प्रज्वलित करने व अखंड जाप की शुरुआत के साथ होगा। लंगर हर रोज 11:30 बजे से 1:00 बजे तक चलेगा जबकि रामायण पाठ रात 8 से 9:00 बजे तक हर रोज होगा। हर सोमवार 22 व 29 जुलाई और 5 व 12 अगस्त को 6 से 7 बजे तक आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा भजन कार्यक्रम होगा। 22 जुलाई को 5 से 6 बजे तक अमृतवाणी, 24 व 31 जुलाई को साईं भजन 6 से 7 बजे तक आयोजित होंगे। 16,23,30 जुलाई और 6 व 13 अगस्त को 11:00 से 1:00 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। 14 अगस्त को रात 9 से 12:00 बजे तक भजन कीर्तन और 15 अगस्त को रुद्राभिषेक व चंडी पाठ प्रातः 8:00 बजे, हवन 10:00 बजे पूर्णाहुति व 12:00 बजे होगी। (अनंत ज्ञान)

### शिविर के तीसरे दिन बच्चों में भरी ज्ञान की गंगा

अभिषेक, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल के लदरुही चल रहे शिविर का तीसरे दिन श्री रामकृष्ण आश्रम लदरुही जोगिंद्रनगर में बच्चों को हिंदू संस्कृति की जानकारी देने हेतु चल रहे शिविर के दूसरे दिन आज बच्चों को भारतीय प्राचीन योग की शिक्षा शिक्षा दी गई जिसमें बच्चों को बताया गया कि योग करने से कैसे अपने आप पर नियंत्रण किया जाता है और कैसे अपने आप को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस शिविर में भाग ले रहे 21 बच्चों की दिनचर्या सुबह 4:00 बजे से शुरू हुई जो शाम 9:00 बजे तक चली इस दौरान बच्चों को जागरण, नैतिक शिक्षा, कृति सत्र, चर्चा सत्र, बौद्धिक सत्र, खेलकूद,पाठ, का अभ्यास करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

### सुरेंद्र बने हरि मंदिर कमेटी पधियूं के प्रधान



अनिल शर्मा, मंडी। गांव पधियूं स्थित हरिमंदिर की प्रबंधन कमेटी की आम सभा का आयोजन मंदिर के महंत भगत सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें पुरानी कमेटी को भंग करके त्रैवार्षिक चुनाव करवाए गए व नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें सुरेंद्र सिंह को प्रधान, कमल किशोर को उपप्रधान, दिग्विजय सिंह को महासचिव, पुन्नू राम को कोषाध्यक्ष व धीरज कुमार को सहसचिव चुना गया। इसके अलावा अनीता देवी, रंजना देवी व इंदिरा देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। यह चुनाव सर्वसम्मति से हुए जिसमें मंदिर कमेटी के 25 पुरुष व 11 महिला सदस्य शामिल हुए।(अनंत ज्ञान)

# अस्पताल के बाहर पर्ची के लिए लगी लंबी कतारें, घंटों इंतजार कर बन रही पर्ची

पुष्पराज, मंडी



जोनल अस्पताल मंडी में पर्ची काउंटर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को अस्पताल में लोगों की भारी भिड़ देखने को मिली और लोग पर्ची काउंटर के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। लोगों द्वारा लगातार अतिरिक्त काउंटर की मांग बढ़ती जा रही है जोकि लोगों की सुविधा के लिए जरूरी भी है।

वहीं कुछ दिन पहले लोगों की सुविधा के लिए नागरिक सभा द्वारा जोनल अस्पताल के पर्ची बनाने की समस्या को लेकर जो समस्या सामने आ रही थी उसके लिए 3 टोकन मशीन लगाई थी लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उस बंद करवा दिया। उसके उपरांत जोनल अस्पताल प्रशासन ने नागरिक सभा से दो डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांग कि जिसमें नागरिक सभा के सदस्यों का कहना है कि बीते सोमवार को सीएमओ द्वारा दो अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था। लेकिन एक हफ्ता होने के बाद भी अतिरिक्त काउंटरों की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन नहीं कर पाया। वहीं लंबी कतारों में खड़े मरीज व तीमारदारों ने सुविधा के आभाव को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

#### मरीजों और तीमारदारों ने सुनाया अपना दुखड़ा

**2 घंटे से खड़े हैं पर्ची बनाने के लिए : प्रेम**

प्रेम सिंह ने कहा कि 2 घंटे से इंतजार कर रहे है पर्ची बनाने का लेकिन अभी तक नंबर नहीं पड़ा पर्ची के दो काउंटर होने के कारण ये व्यवस्था बनी है अगर अतिरिक्त पर्ची काउंटर खुल जाता है तो लोगों के लिए सुविधा होगी।

**एक पर्ची काउंटर और खुलना चाहिए : निर्मला**

पंडोह से इलाज के लिए आई निर्मला देवी ने कहा कि अस्पताल स्टाफ वाले आकर 5,6 पर्चीया बनाकर चले जाते है और मरीज कतारों में बारी का इंतजार करते रहते है। लोगों की सुविधा के लिए एक पर्ची काउंटर और खुलना चाहिए।

**डिजिटल व्यवस्था की जरूरत**

जगदीश ने कहा कि अस्पताल में लोगों को पर्ची के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है लेकिन पर्ची बनाने की व्यवस्था को डिजिटल इंडिया की तर्ज पर करना चाहिए। पर्ची काउंटर पर पर्ची बनाने में समय लग जाता तब तक डॉक्टर लंच के लिए चले जाते है और मरीजों को फिर से दूसरे दिन आना पड़ता है।

#### आज की बैठक में स्थिति होगी स्पष्ट : ओपी कपूर

वहीं नागरिक सभा के अध्यक्ष ओपी कपूर ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने पहले नागरिक सभा से दो डाटा एंट्री ऑपरेटर की मांग की थी लेकिन अब प्रशासन उनके लिए भी मना कर रहा है जबकि दो डाटा एंट्री ऑपरेटर बीते सोमवार को नागरिक सभा द्वारा अस्पताल प्रशासन को दे दिए गए थे। अस्पताल प्रशासन के साथ मंगलवार को बैठक के लिए बुलाया है उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### देश सहित हिमाचल प्रदेश में भी लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून

# धनोटू थाने में नए कानून के तहत पहली एफआईआर दर्ज

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

संपूर्ण भारतवर्ष में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इसके तहत अंग्रेजों के जमाने से चलते आ रहे पुराने कानूनों की जगह नए कानूनों ने ले ली है। इससे अब आपराधिक मामलों का निपटारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

वहीं हिमाचल प्रदेश में नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत पहली एफआईआर जिला मंडी के पुलिस थाना धनोटू में रात 1 बजकर 58 मिनट पर धारा 126(2), 115(2), 352 और 351(2) के तहत दर्ज हुई है। इसमें शिकायतकर्ता के साथ घर के समीप रात 12.15 बजे खड्डु में अवैध खनन करने से रोकने पर माफिया द्वारा मारपीट की गई है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित राकेश कुमार पुत्र कुशाल चंद निवासी गांव सेरी डाकघर चुनाहन तहसील बल्ह जिला मंडी की ओर से पुलिस थाना को प्राप्त शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद पीड़ित का रात को ही नागरिक अस्पताल में मेडिकल भी कराया गया है।

शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि जब वह रविवार रात घर पर सोया हुआ था तो रात करीब 12:15 बजे उसे घर के निकट शोर सुनाई दिया। इस पर वह मौका पर गया, तो पाया कि उसके घर के साथ लगती खड्डु में कुछ लोग अवैध खनन कर रहे है। जिस पर उसने आपत्ति जताई कि इसके कारण बरसात में उसके घर को नुकसान हो सकता है। लेकिन खनन कर रहे आरोपी संजय कुमार पुत्र मनोज निवासी गांव सेरी डाकघर चुनाहन तहसील बल्ह ने उसकी एक न सुनी और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। जब शिकायतकर्ता आरोपी से बचने ले लिए घर की तरफ जाने लगा तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और पत्थर से भी मारा। इस पर पुलिस थाना धनोटू ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। (अनंत ज्ञान)

#### नए आपराधिक कानूनों के तहत दर्ज किए जा रहे मामले




एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि जिला मंडी पुलिस नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर पूरी तरह से तैयार है।

जिले में विभाग के अधिकारियों को कानून के नए प्रावधानों और धाराओं के बारे में जागरूक किया गया है। इसके अलावा लोगों को भी नए कानूनों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों से पुलिस के समक्ष आने वाले मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जांच और प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी का अधिक उपयोग किया जाएगा।

#### आपराधिक मामले में सुनवाई समाप्त होने के बाद अब 45 दिनों में आएगा फैसला

नए आपराधिक कानून के तहत अब आपराधिक मामलों में सुनवाई समाप्त होने के 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग भी है। नए प्रावधानों में 41 अपराधों में सजा और 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। वहीं नए कानूनों के क्रियाशील होने के बाद अभी आमजन को इनकी पूरी जानकारी प्राप्त नहीं है।इसको लेकर पुलिस द्वारा एक अहम भूमिका निभानी होगी और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना होगा। वहीं पुराने आपराधिक मामले पुरानी आईपीसी के तहत ही चलेंगे।

## करसोग में जून माह में 284 इंतकाल संबंधी मामलों का किया नपटारा

पीयूष, करसोग

राज्य सरकार द्वारा जनहित में किए गए राजस्व लोक अदालत लगाने के निर्णय के बेहतर परिणाम सामने आने लगे है। प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली इन राजस्व लोक अदालतों के कारण लोगों के राजस्व कार्य अब शीघ्रता से होने लगे है। जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलने लगा है। राज्य सरकार के इस निर्णय से करसोग क्षेत्र के लोग भी लाभाविन्त होने लगे है।

करसोग में राज्य सरकार के निर्देशानुसार 28 व 29 जून, 2024 को आयोजित की गई राजस्व लोक अदालतों में राजस्व कार्यों संबंधी सैंकड़ों मामलों का राजस्व विभाग की ओर से निपटारा किया गया। तहसील करसोग से प्राप्त आकड़ों के अनुसार तहसील में दो दिनों में लगभग 265 इंतकाल के मामलों का निपटान राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से किया गया। जबकि बीते जून माह में कुल 284 इंतकाल संबंधी मामलों का निपटारा किया गया।

वहीं राज्य सरकार के इस निर्णय से अब लोगों के इंतकाल व जमीन संबंधी अन्य मामले शीघ्र हल होने से क्षेत्र के लोग खुश है। लोग राज्य सरकार के इस निर्णय की सराहना करने लगे है। दर्शन सिंह वैशाखी देवी, पन्ना लाल, दीपराम, रामकृष्ण, कौशल्या, गंगा सिंह, हेमंत, बिहारी लाल, पूजा देवी, निहाल चंद सहित अन्य लोगों ने बताया कि इंतकाल दिवस का आयोजन कर राज्य सरकार ने एक नई पहल की है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। एक तरफ जहां लोगों के लंबे समय से लंबित इंतकाल के मामलों का निपटारा हुआ है, वहीं इस आयोजन से लोगों के समय और धन की भी बचत हो रही है। राजस्व संबंधी उन मामलों का निपटारा भी शीघ्रता से हो रहा है जो काफी समय से लंबित थे। तहसीलदार कैलाश कौंडल का कहना है कि लोगों के राजस्व संबंधी कार्य समय पर हो और किसी को कोई परेशानी न उठानी पड़े, इसके प्रयास किए जा रहा है।

#### दर्ज हुए 262 नए मामले

इंतकाल संबंधी लगभग 262 नए मामले दर्ज किए गए थे। मई माह के इंतकाल के लगभग 81 मामले लंबित चल रहे थे। कुल 343 इंतकाल के मामलों में से 28 और 29 जून, 2024 को आयोजित की गई राजस्व लोक अदालतों में दो दिन में इंतकाल के कुल 265 मामले जबकि इंतकाल संबंधी ही 19 अन्य मामले निपटाए गए है। जून माह में इंतकाल संबंधी कुल 284 मामलों का निपटारा किया गया। करसोग तहसील में अब केवल मात्र इंतकाल संबंधी 59 मामले ही शेष रह गए है।

## दुर्गा मंदिर में चोरी का प्रयास

सुनील शर्मा, गोहर

श्री दुर्गा मंदिर सहित तीन-चार घरों व दुकानों में चोरी करने का प्रयास किया। मंदिर में लगे सीसीटीवी में यह वारदात कैद हुई है।

जानकारी अनुसार चोरों ने रात 12 बजे से 1 बजे के बीच श्री दुर्गा मंदिर में चोरी करने का प्रयास किया। चोर ने वहां ताला तोड़ने की कोशिश की लेकिन कामयाब नही हो पाया। चोरी के प्रयास की यह घटना मंदिर के सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके पश्चात चोरों ने एसडीएम कार्यालय के समीप निशांत शर्मा के घर में चोरी का प्रयास किया। इस भवन में भूमि विकास बैंक का कार्यालय भी है तथा चोरों ने वहां भी चोरी करने का प्रयास किया।



दान पात्र को तोड़ने के किए गए प्रयास।

इसके पश्चात चोरों ने भूमि विकास बैंक, अधिवक्ता नरेश शर्मा के कार्यालय तथा टाढर निवासी हंसराज की दूकान में भी चोरी का प्रयास किया। इस संबंध में गोहर पुलिस को सूचित किया गया और सूचना मिलते ही पुलिस ने प्रभावित स्थानों पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## हर घर पहुंचेगी अब आशा डायरिया का बंद होगा खाता

पुष्पराज, मंडी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला मंडी द्वारा डायरिया रोको अभियान की शुरुआत कर की गई हैं। अभियान का शुभारंभ सीएमओ मंडी डॉ एनके भारद्वाज ने किया। इस अभियान के अंतर्गत 0-5 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए।

सीएमओ मंडी डॉ. एनके भारद्वाज ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डायरिया के कारण होने वाली बच्चों की मौतों को कम करने के प्रयासों को तेज करने के लिए गहन डायरिया नियंत्रण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में जल शक्ति विभाग, आईसीडीएस, वेलफेयर विभाग भी इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दे रहा है। यह अभियान जिला मंडी में पहली जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। जिले भर में कार्यक्रम के दौरान 63975 हाऊसहोल्ड कवर किए जाएंगे। इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 0 से पांच वर्ष के बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोली के पैकेट वितरित करेंगी तथा इस बारे लोगों को डायरिया रोग तथा हाथों की सफाई बारे भी जागरूक करेगी। (अनंत ज्ञान)

## मंडी के भाजपाइयों ने संभाला हमीरपुर का रण

अनिल शर्मा, मंडी



प्रचार सामग्री के साथ मंडी के भाजपाई।

हिमाचल के तीन विधानसभा उप चुनावों में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक कर वर्तमान कांग्रेस सरकार को बैकफुट पर खड़ा कर दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता हर मतदाता से संपर्क कर जीत सुनिश्चित करने में कड़ी मेहनत कर रहा है। जिला मंडी के भाजपा कार्यकर्ता भी हमीरपुर उप चुनाव के लिए दिन रात एक कर भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।

नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट, पूर्व मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा ने पूर्व पार्षदों पुष्पराज कात्यायन, विशाल ठाकुर और बंसीलाल के साथ जहां शहरी क्षेत्र में बड़ी जीत के लिए हमीरपुर में डेरा डाले हैं, तो वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चेतराम, बल्ह मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र राणा ग्रामीण क्षेत्रों में मोर्चा संभाले हुए हैं।

नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने कहा कि हमीरपुर में भाजपा का मजबूत संगठन है और बड़ी जीत के लिए स्थानीय कार्यकर्ता उत्साहित हैं। कांग्रेस सरकार के नकारात्मक रवैए से स्थानीय जनता में भारी रोष व्याप्त है और करारा जवाब इस उप चुनाव में वर्तमान सरकार को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के तानाशाही पूर्ण और सौतेले व्यवहार से आक्रोश में है।(अनंत ज्ञान)

## निहरी में पुस्तकालय खोलने की उठाई मांग

उमेश, सुंदरनगर



नव निर्माण युवक मंडल तहसीलदार निहरी को ज्ञापन सौंपते हुए।

उपमंडल सुंदरनगर की तहसील निहरी में सोमवार को नव निर्माण युवक मंडल कथाची राघड़ का एक प्रतिनिधिमंडल पुस्तकालय खोलने की मांग को लेकर तहसीलदार केशव राम से मिला।

इस दौरान युवक मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर तहसीलदार निहरी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन भी प्रेषित किया। युवक मंडल के प्रधान सुरेंद्र और सचिव रोहित ने बताया है कि निहरी तहसील के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय और आईटीआई जैसे शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। युवक मंडल ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि निहरी क्षेत्र में पुस्तकालय खोला जाए और लगभग 100 लोगों की वहां पर बैठने की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

सुरेंद्र और सचिव रोहित ने बताया है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द क्षेत्र के युवाओं के लिए पुस्तकालय खोला जाए। (अनंत ज्ञान)

## ड्राइविंग टेस्ट 6 व 30 जुलाई को

अनिल, मंडी। वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मंडी के अंतर्गत 6 व 30 जुलाई को छोटा पड्डल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। (अनंत ज्ञान)

## 15 से विविध साहसिक गतिविधियों पर पाबंदी

अनिल शर्मा, मंडी

उप निदेशक, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, मंडी मनोज कुमार ने बताया कि पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत मंडी जिला में 15 जुलाई से 15 सितम्बर, 2024 तक मानसून सीजन के दौरान पैराग्लाइडिंग/रिवर राफ्टिंग/वाटर स्पोर्ट्स और विविध साहसिक गतिविधियों पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में ऐसी साहसिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध और अनधिकृत साहसिक गतिविधियों के आयोजन में शामिल पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कानून के प्रावधान के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।(अनंत ज्ञान)


### कार्यालय ग्राम पंचायत सुधराणी
विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत सप्लायरों को कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्यों में लगने वाली सामग्री जैसे रेत क्रशर, रेत दरिया, बजरी, ईंट, लोकल पत्थर गाड़ी द्वारा सीमेंट ढुलवान बाली चौकी से फागूधार, सुधराणी लोडिंग व उतराई के साथ विकास कार्यों में लगने वाले बोर्ड कार्यस्थल पर लगने सहित साइज मनरेगा गाइड लाइन के मुताबिक जेसीबी द्वारा रोड़ कटिंग, शटरिंग प्रति वर्ग फुट खच्चर द्वारा ढुलवान सड़क से कांठा, रूपी थाच सड़क से सहवाड, जीएसएसएस सुधराणी, फागूधार से सुगगी, बनाला से पकवाणा, पकवाणा सड़क से जोगनी माता मंदिर सड़क से थाच, सड़क से खनेई, सारड़ी, सड़क से लटेरी, सड़क से डैम नाला पकवाणा सड़क से थुआरी रकडेधार से शिकारी अपर पकवाणा हेतु निविदाएं मांगी जाती हैं। जो बंद लिफाफे में दिनांक 12.07.2024 को शाम 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत सुधराणी के नाम पहुंचनी अनिवार्य हैं। उसके बाद प्राप्त होने वाली निविदा मान्य नहीं की जाएगी। खच्चर द्वारा ढुलवान रेत, बजरी, सीमेंट, ईंट आदि किया जाएगा।

**शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदा खोलते समय स्वयं या अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना आवश्यक है। 2. निविदा स्वीकृत होने पर धरोहर राशि रेत, बजरी सप्लायर को 20,000 बोर्ड सप्लायर को 12000/- ईंट सप्लायर को 10000 तथा पत्थर सप्लायर को 10000, खच्चर ढुलवान सप्लायर को 20,000/- रूपए धरोहर राशि जमा करवानी अनिवार्य है। रेत, बजरी, पत्थर, सप्लायर में बिल के साथ एम फार्म लगाना आवश्यक है। सप्लाई ऑर्डर देने के बाद तीन दिन तक सामग्री न देने पर पंचायत को निविदा रद्द करने का अधिकार होगा। धरोहर राशि वापस नहीं की जाएगी।

**नोट:-** निविदाएं तिथि 13.07.2024 को पंचायत कोरम के सामने खोली जाएंगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत सुधराणी
विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)


**परेशानी** | साढ़े चार दशक पुरानी बस सेवा को विभाग ने कर दिया बंद, लोगों में रोष

# सरकाघाट से मढ़ी के लिए बस सेवा बंद

रितेश, सरकाघाट

1 जुलाई हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट ने पिछले लगभग साढ़े चार दशकों से चल रही मढ़ी बल्याना सरकाघाट लुधियाना बस को सरकाघाट से मढ़ी के लिए बंद कर दिया है।

इस बस के बंद होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस बस के ना चलने से क्षेत्र की कमलाह, भूर, धलारा, खनौड़, सकलाना, समौड़, ध्वाली, बिंगा, सरी, लौंगनी, जोडन, सज्याओपिपलू, लगभग एक दर्जन पंचायतों के हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बस सुबह 6:30 बजे मढ़ी से लुधियाना के लिए चलती थी और लगभग 8:00 बजे सरकाघाट पहुंचती थी। इसके बाद इसमें सफर करने वाले उपरोक्त पंचायत के लोगों के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज जाने के लिए गद्दीधार-करसोग सरकाघाट से सवा आठ बजे चलती है ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज बिलासपुर जाने के लिए हमीरपुर सरकाघाट राजगढ़ बस सेवा जो सवा आठ बजे सरकाघाट से चलती है और मेडिकल कॉलेज हमीरपुर जाने के लिए यही बस मढ़ी लुधियाना जो सरकाघाट से 8:30 बजे चलती है मिलती थी और लोग सही समय पर इन अस्पतालों में पहुंच जाते थे। विभाग ने इस बस की जगह सरकाघाट सरी बस को शांम के समय मढ़ी तक भेजा जाता है और सुबह मढ़ी से यह बस सवारियों को लेकर आती है।

#### लोगों ने विभाग व सरकार से बस को चलने की उठाई मांग

उसके बाद लोग इन अस्पतालों में सही समय पर ओपीडी में पहुंच नहीं पाते हैं और लोगों को वहां पहुंचने के लिए टैक्सियों का सहारा लेना पड़ता है। इन पंचायतों के लोग कई बार विभाग से इस बस को पहले की ही तरह चलने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी इस मांग को हमेशा अनदेखी की जा रही है।

लोगों में प्रेम सिंह ठाकुर ओम प्रकाश पन्नालाल हीरालाल विपिन कुमार भागमल, प्रताप सिंह रमेश कुमार अशोक कुमार शेर सिंह गोपाल सिंह अजीत सिंह बंसीलाल मोहनलाल प्रेम सिंह प्रेमचंद बलबीर सिंह रोशन लाल बालम राम रामकृष्ण कपिल देव दुनी चंद, दीपा देवी राहुल कुमार, सुनील कुमार, अंजू देवी, ज्योति देवी अनिल कुमार रामशरण रूमा देवी आसाराम शांता देवी शकुंतला देवी कला देवी यदि ने विभाग व प्रदेश सरकार से इस बस को पहले की तरह ही चलने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

> जब इस बारे में क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ड्राइवरों की कमी के चलते यह समस्या आई है जैसे ही यहां पर ड्राइवर आ जाएंगे तो इस रूट को पहले की ही तरह प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया जाएगा और यह मामला धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर के समक्ष भी उठाया है। उन्होंने भी डिपो को ड्राइवर उपलब्ध करवाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मढ़ी लुधियाना बस रूट बंद नहीं है इसे सरी रूट के साथ क्लब करके चलाया जा रहा है रूट सरी को कुछ समय के लिए बंद किया गया है।
>
> -मेहर चंद, क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम, सरकाघाट।


अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

I, Kusma Devi W/o Sh. Kishori Lal and mother of No. 13787380K RFN Vishal Kumar R/o Village Machkehar, P.O. Ahju Tehsil Joginder Nagar, District Mandi, (H.P.) 175032 solemnly declare that I have changed my name from Kusma Kumari to Kusma Devi due to variation in Army and Civil documents as my name has been recorded as Kusma Devi in my all documents i.e. in Adhar card, PAN card and Gram Panchayat record. Both names Kusma Kumari and Kusma Devi one and the same woman.

# न्यूज ब्रीफ

## अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए 8 से करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एयरमैन चयन केंद्र अंबाला द्वारा अग्निपथ योजना के तहत पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू एंड कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश के पुरूषों व महिलाओं के लिए अग्निवीर वायु सेना भर्ती आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विंग कमांडर एवीजी रैड्डी, कमांडिंग आफिसर, 1 एएससी, वायु सेना अंबाला कैंट ने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 8 जुलाई से 28 जुलाई तक भारतीय वायु सेना की ऑफिशियल बेवसाईट जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए अभ्यर्थी का जन्म 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी, 2008 के मध्य होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 550 रूपये रहेगा। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती के ऑनलाईन परीक्षा 18 अक्तूबर, 2024 से आयोजित होगी। अभ्यर्थी योग्यता से संबंधित जानकारी के लिए भारतीय वायु सेना की बेवसाईट पर संपर्क कर सकते हैं।

## सहारा लाभार्थियों को जमा कराना होगा लाइफ सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सहारा लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो लाभार्थी सहारा योजना की पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, वे कृपया अपना लाइफ सेरिटिफिकेट नजदीकी लोक मित्र केंद्र एवं खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जा कर पोर्टल पर अपलोड करवाएं, जिनके सर्टिफिकेट अपलोड होंगे उनको सहारा योजना का लाभ प्राप्त होता रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी भी बहुत से लाभार्थी है जिन्होंने अपना लाइफ सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। स्वास्थ्य महकमे ने सभी से अनुरोध किया है कि अपना लाइफ सर्टिफिकेट नजदीकी लोक मित्र केंद्र एवं खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जा कर पोर्टल पर अपलोड करवा दें। अधिक जानकारी के लिए जिला नोडल अधिकारी दीपक चब्बा के फोन नंबर 9882487364 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का दौरा करने के लिए स्थानीय विधायक विवेक शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस प्रधान राम आसरा शर्मा तथा विजय डोगरा ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले ही दौरे में छप्ररोह में 10 मेगावाट सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट का शिलान्यास करके उपहार दिया है। इसके अलावा वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए आधारभूत ढांचा विकसित किए जाने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच से कुटलैहड़ का सर्वांगीण विकास हो पाएगा। यहां रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक क्षेत्र को भी विकसित किया जाएगा।

## सांसद के मार्गदर्शन में घर-द्वार मिल रही स्वास्थ्य सेवा

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा



संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे गांव व ग्राम पंचायत बालीवाल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 80 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 39 लोगों के टेस्ट किए गए। जिसमे उच्च रक्तचाप के 11 शुगर के 9 जोड़ों के दर्द के 25 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गो, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस मौके पर आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांव वासी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## आबकारी कार्यालय में मनाया 7वां जीएसटी दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपआयुक्त राज्य कर एवं आबकारी कार्यालय ऊना में सोमवार को सातवां जीएसटी दिवस मनाया गया। इस दौरान जीएसटी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चर्चा में विभिन्न हितधारकों, व्यापारिक/ओद्यौगिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान व्यापारियों की समस्याओं का विभागीय अधिकारियों ने मौके पर निपटारा किया। यह जानकारी उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने दी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी हितधारकों से अनुरोध किया गया कि वे जीएसटी के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक बनाएं तथा करदाताओं को समय पर जीएसटी रिटर्न भरने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके अलावा हितधारकों ने विभागीय जीएसटी जागरूकता प्रयासों की सराहना भी की।

## खड़ोल में महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, मृत्यु

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की करमाली पंचायत के गांव खड़ोल की एक 28 वर्षीय महिला राजनी वाला ने जहरीला पदार्थ निगलकर जीवन लीला समाप्त कर ली। रजनी वाला प ी सोहन सिंह खड़ोल गांव की निवासी थी। परिवार के लोगों ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंगाणा में पहुंचा लेकिन जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उक्त घटना से समूचा क्षेत्र शोकाकुल हो गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिल कश्यप ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## हमीरपुर ने किन्नौर को चार विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** जिला स्तरीय टी 20 प्रतियोगिता के तहत हमीरपुर का मुकाबला किन्नौर के साथ बिलासपुर के मैदान में खेला गया, इसमें किन्नौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 10 विकेट 131 रन बनाए। ए सिंह ने 26 रन बनाए, करण ने 36 रन बनाए, रोहित राणा ने 25 रन बनाए और वैभव अरोड़ा ने 15 रन बनाए। हमीरपुर के रोहित ने तीन विकेट प्राप्त किए। राशित ठाकुर ने दो विकेट प्राप्त किया, विनय गुलेटिया और प्रिंस ठाकुर ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। हमीरपुर की टीम ने अपना लक्ष्य 14.5 ओवर में 6 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। हमीरपुर के बल्लेबाज शुभम अरोड़ा ने 22 रन बनाए, अभिमन्यु राणा ने 12 रन बनाए। मृदुल सरोच ने 70 रन नाबाद बनाए, अपनी पारी में आठ चौके के और दो छक्के लगाए। शुभम शर्मा ने 20 रन बनाए। किन्नौर के आशीष और विकास ठाकुर ने दो दो विकेट प्राप्त किया, वैभव अरोड़ा ने एक विकेट प्राप्त किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हमीरपुर ने किन्नौर को चार विकेट से हराया। (अनंत ज्ञान)

## संतोषगढ़ में करंट लगने से प्रवासी महिला की मौत

**अभिषेक कुमार, ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर तीन में एक प्रवासी महिला की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान उर्मेश कुमारी प ी राजेश कुमार निवासी मोजलपुर, जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह पिछले 12 वर्षों से परिवार सहित संतोषगढ़ में रहती थीं। उधर, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## नहीं भरे जा रहे फार्मेसी अधिकारियों के पद

**अनिल छांगू, जवाली।** हिमाचल प्रदेश हॉस्पिटल फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत भूषण की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ जिला फार्मेसी अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों को कार्यस्थल पर आ रही समस्याओं बारे चर्चा की गई। प्रदेशाध्यक्ष राजेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत भूषण ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पीएचसी से लेकर क्षेत्रीय अस्पताल तक को स्तरोन्नत किया जा रहा है जिसमें चिकित्साधिकारियों सहित स्टाफ नर्सिस के पदों को सृजित किया जा रहा है, लेकिन फार्मेसी अधिकारियों के पदों को सृजित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग दो सालों से सरकार द्वारा फार्मेसी अधिकारी के पदों को नहीं भरा जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि स्तरोन्नत के हिसाब से अस्पतालों में फार्मेसी अधिकारी के पदों को भी सृजित किया जाए ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके। इस मौके पर काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# उधार की बिल्डिंग में करवानी पड़ी अनुपूरक परीक्षा

## एक दशक से अस्थायी भवन में चल रहा ब्वॉय स्कूल ऊना, वर्तमान सरकार ने दिया अढ़ाई करोड़ का फंड

**राजेश शर्मा, ऊना**



वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना का निर्माणाधीन भवन।



वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या का भवन, जहां परीक्षा करवाई गई।

सरकारी स्कूल को उधार की बिल्डिंग लेकर परीक्षा करवानी पड़े तो इसे क्या कहेंगे? सोमवार को दसवीं व जमा दो की अनुपूरक परीक्षाओं में यह स्थिति ऊना जिला मुख्यालय में देखने को मिली। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल ऊना को अनुपूरक परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाया गया था। करीब तीन सौ विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। ऐसे में स्कूल का नया भवन निर्माणाधीन है और अस्थायी भवन में पर्याप्त कमरे नहीं थे।

परीक्षा के लिए विद्यालय को साथ लगते दूसरे विद्यालय के कमरे उधार लेकर काम चलाना पड़ा। शिक्षा क्रांति की दुहाई देने वाले हिमाचल राज्य में असल पिक्चर अलग है। पुराना भवन असुरक्षित होने के एक दशक बाद भी ऊना के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल ऊना को नया भवन नसीब नहीं हो पाया है। सवाल यह भी है कि पांच साल में दिल्ली के स्कूलों का कायाकल्प हो सकता है तो हिमाचल में करीब दस साल बीत चुके हैं, लेकिन जिला मुख्यालय स्थित इस स्कूल को भवन नहीं मिल पाया है।

बाल स्कूल ऊना लगभग सबसे पुराना है। इस विद्यालय में पढ़ाई कर चुके कई ऑफिसर और नेता सरकार के अहम पदों पर रह चुके हैं। स्कूल की वर्तमान स्थिति को लेकर शायद ही कोई चिंतन हुआ है।

स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल का कहना है कि उन्होंने मार्च महीने में ही स्कूल ज्वाइन किया है। इसके बाद लगातार स्कूल भवन निर्माण की समीक्षा की जा रही है। इस बाबत वे जिलाधीश से भी मिले हैं। जल्द ही सरकार के प्रतिनिधियों से मिलकर काम पूरा करवाया जाएगा।

### पौने नौ करोड़ से बन रहा स्कूल भवन

**वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय बाल ऊना के भवन का निर्माण कार्य 2016-17 में शुरू किया गया था। वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल में स्कूल को अढ़ाई करोड़ की राशि उपलब्ध करा दी है। अभी तक भी भवन के काम को पूरा करने के लिए पौने पांच करोड़ की राशि की जरूरत है। इस राशि को लेने के लिए स्कूल प्रबंधन ने जिला प्रशासन को भी पत्र लिखा है। स्कूल भवन के निर्माण में लगे ठेकेदार इकबाल सिंह ने दावा किया है कि उन्हें अगर पैसा पूरा मिल जाता है तो पंद्रह दिनों के भीतर भवन शिक्षा महकमे को सौंप दिया जाएगा।

## आज से शुरू होगी राजा महिंद्र पाल क्रिकेट प्रतियोगिता

**अभिषेक कुमार, ऊना।** उपमंडल बंगाणा के तहत कुटलैहड़ के राजा स्वर्गीय महिंद्र पाल की यादगार में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 2 जुलाई मंगलवार को रायपुर मैदान में किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजा महिंद्र पाल के परिजनों द्वारा अयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेता रही टीम को 31000 और उपविजेता रही टीम को 21000 रुपए की नकद ईनामी राशि वितरीत की जाएगी। खेल में बढ़िया बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द टूर्नामेंट खिताब से भी खिलाड़ियों को नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला राजा महिंद्र पाल की जयंती पर 4 जुलाई को होगा। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय रॉक बॉल प्रतियोगिता में हिमाचल ने महाराष्ट्र को हराया

## लड़कियों में राजस्थान की बबीता बेस्ट प्लेयर, लड़कों में हिमाचल के रणवीर

**राजेश शर्मा, ऊना**



रॉक बॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी मुख्यातिथि के साथ।

आठवीं सीनियर राष्ट्रीय रॉक बॉल प्रतियोगिता का रविवार को देर शाम समापन हुआ। राजकीय केंद्र पाठशाला चुरुडू में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सतीश शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर उनके साथ विकास कश्यप वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में 16 प्रदेशों के 396 महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे थे। रॉक बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगित के तीसरे दिन लड़कों के वर्ग में हिमाचल और महाराष्ट्र के बीच हुए मैच में हिमाचल 2-0 से विजयी रहा। पंजाब की टीम तीसरे नंबर पर रही। लड़कियों के फाइनल मुकाबले में हिमाचल और हरियाणा के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें प्वाइंटों के आधार पर गेम रही। इसमें हिमाचल विजेता रहा व राजस्थान तीसरे नंबर पर रही।

लड़कियों में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड राजस्थान की बबीता और लड़कों में बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड रणवीर सिंह हिमाचल को दिया गया। इस अवसर पर उप प्रधान जोल रवि दत्त शर्मा, रिटायर्ड एसएचओ मंगत राम, उपप्रधान सतीश कुमार सोनू ,आत्मा प्रोजेक्ट के अध्यक्ष स्वर्ण सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सोलन ने सिरमौर को दो विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** जिला स्तरीय टी 20 प्रतियोगिता के तहत सिरमौर का मुकाबला सोलन के साथ बिलासपुर के ग्राउंड में खेला गया। मुकाबले में सिरमौर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 134 रन बनाए। वैभव शर्मा ने 47 रन बनाए, और अपनी पारी में 6 चौके लगाए, रोहित कोलीश ने 28 रन बनाए। सोलन के राहुल कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, पारस ने दो खिलाड़ियों का आउट किया। सोलन टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। प्रशांत चोपड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 102 रन नाबाद रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और तीन छक्के लगाए और अंतिम गेंद में सिक्सर लगाकर मैच को जिताया। (अनंत ज्ञान)

## 80 वर्षीय सावित्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



80 वर्षीय सावित्री देवी पौधा रोपित करती हुईं। साथ में हैं बच्चे।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

सोमवार को वन महोत्सव के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर पर्यावरण सरंक्षण के लिए धरातल पर कुछ प्रयास और पहल की जाए तो पर्यावरण बच सकता है। इससे आम जनमानस पर्यावरण बचाव को लेकर संवेदनशील बन सके उसे पूरा करने के लिए मिलकर आगे आना चाहिए।

यह बात 80 वर्षीय सावित्री देवी ने सोमवार को एक गांव एक पौधा अभियान में शामिल होकर एक पौधा लगाने के बाद कही। उन्होंने कहा कि ऐसा ही निरंतर प्रयास गगरेट क्षेत्र में कुछ बुद्धिजीवियों मैदान में उतरकर शुरू करते हुए से विगत 7 जून से 'एक स्कूल एक पौधा''एक गांव एक पौधा' के रूप में स्वयंसेवी अभियान शुरू किया है, वह सब के लिए एक प्रेरणा है।

इस संयुक्त अभियान में सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गोंदपुर बनेहड़ा दिव्यांशी शिक्षा समिति सामाजिक संस्था, सागर ब्लड वेलफेयर संस्था, प्रेस क्लब दौलतपुर,के संयुक्त अभियान से तेजी पकड़ता जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को गगरेट क्षेत्र के माता वैष्णो देवी मंदिर दियोली में 90 वर्षीय बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक सावित्री देवी ने अभियान के अंतर्गत एक पौधा लगाकर अभियान को आगे बढ़ाया। सावित्री देवी ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को मिलकर ऐसे विशेष प्रयासों के लिए आगे आना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## खैर कटान के आरोपी 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर

**विवेक शर्मा, अंब**



गाड़ियों की चेकिंग के लिए नाका लगाए खेड़े वन विभाग के वीओ विकास कौशल व अन्य

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की रामगढ़ धार रेंज के ध्यूंसर बीट के जंगलों में अवैध कटान में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी रजाक और अजय को 3 दिन के पुलिस रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस चौकी जोल के इंस्पेक्टर एवं प्रभारी रूप सिंह ने बताया कि बाकी फरार चल रहे तीन आरोपी अग्रिम जमानत पर चल रहे हैं।

वन विभाग ऊना के डीएफओ सुशील राणा की अध्यक्षता में जून माह में लगभग तीन के करीब गाड़ियों को अवैध लकड़ी ले जाते हुए पकड़ा गया। जिसमें परमिट का ना होना या बिना कागजात की कमी होना भी शामिल था। वहीं, ध्यूंसर वीट के जंगलों में वन विभाग की टीम व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अवैध कटान माफिया के दो लोग, एक पिकअप गाड़ी, दो मोटरसाइकिल, दो आरे और खैर के 35 मौछौं सहित पकड़ा गया था। हालांकि पांच वन काटुए भागने में कामयाब हो गए थे।

वन काटुओं पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग तलमेहड़ा के बीओ विकास कौशल ,वनरक्षक बृजेश राणा, तरसेम लाल, कमलजीत सिंह व अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग से हर रोज नलवाड़ी, तलमेहड़ा, चौकीमन्यार, अम्वेहड़ा की अलग-अलग जगहों पर नाका लगाया जा रहा है और आने जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग भी की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़े में तीन लोग जख्मी

**अभिषेक कुमार, ऊना।** जिला के पुलिस थाना अंब के तहत गांव चुआर में हुई मारपीट में दंपति व बेटी सहित 3 लोग जख्मी हुए हैं। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिवदई पत्नी चिन्तराम गांव चुआर ने शिकायत की है कि कि उनकी जमीन इकट्ठी है। जेठ ने जमीन किसी को आगे बेच दी है। जिसने जमीन ली हुई है वह जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। उसने आरोप लगाया है कि सोमवार सुबह तीन पुरुषों व तीन महिलाओं ने परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में उसे, उसके पति व बेटी को चोटें आई हैं। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मारपीट में घायल हुए लोगों का अस्पताल में मेडिकल करवाया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बनती विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## इस्लामिक जिहाद के खतरे के बारे में आगाह करना विश्व धर्म संसद का मकसद: सत्यदेवानंद

**राजेश शर्मा, ऊना**



ऊना के पक्का परोह में विश्व धर्म संसद में भाग लेने पहुंचे संसद से जुड़े लोग।

ऊना के पक्का परोह में विश्व धर्म संसद के सहायता तथा समर्थन हेतु हिमाचल प्रदेश में पहली चर्चा सभा की गई। इसमें अखिल भारतीय संत परिषद के हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा के प्रभारी यति सत्यदेवानंद सरस्वती महाराज के द्वारा बताया गया कि भारत देश में सनातनी इस्लामिक जिहाद के खतरे की और बढ़ रहे हैं। कई पीढ़ियों के हमारे पूर्वजों के बलिदान और त्याग के बावजूद भी यह आता ताई बड़ रहें हैं, जिसके कारण हम पर खतरा और बढ़ रहा है।

इसको देखते हुए हमारे गुरु महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज पंच दशनाम जूना अखाड़ा ने यह शोध किया है कि इन आता ताइयों से लड़ने हेतु न सरकार सक्षम हैं न कोई संगठन और न सैनिक व्यवस्था। क्योंकि इन सबके होते हुए भी हम भारत के लोग जगह जगह हमारे लोग मारे जा रहे हैं बच्चियां लूटी जा रही हैं। हमारे गुरु जी ने हर तरह के प्रयास करके देख लिया परंतु असफल रहे। अब हमारे गुरु जी एक प्रयास कर रहे हैं कि सभी गैर मुस्लिमों को एक मंच पर लाकर इस वैश्विक खतरे के बारे में सभी विश्व के सभी धर्म गुरुओं और एक्टिविस्ट को अवगत करवा कर एक मंच पर आवाज उठाई जाए। इसी उद्देश्य को लेकर शिव शक्ति धाम डासना मंदिर गाजियाबाद में 17,18,19,20 और 21 दिसंबर को 5 दिवसीय विश्व धर्म संसद करने जा रहे हैं। इस विश्व धर्म संसद का उद्देश्य विश्व को वैश्विक इस्लामिक जिहाद के खतरे के बारे में बताना तथा सभी इस इस्लामिक जिहाद से पीड़ित विश्व को एक मंच पर लाना है।

### विश्व धर्म संसद के समर्थन हेतु हिमाचल में हुई चर्चा सभा

उन्होंने बताया कि यह विश्व धर्म संसद हर गैर मुस्लिम के सम्मानपूर्वक जीने की आवाज बनेगी। यह विश्व का पहला ऐसा मंच है जहाँ दुनिया का कोई भी इस्लामिक जिहाद का पीड़ित व्यक्ति या समुदाय अपनी पीड़ा दुनिया के सामने रख सकता है। (अनंत ज्ञान)

## डॉक्टर्स डे | इन्नर व्हील क्लब ऊना ने जिला मुख्यालय में किया कार्यक्रम

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 12 डॉक्टर्स सम्मानित

**राजेश शर्मा, ऊना**



डॉक्टर्स डे पर सम्मान पाने वाली 12 विभूतियां आयोजकों के साथ।

इन्नर व्हील क्लब ऊना ने सोमवार को जिला ऊना मुख्यालय पर शिवम आर्थोकेयर एवं मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टर्स-डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वास्थय क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 12 चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन्नरव्हील क्लब ऊना की प्रधान रमा कंवर ने कहा कि चिकित्सक लोगों की अनमोल जिंदगी को बचाने में अहम भूमिका अदा करते है।

उन्होंने डॉक्टर्स डे की सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि मानव जीवन को बचाने में सभी चिकित्सक अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को वरिष्ठ चिकित्सक डा.रितेश सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि रोगियों को घर-द्वार पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देना उनका ध्येय है। इसके लिए उनकी टीम प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चिक्तिसक वर्ग पीड़ित मानवता की सेवा के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा समाज द्वारा इस प्रकार से बेहतर कार्य को पहचान देने से उनके उत्साह में बढ़ोतरी होती है तथा चिक्तिसक अधिक उत्साह से पीड़ित रोगियों की सेवा में जुटते है। उन्होंने इन्नर व्हील क्लब का कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। क्लब की सचिव शोभा सोनी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। क्लब एडिटर डॉ. जागृति दत्ता ने पर्पज ऑफ द डे पर प्रकाश डाला। क्लब की उपाध्यक्ष निशा शारदा ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को शिवम अस्पताल के सीईओ विकास भल्ला ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब प्रधान रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, उपाध्यक्ष निशा शारदा, संयुक्त सचिव रंजना बखशी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, आईएसएस सुमन पुरी, एडीटर डॉ. जागृति दत्ता, जितेंद्र कौर, सुषमा वशिष्ठ,मीरा मेहता, अमरजीत बबली, रमा कालिया, रजिता कसाणा, कमला कंवर, कमलेश वशिष्ठ, सुनीता शर्मा, निरूपमा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### ये हुए सम्मानित

**कार्यक्रम** में डॉ. रितेश सोनी, डॉ. एनएस, डोगरा, डॉ. अनुज कुमार सोनी, डॉ.अतीत तिवारी, डॉ. आदित्य बंटा, डॉ. शालू धीमान, डॉ.गौरव शर्मा, डॉ. सुमित दूबे, डॉ. प्रीती मटटू, डॉ. वीके सिंह, डॉ. विवेक भरमौरिया तथा डॉ. विवेक को स्वास्थय क्षेत्र में उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में 19 अगस्त को होगा छत्र दिहाड़ी पूजन

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



मंदिर पंजैन के गद्दी नशीन एवं प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार।

उपमंडल बंगाणा के ऐतिहासिक बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालक नाथ जी का छत्र 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन शाम पांच बजे पूजा दिहाड़ी के साथ विधिवत पूजन किया जाएगा। और रात्रि ठहराव बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में ही किया जाएगा। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दी नशीन एवं प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार ने बताया कि हर वर्ष बाबा जी के छत्र की दिहाड़ी पूजन रक्षा बंधन के दिन शाम को पांच बजे के करीब किया जाता है।

प्रथम दिवस का रात्रि ठहराव बाबा जी के मंदिर में ही किया जाता हैऔर पूरी रात बाबा जी का गुणगान किया जाता है। उन्होंने बताया कि रक्षा बंधन के दिवस से लेकर श्री कृष्ण अष्टमी तक बाबा की का छत्र कई परिवारों तक पहुंच कर उन्हें आशीर्वाद देता है। बाबा जी के आशीर्वाद से कई परिवारों की समस्याओं का समाधान भी होता है। अष्टमी के दिन शाम को बाबा जी का छत्र मंदिर परिसर में पहुंच कर ठहराव दिया जाता है और अगले दिन गूगा नवमी पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा किया जाता है। जिस व्यक्ति को जहा पर आशीर्वाद मिले और मनोकामना पूर्ण हो। वह श्रद्धालू वही नतमस्तक होता है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हुई है। बाबा जी के आशीर्वाद से विदेशों में व्यवसाय कर रहे हैं। अब वही बाबा जी के श्रद्धालु बाबा जी का छत्र पूजन के लिए बाबा जी को विदेशो से निमंत्रण भेजते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 17 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर होंगे विरोध प्रर्दशन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सीटू जिला कमेटी की बैठक सोमवार को कुल्लू के सरवरी स्थित जिला कार्यालय शहीद अशोक भवन में जिला उपाध्यक्ष शशी किरण की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे को पीछे धकेलने में मजदूरों, किसानों ने अहम भूमिका निभाई है। एनडीए को मुश्किल से बहुमत के लिए सीटें जुटानी पड़ीं। केंद्र सरकार ने अपनी 100 दिनों की प्राथमिकता में श्रम कानूनों को समाप्त करके चार श्रम संहिताओं को लागू करने का भी निर्णय लिया है, जिसके खिलाफ हिमाचल प्रदेश में 17 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों व ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रर्दशन किए जाएंगे और श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग की जाएगी। महासचिव राजेश ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को बढ़ी हुई दिहाड़ी 300 रुपए जारी करने और उन्हें श्रमिक कल्याण बोर्ड में सदस्य बनने व उनके लंबित लाभ भी जल्द जारी करने की मांग उठाई जाएगी। आंगनबाडी केंद्रों को प्री-नर्सरी स्कूल का दर्जा देने की मांग की जाएगी। हिमाचल सरकार ने अब नर्सरी टीचर्स की आउटसोर्स आधार पर भर्ती करने का निर्णय लिया है और आंगनबाडी में भी इसी पॉलिसी के तहत नर्सरी टीचर की भर्ती की जाएगी, जिसका यूनियन विरोध करेगी और रेगुलर आधार पर भर्ती की मांग की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### रोटरी क्लब ने बच्चों को चॉकलेट और जूस बांटा



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** रोटरी क्लब इंटरनेशनल ने हर वर्ष की भांति इस बार भी एक जुलाई को अन्नपूर्णा-डे मनाया। सोमवार को रोटरी क्लब कुल्लू ने नव चेतना संस्था के साथ अन्नपूर्णा डे मनाते हुए उपस्थित बच्चों को चॉकलेट और जूस बांटकर बच्चों के साथ खुशियों के पल को साझा करते हुए उनके साथ समय बिताया। रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब कुल्लू हमेशा से ही सामाजिक सारोकार से जुड़े हुए कार्यों के लिए अग्रणी रहा है और भविष्य में भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### संस्कार वैली स्कूल में मनाया पहनावा समारोह



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** कुल्लू जिले के शास्त्री नगर में स्थित संस्कार वैली स्कूल के प्रांगण में पहनावा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल के एमडी विजय राजगौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के दौरान स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या अमीना महंत राजगौर ने बताया कि नेता बनने से पहले सफलता का मतलब होता है खुद को आगे बढ़ाना और जब आप नेता बन जाते हैं, तो सफलता का मतलब है दूसरों को आगे बढ़ाना या फिर दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ना। पहनावा समारोह एक महत्त्वपूर्ण अवसर होता है, जहां पर एक स्कूल अपने भावी नेताओं को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपता है। इसके साथ ही बच्चों को जिम्मेदारी सौंपना और उन्हें अधिकार देना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया छात्रों को उन्हें एक ही समय में शक्तिशाली और देखभाल करने वाले होने के आजीवन कौशल सिखाता है। (अनंत ज्ञान)

### क्लाथ वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के संग बैठकर किया भोजन



**कमलेश वर्मा, मनाली।** रोटरी क्लब मनाली की ओर से अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। रोटरी क्लब की ओर से क्लाथ वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के संग बैठकर भोजन किया। क्लब के सदस्यों द्वारा बुजुर्गों से उनकी जरूरत पूछ कर उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया गया। रोटरी क्लब की प्रधान अलका चौहान व सचिव अमिता शमशेर सिंह के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने बुजर्गों के साथ मिलकर इस दिवस को मनाया। रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य अजय अबरोल ने बताया कि रोटरी क्लब प्रधान का सत्र एक जुलाई से 30 जून तक एक साल के लिए होता है। रोटरी सत्र एक जुलाई आज से शुरू हुआ। आज के दिन को पूरे विश्व में रोटरी अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाती है। रोटरी की नवनियुक्त प्रधान अलका ने कहा कि रोटरी का लक्ष्य केवल जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करना नहीं, बल्कि उन्हें स्वाभिमान के साथ जीना सिखाना भी है। अगर इंसान का स्वाभिमान जिंदा रहेगा तभी वह व्यक्ति इस समाज में जी सकता है और तरक्की कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# छात्र पिटाई मामला : अध्यापकों पर जल्द कार्रवाई की मांग

## एसडीएम आनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच की मांग, निकाली आक्रोश रैली

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी के विश्राम गृह परिसर से आनी कस्बे होते हुए पीएमश्री आदर्श विद्यालय तक एक आक्रोश रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई सीटू नेता पद्म प्रभाकर ने की।

आक्रोश रैली 24 जून को आनी के पीएमश्री आदर्श विद्यालय में छात्र की ओर से शरारत करते हुए छात्रा की आंखों में कोई द्रव्य लगाए जाने के बाद स्कूल के पांच अध्यापकों द्वारा छात्र की पिटाई करने के विरोध में पीड़ित छात्र को न्याय दिलवाने और अध्यापकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर उनके निलंबन की मांग को लेकर रैली निकाली गई। इसके अलावा गुस्साए परिजनों और लोगों ने विभागीय जांच के शिक्षा उपनिदेशक से न करवाकर उच्चाधिकारियों से करवाने की भी मांग की।




आनी में छात्र पिटाई मामले को लेकर अध्यापकों पर कार्रवाई की मांग और एसएमसी के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली।

गुस्साए लोगों ने पहले पीएमश्री आदर्श विद्यालय के बाहर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद रैली एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां नारेबाजी और भाषण बाजी हुई, जबकि प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को एक ज्ञापन भेजा और एसडीएम से जल्द कार्रवाई की मांग की। रैली में कुछेक पंचायतों के प्रधान, कुछ कांग्रेस के चेहरे, छात्र के परिजन, एसएफआई के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### क्या है मामला

आपको बता दें कि पीड़ित छात्र के अनुसार मामला 24 जून का है, जब स्कूल में नाबालिग छात्र ने एक नाबालिग छात्रा के साथ शरारत करते हुए कोई द्रव्य आंखों में लगा दिया, जिससे लड़की की आंखों में बहुत जलन हुई और उसे लगा कि शायद कोई केमिकल डाला गया है और वह जलन के मारे चिलाने और जमीन पर लेटकर रेंगने लगी, जिस पर अध्यापकों ने जब पूछा, तो पता चला कि एक छात्र ने यह शरारत की है, जिस पर अध्यापकों ने उसे मिलकर पीटा, जिसके बाद छात्र के पिता ने पहले पुलिस में शिकायत दी, फिर दोनों पक्षों में समझौता हुआ, लेकिन अगले ही दिन छात्र ने सहपाठियों और दोस्तों के साथ मिलकर आनी कस्बे में नारेबाजी की, जो समझौते में जाकर खत्म हुई, लेकिन उसके अगले दिन फिर से पीड़ित छात्र के पिता पूर्ण चंद ने अध्यापकों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया, जबकि छात्रा के पिता की ओर से भी पुलिस में शिकायत दर्ज हुई है। अब दोनों मामलों में छानबीन जारी है।



छात्र के अभिभावक व अन्य लोग एसडीएम आनी नरेश वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए।

### कानून पर रखें भरोसा

वहीं, एसडीएम आनी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है, पुलिस कार्रवाई कर रही है और जो भी दोषी होगा, उसे तय कानून के तहत दंडित भी किया जाएगा। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने सभी परिजनों अन्य लोगों और मीडिया के हर माध्यम से अपील की है कि कानून पर भरोसा रखें और इस मामले पर ऐसा कोई कदम न उठाएं कि पढ़ाई के वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़े।

# यूनिवर्सल कार्टन के भार अनुसार आनी से सेब मंडियों का किराया तय

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सेब सीजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को एसडीएम सभागार आनी में ट्रक और पिकअप यूनियन, एप्पल ग्रोवर एसोसिएशन के साथ एसडीएम आनी नरेश वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ।



एसडीएम सभागार आनी में एसोसिएशन के साथ बैठक के दौरान चर्चा करते हुए एसडीएम।

बैठक में आनी उपमंडल के विभिन्न स्टेशनों से दिल्ली तक प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों की मंडियों तक सेब की पेटी की ढुलाई के भाड़े तय किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि सरकार के आदेशानुसार इस वर्ष यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल होना है, जिसमें 20 किलो ही सेब भरा जाएगा, जबकि पहले करीब 8 किलो तक ज्यादा सेब एक पेटी में रहता था और उसी के अनुसार भाड़े तय रहते थे। यूनिवर्सल कार्टन को देखते हुए इस वर्ष किराये में यूनिवर्सल कार्टन के हिसाब से करीब 11 रुपए प्रति पेटी के हिसाब से कटौती हुई है। नए किराये के अनुसार यूनिवर्सल कार्टन का आनी से दिल्ली का किराया 103 रुपए प्रति पेटी तय हुआ है। इसके अलावा बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि गत वर्ष तक विभिन्न स्टेशनों से प्रदेश की विभिन्न मंडियों तक पिकअप का जो एक फेरे का कुल किराया रहता था वह उतना ही रहेगा, उसमें कोई फेर बदल नहीं किया जाएगा। वहीं, एसडीएम आनी ने पीडब्ल्यूडी विभाग और एनएच विभाग को बंद पड़े कल्वर्ट को खोलने, खस्ताहाल सड़कें दुरुस्त करने, बरसातों के दौरान डंगे सेब सीजन से पहले लगाने के निर्देश दिए। बैठक में कृष्ण ठाकुर, रूप सिंह, मंगल चंद, राजिंद्र कुमार, देविंदर कुमार, तारा चंद, नरेश कुमार के अलावा नायब तहसीलदार टेक चंद चौहान, एसडीएम कार्यालय से विनोद कुमार, एनएच विभाग के सहायक अभियंता रुद्र और जेई मदन, पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता मनीष, पंचायत इंस्पेक्टर पूर्ण चंद आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### डीसी के रीडर बुध राम हुए सेवानिवृत्त

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** डीसी कुल्लू के रीडर बुधराम ठाकुर सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार, सहायक आयुक्त उपायुक्त कुल्लू शशि पाल नेगी, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला तथा सुरभि नेगी ने ठाकुर बुध राम को उनकी सेवानिवृत्ति पर बधाई दी है। उपरोक्त प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि 30 वर्षों तक ईमानदारी से ठाकुर बुध राम ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए उन्हें बधाई दी है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय कुल्लू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष गुलेरिया, उपाध्यक्ष तापे राम, महासचिव पंकज ठाकुर तथा उपायुक्त कार्यलय कर्मचारी संघ के समस्त सदस्यों ने बुधराम को सेवानिवृत्त पर बधाईयां दी तथा उनके सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की। (अनंत ज्ञान)

### सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए चलाया जाएगा सदस्यता अभियान : दिनेश सेन



सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक के दौरान संस्था के पदाधिकारी व सदस्य।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन सरवरी कुल्लू के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा की गई और निर्णय लिया कि अगली बार यह कार्यक्रम अटल सदन कुल्लू व लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र कुल्लू में किया जाएगा। संस्था की ओर से इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रायोजकों, विद्यालयों, इलेक्ट्रोनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया, जिला प्रशासन व कार्यक्रम से जुड़े सभी महानुभावों के सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद किया और आशा की गई कि भविष्य में भी संस्था को इसी प्रकार का योगदान मिलता रहेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि सूत्रधार भवन में एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसमें पूरे वर्ष भर संस्था के कार्यक्रमों, जन संदेश तथा प्रायोजकों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी दी कि संस्था के सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें इच्छुक व्यक्ति व कलाप्रेमी संस्था की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित संरक्षक मंडल सदस्य राजेंद्र सूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिंद्र कपूर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल, वित्त सचिव जोगिंद्र, भंडार प्रभारी तिलक राज आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों को दिए जाएंगे ओआरएस के पैकेट

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जिला स्तरीय स्टॉप डायरिया अभियान की क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से बच्चों को ओआरएस किट के वितरण के साथ शुरुआत की।

सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल में स्टॉप डायरिया अभियान के संदर्भ में डीसी ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरा चरण-1 से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा, जिसमें जिले के 3086 गावों में शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के कुल 29470 बच्चों के 25660 घरों में ओआरएस के पैकेट तथा जिंक की गोलियों का वितरण किया जाएगा। लगातार दस्त से होने वाले निर्जलीकरण के कारण होने वाली मौतों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तीव्र तरीके से क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों में मुख्य रूप से डायरिया रोकथाम प्रबंधन के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों को तेज करना है।



इसके साथ ही दस्त के मामलों के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधान को मजबूत करना, ओआरएस-जिंक कोनों की स्थापना करना है। इसके साथ ही पांच साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में आशा वर्कर्स की ओर से ओआरएस की व्यवस्था करना और स्वच्छता और सफाई के लिए जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों को चलाया जाएगा। डायरिया रोकथाम अभियान का लक्ष्य बाल दस्त के कारण होने वाली बाल मृत्यु को शून्य करना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पंवार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश, सहित अस्पताल की कई अन्य चिकित्सा कर्मी तथा आशा वर्कर्स भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### खेलो इंडिया में वुशु में आंचल भंगालिया का चयन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल की ग्याहरवीं आर्ट्स की छात्रा आंचल भंगालिया का चयन खेलो इंडिया वुशु नॉर्थ जॉन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

यह जानकारी कुल्लू वुशु संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि 9 से 12 जुलाई को खेलो इंडिया वुशु की प्रतियोगिता एनएसएनआईएस पटियाला में होने जा रही हैं। इस प्रतियोगिता में कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की राजपूत आंचल भंगालिया 60 किलो ग्राम भार वर्ग में अपना हुनर दिखाएगी। यह खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश की वुशु टीम से खेलेगी। इसके लिए कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने आंचल को बधाई दी और आगे भी इस तरह की खेल प्रतियोगताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

# योग साधना की महत्वपूर्ण विधियां सिखाईं

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन कुल्लू चैप्टर द्वारा छह दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर हैप्पीनेस प्रोग्राम गोयल भवन शमशी में आयोजित किया गया।



आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के समन्वयक सुंदर ठाकुर ने बताया कि यह शिविर 25 मई से शुरू समापन किया गया। इस शिविर में उचित योग साधना की महत्वपूर्ण विधियां, पौराणिक ज्ञान के सूत्र तथा मुख्यता विश्व विख्यात श्वास की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाई गईं। इस शिविर के प्रतिभागियों में डॉक्टर, स्कूल प्रिंसिपल, वरिष्ठ बैंक अधिकारी, व्यवसायी एवं अन्य उपस्थित रहे। इस शिविर में शरीर से आत्मा तक व्यक्तिगत अस्तित्व के हर स्तर के महत्व को समझते हुए कैसे स्वस्थ रहना है इस बारे में प्रतिभागियों ने गहराई से चिंतन किया। सुंदर ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से प्रतिभागी सर्वांगीण स्वास्थ्य का भरपूर लाभ उठाते हैं। वर्तमान जीवन शैली के आपाधापी में इन छह दिनों में चंद घंटे अपने लिए निकाल कर हर व्यक्ति को इस आनंद अनुभूति शिविर में अवश्य सम्मिलित होना चाहिए। विस्तार से इस महत्वपूर्ण प्रोग्राम में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन कुल्लू चैप्टर के प्रशिक्षकों से संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सरकार से मांग, पेंशनर्स की बकाया डीए किस्त जल्द जारी की जाए

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

हिमाचल पेंशनर्स महासंघ नग्गर खंड की मासिक बैठक सोमवार को शुभम कैफे कटराईं में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान लालचंद ठाकुर ने की।

बैठक में पेंशनर संघ के लगभग 45 सदस्य उपस्थित रहे और पेंशनर्स से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों से जीवन प्रमाण पत्र भरकर कोष कार्यालय कुल्लू में शीघ्र जमा करवाने तथा साथ में इनकम टेक्स रिटर्न भरने का आग्रह किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने सरकार से मांग की पेंशनर्स की बकाया डीए किस्त का एरियर तथा पेंशनर्स एरियर जल्द जारी किया जाए। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पेंशनर्स से कार्य करने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)



**आशीर्वाद** पहली बार भक्त की मनोकामना पूर्ति के लिए आयोजित होने वाली जातर में भाग लेने जाएंगे भुंतर

# भू-भू जोत लांघ कुल्लू पहुंचे देवता हुरंग नारायण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

मंडी के राजा माने जाने वाले देवता हुरंग नारायण अपने लाव-लश्कर और देवलुओं सहित इतिहास में पहली बार भक्त के बुलावे पर भू-भू जोत लांघकर पहुंचे और तीन दिनों की जातर में हिस्सा लेंगे।

सोमवार को जैसे ही देवता हुरंग नारायण के ढालपुर रथ मैदान में पहुंचकर विश्राम करने की योजना के बारे भक्तों को पता चला, तो हजारों की संख्या में भक्तों ने अपने आराध्य देवता के दिव्य दर्शनों का लाभ लेने के लिए ढालपुर का रुख किया। देवता के ऐतिहासिक ढालपुर में स्थित रथ मैदान में पहुंचते ही देखते ही देखते माहौल एक दम से एक उत्सव के जैसा हो गया और इस



देवता हुरंग नारायण अपने लाव लश्कर और देवलुओं सहित पहुंचे कुल्लू के रथ मैदान।

दौरान हजारों की संख्या में आए भक्तों ने देवता के दर्शन का लाभ उठाया।

इससे पहले देवता हुरंग नारायण ने अपनी यात्रा के दौरान लग घाटी के भट्टी में रात्रि विश्राम किया था। देवता अपने 10 दिनों की यात्रा पर हैं। इस अवसर पर देवता भुंतर में देवता के भक्तों के द्वारा मनोकामना पूर्ति पर आयोजित होने वाले तीन दिनों की जातर में भाग लेंगे। देवता के साथ-साथ आए वीर सिंह गुर, संजू राम गुर, कारदार सोहन, शामलाल छोटे गुर, कमल सिंह छोटे गुर, पुजारी इंद्र सिंह सहित देवलुओं में शामिल मस्त राम, बहादुर सिंह, तुलसी राम, प्रकाश चंद और राजू ने बताया कि देवता हुरंग नारायण की ये 10 दिनों की यात्रा अपने आप में ही एक ऐतिहासिक यात्रा है। (अनंत ज्ञान)

### देवता के करीब 700-800 देवलू चल रहे साथ-साथ



ऐसा पहली बार हुआ, जब देवता अपने भक्त की मनोकामना पूर्ति पर देवता हुरंग नारायण को समर्पित जातर में भाग लेने के लिए भू-भू जोत लांघकर भुंतर पहुंचेंगे। देवता के साथ आए देवलू भी चौहार घाटी में स्थित मंदिर से जोत लांघकर पैदल यात्रा करते हुए भुंतर पहुंचेंगे और भुंतर से फिर जोत लांघकर वापस अपने मंदिर तक पहुंचेंगे। देवता हुरंग नारायण अगले तीन दिनों तक भुंतर में अपने दो भक्तों के द्वारा आयोजित जातर में भाग लेंगे और इस दौरान भक्त भी अपने आराध्य की सेवा और पूजा-अर्चना का सुख प्राप्त करेंगे। जहां से देवता गुजर रहे हैं वहां देवता के करीब 700-800 देवलू साथ-साथ चल रहे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब ने सीए व डॉक्टरों को किया सम्मानित



**महेंद्र, परवाणू।** परवाणू रोटरी क्लब ने सीए व डॉक्टर्स दिवस के मौके पर परवाणू के कुछ सीए व डॉक्टरों को उनके योगदान व बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस दौरान परवाणू के ईएसआई अस्पताल से डॉ. ज्योति कपिल, डॉ. वृंद कपिल, डॉ. शालू शर्मा को क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीए राजीव आहूजा व सीए मनोज गर्ग को भी क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष आरसी वर्मा, युवा सेवा निदेशक पुनीत कपूर, पूर्व अध्यक्ष धांद कमल, भूपिंदर जैन, कमल अग्रवाल, कांता कपूर, राकेश भंडारी व अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सचिन बने लायंस क्लब नाहन के प्रधान

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन शहर से सटे आमवाला के रहने वाले सचिन चौहान ने समाजसेवा में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब नाहन की कमान संभाली। सचिन चौहान पेशे से स्नातक अध्यापक हैं। भी सदस्यों ने उन्हें एकमत से क्लब का प्रधान चुना। लायंस क्लब की संवैधानिक परंपरा के अनुरूप उनका कार्यकाल एक जुलाई से आरंभ हो गया है। लायंस क्लब नाहन के पूर्व प्रधान विनीत सिंघल ने उन्हें सेवा पिन लगा कर कार्यभार स्थानांतरित किया। इसके अलावा कार्यकारिणी में विजय गुप्ता को महासचिव व क्लब के फाउंडर सदस्य राजीव बंसल को क्लब द्वारा कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त लायंस क्लब गवर्नर विनीत गोयल ने विनीत सिंघल को जोन चेयरमैन, सुखदेव सिंह को जिला प्रभारी जल संरक्षण व अनिल मल्होत्रा को सलाहकार नियुक्त किया गया। मीडिया से बातचीत में सचिन चौहान ने बताया कि लायंस क्लब नाहन की उच्चतम सेवा भावना का निर्वहन करते हुए नाहन शहर व आसपास के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके इलावा इस वर्ष क्लब पौधरोपण, विद्यालयों में आवश्यक सामग्री का वितरण, राशन वितरण आदि जैसे पुनीत कार्य करेगा। (अनंत ज्ञान)

### मतदान केंद्र में परिवर्तन पर बैठक आयोजित

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत एक मतदान केंद्र में परिवर्तन करने को लेकर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। 51-नालागढ़ निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र 87 दत्तोवाल-2 जो राजकीय प्राथमिक पाठशाला दत्तोवाल (पश्चिमी भाग) में जर्जर हालत में स्थित था। स्कूल प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया है। ऐसे में अब इस मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला दत्तोवाल के परिसर में ही स्थित दूसरे भवन में परिवर्तित करने पर राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श कर सहमति जताई गई। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर उपचुनाव को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग की भी आग्रह किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की संधीरा सीबू सिंह, भाजपा के चंद्र कांत शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बराड़, आप के भरत सहित तहसीलदार निर्वाचन सोलन ऊषा चौहान एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### महिला और युवक मंडल राहु ने किया पौधरोपण



**रघुवंशी, अर्की।** अर्की की पंचायत रोहांज-जलाना के राहु गांव में महिला मंडल और नेहरू युवक मंडल राहु ने मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लगभग 100 पौधे लगाए गए, जिनमें बेहड़ा, आड़ू, आंवला, चढ़ील, बरगद, पीपल और नीम शामिल थे। सभी ने स्थानीय सड़क मार्ग और अर्की-मांजू सड़क मार्ग में भी पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए आयोजित किया गया और सभी सदस्यों ने इसे समर्थन दिया कि वे हर वर्ष पौधरोपण का कार्य करेंगे। महिला मंडल की प्रधान वंदना कौशल और युवक मंडल के अध्यक्ष हंसराज वर्मा ने भी इस महत्वपूर्ण कार्य में अपने विचार व्यक्त किए और उन्होंने वन विभाग अर्की का इन पौधों को उपलब्ध करवाने के लिए विशेष आभार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)

### भाषण में रितिक राज किन्नौर पब्लिक स्कूल प्रथम



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** सेवानिवृत्त डीआईजी बीएसएफ कुशल पर्वतारोही व किन्नौर पब्लिक स्कूल के संचालक स्वर्गीय शेरब नेगी की याद में स्कूल परिसर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि इंदिरा देवी पत्नी दिवंगत पूर्व डीआईजी (बीएसएफ) एससी नेगी व दामाद रविकांत डिप्टी कमांडेंट (बीएसएफ) थे। इस अवसर पर रिकांगपिओ के सात निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को शेरब नेगी मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रितिक राज किन्नौर पब्लिक स्कूल प्रथम, अरमान लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल द्वितीय, इशिका किन्नौर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। किन्नौर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य दमयंती नेगी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में बोलने की प्रतिभा को उजागर करना, उनमें आत्म विश्वास लाना और भाषा ज्ञान को विकसित करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से नई पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति से जुड़ी रहती है और उसके प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है। (अनंत ज्ञान)

# प्रशासन को आई पेयजल को तरसे सोलन वासियों की याद

## डीसी ने जल शक्ति विभाग और नगर निगम की ली क्लास, शहर में अवैध रूप से लगे पानी के मीटर की मांगी रिपोर्ट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन में पिछले करीब दो महीने से पेयजल संकट से जूझ रही जनता की प्रशासन को आखिरकार याद आ गई।

पानी की समस्या को लेकर लोगों में सरकार और प्रशासन के प्रति बढ़ते रोष के बाद डीसी सोलन ने मोर्चा संभालते हुए डैमेज कंट्रोल करने का प्रयास किया है। उम्मीद की जा सकती है की प्रशासन के एक्शन में आने से शहर में पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने जल शक्ति विभाग नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर शहर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगले 15 दिन के अंदर स्टेटस रिपोर्ट देने को भी कहा है। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

### डीसी ने माना, दोनों विभागों में सामंजस्य की कमी

डीसी ने माना कि दोनों विभागों में आपसी सामंजस्य की कमी है और पेयजल की आपूर्ति में भी खामियां हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ कीमैन की कार्यप्रणाली पर भी नजर रखने को कहा है। वर्तमान में नगर निगम में 8800 पानी के कनेक्शन लगे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि कई भवनों में एक या दो मीटर के बजाए चार से पांच कनेक्शन लगे हैं। कुछ कनेक्शन मुख्य पाइप लाइन से अवैध रूप से लिए गए हैं, जिनकी जांच की आवश्यकता है। इसी तरह शहर के कुछ वार्डों में जल शक्ति और नगर निगम से भी अलग-अलग कनेक्शन लिए गए हैं, जो कि नियम अनुसार मान्य नहीं हैं। हालांकि नगर निगम के वार्ड -1 में पूर्णता जल शक्ति विभाग ही पानी की आपूर्ति कर रहा है। जिला प्रशासन ने बेवजह पानी स्टोर करने वाले भवन मालिकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अब घरों में लगी टंकियों के ओवर फ्लो होने पर भी कार्रवाई होगी। इसके अलावा कमर्शियल उपयोग और कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए पानी प्रयोग पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। इसकी जिम्मेवारी नगर निगम और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों की रहेगी। लिहाजा अब देखना रोचक होगा कि प्रशासन की इस रिव्यू मीटिंग से आने वाले दिनों में क्या परिणाम निकलते हैं।

### अवैध कनेक्शन पर होगी कार्रवाई : डीसी



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नगर निगम और जल शक्ति विभाग को पेयजल व्यवस्था को बेहतर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पानी के दुरुपयोग, कमर्शियल और कंस्ट्रक्शन वर्क में पेयजल के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। इसी तरह पानी के अवैध कनेक्शन और एक से अधिक कनेक्शन आवंटन की जांच की रिपोर्ट मांगी गई है।

### एक से अधिक कनेक्शन की होगी जांच

जिला प्रशासन ने नगर निगम और जल शक्ति विभाग की तरफ से आवंटित एक से अधिक कनेक्शन की भी जांच करने को कहा है। साथ ही अवैध रूप से लगे पानी के कनेक्शन को लेकर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी सोलन के मुताबिक नगर निगम को रोज जल शक्ति विभाग से 66 लाख लीटर पानी मिल रहा है, जबकि नगर निगम आठ दिन के अंतराल के बाद पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। पानी की इतनी मात्रा होने के बावजूद नगर निगम शहर की प्यास नहीं बुझा पा रहा है, जबकि पूर्व में इतने ही पानी से नगर निगम तीसरे से चौथे दिन पानी की आपूर्ति कर रहा था। मगर पिछले दो महीने के दौरान व्यवस्था बिलकुल बिगड़ गई। हालांकि निगम का तर्क है कि शहर में पेयजल की नियमित आपूर्ति के लिए रोज 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है, वहीं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का दावा है कि नगर निगम को मांग के मुताबिक पेयजल की लिफ्टिंग की जा रही है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर समस्या कहां है।

## श्रम कानून के विरोध में 17 को सीटू करेगा प्रदर्शन

**एसपी जैरथ, नाहन।** केंद्र सरकार की ओर से श्रम कानूनों को खत्म करने के विरोध में 17 जुलाई को होने जा रहे प्रदर्शन को लेकर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में सीटू कार्यकर्ताओं ने रूपरेखा तैयार की। सीटू जिला कमेटी के महासचिव आशीष कुमार ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्र की मोदी सरकार की ओर से 44 श्रम कानून को खत्म करके जो चार लेबर कोड लागू किए हैं, इसका विरोध जताया गया। केंद्र सरकार की ओर से श्रम कानून को खत्म करके पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसके विरोध में आगामी 17 को पूरे देश भर में विरोध-प्रदर्शन होंगें और जिला मुख्यालय नाहन में भी विरोध प्रदर्शन होगा। बैठक के दौरान अन्य कई विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें न्यूनतम वेतन 21 हजार देने व उच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक मिड-डे-मील वर्कर्स को 12 महीने का वेतन देने के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय की ओर से जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रेच्युटी देने को लेकर फैसला दिया है। (अनंत ज्ञान)

### जन कल्याण समिति मांजू पलोग राहु की त्रैमासिक बैठक

## अस्पताल में हो पीली पर्ची का प्रावधान

**रघुवंशी, अर्की**

अर्की उपमंडल की पंचायत रोहांज-जलाना के राहु गांव स्थित सामुदायिक भवन में जन कल्याण समिति मांजू पलोग राहु की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जियालाल शर्मा ने की।

बैठक में बतौर मुख्यातिथि चमयावल पंचायत के पूर्व प्रधान परमेंद्र ठाकुर रहे। बैठक में वन विभाग से सेवानिवृत्त अमरचंद शर्मा और जल शक्ति विभाग से सेवानिवृत्त कर्म सिंह ठाकुर ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान समिति के महासचिव केसी शर्मा ने समिति की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी सभी के मध्य साझा की। हालही में राहु गांव में बनाए गए मिट्टी के डैम में भारी गर्मी के कारण पानी की कमी से मछलियों के जीवन पर संकट आ गया था। समिति ने पानी की व्यवस्था के लिए प्रयास किए और परमिंदर ठाकुर से संपर्क कर 40 पानी के टैंकर मंगवाए, जिससे मछलियों का जीवन बचाया जा सका। इसके लिए समिति ने परमिंदर और सभी दानी सज्जनों का धन्यावाद किया। (अनंत ज्ञान)

### विधायक संजय अवस्थी का जताया आभार

स्थानीय विधायक संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्य के लिए 9000 का योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के चुनाव कार्यकारी अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। बैठक के दौरान चर्चा की गई कि सामुदायिक अस्पताल अर्की में वरिष्ठ नागरिकों के लिए पीली पर्ची का प्रावधान किया जाए, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। समिति के सभी सदस्यों ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से भी पत्राचार करने पर सहमति जताई कि वे अपने कर्मचारियों को पानी के टैंकों में ब्लीचिंग पाउडर सही मात्रा में डालने के निर्देश जारी करें। इसके अलावा, आगामी बरसात में समिति के सभी सदस्यों ने कम से कम पांच पौधों का पौधरोपण करने का संकल्प लिया।

### जियालाल शर्मा को प्रधान पद की कमान

चुनाव में जियालाल शर्मा को पुनः प्रधान, मेहर चंद कौशल को वरिष्ठ उपप्रधान, प्रकाश चंद शर्मा को उपप्रधान, केसी शर्मा को महासचिव, भगत राम शर्मा को ऑडिटर, रतिराम वर्मा को कोषाध्यक्ष, अमरचंद शर्मा को संगठन मंत्री, धर्मपाल शर्मा को मुख्य सलाहकार, जीतराम शर्मा को सलाहकार, यशपाल शर्मा को सहसचिव और संतराम पाल, गोपाल सिंह कौशल, परसराम शर्मा, तथा कर्म सिंह ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

## नालागढ़ सहित इन जगह कल दो घंटे का बिजली कट

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड मंडल नालागढ़ के तहत तीन जुलाई को आवश्यक रखरखाव के चलते बिजली उपकेंद्र उपरला नंगल से बिजली कट लगेगा। बिजली मंडल नालागढ़ के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता हिमेश धीमान ने बताया कि तीन जुलाई को दोपहर 12 से दो बजे तक न्यू नालागढ़, किरपालपूर, डाडी, खेडा, बागबानिया, बारियां, दिग्गल, रामशहर, मित्तियां, नंड, चमदार, गोयला, नंगल, गोलजमाला, दभोटा, भोगपुर, झिरिवाला, राजपुरा, मंझोली, सैनी माजरा, ढेरोवाल, रामपुर बसोट, चोकीवाला, जगातखाना, डाना, सनऐड, दत्तोवाल, पंजेहरा, जोघों, रिया, बरूणा, बघेरी, जगतपुर, बासोवाल, बगलेहर, पल्ली, अंदरोला, गुल्लरवाला, बैरछा आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, जबकि इन क्षेत्रों की औद्योगिक इकाईयां भी प्रभावित रहेंगी।

## कांग्रेस जनता से खेल रही भावनात्मक कार्ड, कभी मायका कभी ससुराल : विवेक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है।



शर्मा ने कहा कि महत्वाकांक्षाओं की राजनीति में जनता की सुख-सुविधा व विकास भूलकर व्यक्ति को कितना गिरा सकती है इसका ज्वलंत उदाहरण देहरा विधानसभा क्षेत्र बन गया है। जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री को कांग्रेस के मध्य एक भी योग्य कार्यकर्ता नहीं मिला और उन्होंने अपनी पत्नी को ही प्रत्याशी बनाकर उतार दिया। विवेक ने पूछा कि क्या कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का अकाल हो गया है या सत्ता में बैठे नेता मानसिक रूप से दिवालिया हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि तुष्टिकरण भावनात्मक कार्ड खेलने, भड़काने व विभाजन में महारथ प्राप्त कांग्रेस देहरा विधानसभा के इतिहास में एक नया दौर लिख रही है। जहां पर सत्ता के सर्वोत्तम पद पर बैठे हुए कमजोर ठाकुर को एक पारिवारिक महिला के कंधे का सहारा लेना पड़ रहा है। अपना वर्चस्व व सियासत की विरासत बचाने के लिए और कमलेश के हारते ही मुख्यमंत्री को विदाई देने वालों में कांग्रेस के भीतर होड़ लग जाएगी। अंतर्कलह भीतर के लोकतंत्र में परिवर्तित होकर बाहर आएगी और हिमाचल के इतिहास में सुक्खू सबसे कमजोर मुख्यमंत्री में दर्ज किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव की भांति इस बार भी प्रदेश के उपचुनाव में कांग्रेसी, कांग्रेस का साथ छोड़ रहे हैं व स्वयं से पूछ रहे हैं क्या यही वास्तविकता में व्यवस्था परिवर्तन है। मित्रों की सरकार में हमारा भविष्य क्या है और यही लोग भाजपा के पक्ष में मत करेंगे और यह संदेश देंगे। (अनंत ज्ञान)

## चिट्टे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर पुलिस की डिटेक्शन सेल ने नशे के खिलाफ एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

डिटेक्शन सेल की टीम के द्वारा हेरोइन की एक बड़ी खेप के साथ नाहन के एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदू जागरण मंच से जुड़ा नेता 30 वर्षीय अनुज शर्मा पुत्र जानकी नाथ शर्मा निवासी गुन्नू घाट स्मगलिंग में सहयोगी नाहन अप्पर स्ट्रीट गुन्नू घाट निवासी 30 वर्षीय प्रीति अग्रवाल पत्नी प्रवेश अग्रवाल अप्लाइड फॉर स्कूटी पर बैठकर नाहन की ओर आ रहे थे। पुलिस को मिली खुफिया इनपुट के बाद सिरमौर पुलिस कप्तान के द्वारा विशेष रणनीति बनाई गई, जिसमें एचपीटीयू/डब्ल्यूपीएस डिटेक्शन सेल की एक विशेष टीम का दस्ता तैयार किया गया।

अनुज शर्मा और उसकी सहयोगी प्रीति अग्रवाल को एनएच-सात सैनवाला काली मंदिर के पास पहुंचते ही पुलिस दल ने रोक लिया। कड़ी मशक्कत करने के बाद पुलिस दल को नशे का सामान बरामद हो गया। पुलिस के द्वारा मौके पर ही जब नशे के समान हेरोइन को तोला गया, तो उसकी मात्रा 07.01 ग्राम पाई गई।

पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए मामला थाना कालाअंब के अंतर्गत धारा 21, 25, 29 एनडीपीएस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुज शर्मा पहले भी कई बार नशा बेचने के आरोप में पकड़ा जा चुका है। मामले की पुष्टि जिला सिरमौर पुलिस कप्तान रमन कुमार मीणा के द्वारा की गई है। पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

### आरोपी से मंच का लेना-देना नहीं

हिंदू जागरण मंच के प्रांत विधि प्रमुख संदीप अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने जिस अनुज शर्मा को चिट्टा पकड़ने के आरोप में हिंदू जागरण मंच के बैनर के नाम से गिरफ्तार किया है, उसका हिंदू जागरण मंच के साथ कोई संबंध नहीं है। अनुज शर्मा हिंदू जागरण मंच का प्राथमिक सदस्य भी नहीं है इसलिए अनुज को जागरण मंच के साथ न जोड़ा जाए, जिससे मंच की बदनामी न हो।

## बारिशों में आपदाओं से निपटने को इस बार सिरमौर पुलिस तैयार

**एसपी जैरथ, नाहन**

पिछले वर्ष बरसात में हुए नुकसान को लेकर इस बार जहां जिला प्रशासन ने तमाम तैयारी को चाक-चौबंद कर लिया है, तो वहीं सिरमौर पुलिस भी अब अलर्ट मोड पर आ गई है।



एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा की ओर से जिले के तमाम थाना पुलिस चौकियों को हर वक्त मुस्तैद रहने के लिए कहा गया है। जिला पुलिस कप्तान के द्वारा सभी थाने, चौकी की लैंडलाइन सहित हेल्पलाइन नंबर को भी दुरुस्त कर लेने के आदेश दिए गए हैं। आपदा के दौरान कई बार अवसरवादी भी मौके का फायदा उठाकर अपना हाथ साफ कर लेते हैं। ऐसी स्थिति में न केवल कानूनी व्यवस्था बनाई जाना जरूरी है, बल्कि पीड़ित परिवारों को अधिक राहत मिले इसको लेकर रेस्क्यू में प्रमुख भूमिका भी निभानी है। एसपी सिरमौर ने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि बरसात के सीजन में नदी-नाले अथवा खड्डों के आसपास जाने से परहेज करें। जिला प्रशासन के द्वारा बरसात के सीजन को लेकर जहां तमाम व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## अवैध खनन करते पकड़े दो ट्रैक्टर

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के रामपुरघाट में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर पकड़े हैं।

टीम ने दोनों ट्रैक्टर के चालान कर चालकों से 32,770 रुपए का जुर्माना वसूला है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग को सूचना मिली कि पांवटा साहिब के रामपुरघाट में अवैध खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नदी के पास दो ट्रैक्टर अवैध खनन करते हुए पाए गए। वन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर दोनों ट्रैक्टर के चालान कर हजारों रुपए का जुर्माना किया है। खबर की पुष्टि वन विभाग पांवटा साहिब के डीएफओ एश्वर्य राज ने की है।

## पांवटा में चरस व लाखों की नकदी सहित तीन गिरफ्तार

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने तीन युवकों को 2.820 किलोग्राम चरस और दो लाख की नकदी के साथ दबोचा है।

पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान 31 वर्षित आशीष कुमार निवासी गांव धंदेवरी डा. क्वार व तह. डोडरा क्वार जिला शिमला, 44 वर्षीय विपिन बासु पुत्र स्व. बामु राम निवासी गांव धंदेवरी डा. क्वार व तह. डोडरा क्वार जिला शिमला और 30 वर्षीय मनजीत सिंह निवासी गांव व डा. ब्यास तह. पांवटा साहिब जिला सिरमौर के तौर पर हुई है। बता दें पुलिस ने तीनों युवकों को गुप्त सूचना के आधार पर काबू किया है।

तीनों युवकों को न्यायालय में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। एसपी रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई जारी है। (अनंत ज्ञान)

## ब्लॉक कांग्रेस अर्की की मासिक बैठक आज

**रघुवंशी, अर्की।** ब्लॉक कांग्रेस अर्की की मासिक बैठक आज यानी 2 जुलाई को सुबह 11 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए ब्लाक कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुड़ ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप करेंगे। उन्होंने कांग्रेस अर्की के सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में भाग लेने का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)

## स्वस्थ मातृत्व के महत्व पर दिया बल

**आशीष, दाड़लाघाट**

स्वास्थ्य मातृत्व एवं शिशु कार्यक्रम के अंतर्गत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना के तहत पोषण विधि प्रदर्शन का आयोजन गांव समाना में महिला एवं बाल विकास विभाग (बाल विकास परियोजना वृत्त चंडी) के संयुक्त तत्वावधान में पोषण विधि प्रदर्शन का आयोजन स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।



दाड़लाघाट के तहत गांव समाना में पोषण विधि प्रदर्शन के दौरान महिलाएं।

पोषण का महत्व, उद्देश्य कार्यान्वयन के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिए जनजागृति के माध्यमों से किशोरियों, महिलाओं और बच्चों के स्वस्थ्य पर केंद्रित रहा। पोषण विधि प्रदर्शन में अलसी के लड्डू, मूंग दाल और भेज मुरमुरे का प्रदर्शन आंगनबाड़ी केंद्रों को भी शामिल कर किया। मुख्य निर्माण अधिकारी और नार्थ रीजन हेड अंबुजा सीमेंट लिमिटेड मुकेश सक्सेना ने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से स्वस्थ मातृत्व और स्वस्थ शिशु के महत्व पर, शरीर में होने वाले सुक्ष्म पोषण तत्वों की कमी को नियमित रूप से अनुपूरक आहार लेने से कम किया जा सकता है इस पर बल दिया। सामुदयिक स्वास्थ्य परियोजना समन्वयक अजीत कुमार सिंह और क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट सदैव ऐसे ही पोषण विधि प्रदर्शन का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना के तहत चिन्हित गांव और ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित रूप से करता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

**भागीदारी**

### बीमारी की जांच के लिए नहीं काटने पड़ेंगे अस्पताल के चक्कर, सैंपल लेकर सीधे लेबोरेटरी भेजने की रहेगी सुविधा

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केमिस्ट भी ले सकेंगे रोगियों के सैंपल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

टीबी मुक्त भारत/हिमाचल कार्यक्रम के अंतर्गत सोलन जिला केमिस्ट ऐसोशिएसन ने टीबी विभाग प्रभारी डॉक्टर अजय सिंह व अन्य अधिकारियों ने समग्र स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम के तहत सकारात्मक बैठक कर समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाई।



टीबी मुक्त भारत/हिमाचल कार्यक्रम के अंतर्गत सोलन जिला केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक।

इसके तहत अब टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केमिस्ट भी रोगियों के सैंपल लेकर लैबोरेटरी भेज सकेंगे। इससे रोगी को बीमारी की जांच के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जिले भर की केमिस्ट शॉप में टीबी आशंका वाले व्यक्ति के बलगम का सैंपल लेकर सीधे लेबोरेटरी भेजने की सुविधा रहेगी। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सोलन के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद ने कहा कि उपरोक्त कार्यक्रम में सहयोग के लिए पहले भी सोलन जिला केमिस्ट ऐसोशिएसन की केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने एक्स पर प्रशंसनीय ट्वीट किया था। बैठक में डीटीओ डॉ. अजय सिंह, डीपीसी दिनेश, डीआरटीबी को-ऑर्डिनेटर राजीव, एसटीएलएस कुलभूषण और डीए राजकुमार सहित केमिस्ट एसोसिएशन सोलन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सूद, महासचिव विपुल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील सेठी, पीआरओ संजय जोशी, दिलांबर, रजनीश गुप्ता, राजेश कोहली, राजीव बंसल कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य बीस केमिस्ट भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कुछ महीनों से टीबी के मामलों में आई कमी

टीबी जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने में उद्देश्य से सोलन जिला दवा विक्रेता संघ पहले भी सार्थक पहल कर चुका है, जिसके तहत जिले के दवा विक्रेताओं ने अपनी सभी दुकानों में दवाई देने के लिए एक विशेष लिफाफा बनाया है। इस लिफाफे में टीबी लक्षण, बचाव और उन्मूलन की जानकारी दी है। यह लिफाफा सभी प्रकार की दवाओं के साथ लोगों को दिया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन की माने तो पिछले कुछ महीनों टीबी के मामलों में कुछ कमी भी आई है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका दौरे से कार्यभार संभालेंगे नए कोच



**ब्रिजटाउन ।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की सीरीज के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है। क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं। शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। भारतीय टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर पर्यटन का टीम इंडिया को न्योता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग ने टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम को इस जीत का जश्न मनाने यहां आने का न्योता दिया है। विभाग ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा ,''टीम इंडिया को टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई। हम अपने चैंपियन को जश्न मनाने के लिए जम्मू-कश्मीर आने का न्योता देते हैं। अतुल्य भारत के इस ताज में आपकी मेजबानी करना फख्र की बात होगी।''

### तेजस शिरसे ने नया मीट रिकॉर्ड बनाया



**पंचकूला।** 63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.54 सेकंड के नए मीट रिकॉर्ड के साथ तेजस शिरसे ने स्वर्ण पदक जीता। 22 वर्षीय शिरसे ओलंपिक मानक (13.27 सेकंड) को हासिल करने का लक्ष्य बना रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। साहिल सिलवाल ने भी खुद को बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार साबित किया, उन्होंने भाला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिलवाल, जो कुछ साल पहले सबसे होनहार थ्रोअर में से एक थे, ने अपने अंतिम थ्रो में 81.81 मीटर की दूरी तय करके नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### भारतीय महिला टीम-ए ऑस्ट्रेलिया जाएगी



सिडनी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमें अगले महीने क्वींसलैंड में ए सीरीज खेलेंगी जिसे बांग्लादेश में साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। इस दौरे पर ब्रिसबेन में तीन टी-20 मैच, मैके में तीन वनडे मैच और गोल्ड कोस्ट में चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। आस्ट्रेलियाई उपकप्तान ताहलिया मैकग्रा 20 और 50 ओवरों की टीम की कप्तान होंगी जबकि चार्ली नॉट चार दिवसीय मैच में कमान संभालेंगी।

### आरसीबी ने कार्तिक को बल्लेबाजी कोच बनाया



**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का बल्लेबाजी कोच और मेंटोर बनाया गया। कार्तिक ने पिछले महीने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। आरसीबी ने एक्स पर लिखा ,''दिनेश कार्तिक का आरसीबी में स्वागत है। डीके आरसीबी पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच और मेंटोर होंगे।'' कार्तिक ने कहा ,'' पेशेवर स्तर पर कोचिंग को लेकर रोमांचित हूं। जीवन के इस नए अध्याय को लेकर भी काफी रोमांचित हूं। उम्मीद है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरा अनुभव काम आएगा।''

### भारतीय बधिर टीम ने टी-20 सीरीज जीती

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। अभिषेक इस मुकाबले के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए, जबकि साई आकाश को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### एशियाई खेलों में शामिल होगा योग



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने कहा ,''मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिये आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा ।'' आईओए सूत्र ने बताया कि अभी योग को एशियाई खेलों में शामिल करने की दिशा में पहला कदम उठाया गया है ।

### लक्ष्य को लय हासिल करने का भरोसा



**कैलगरी (कनाडा)।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन में अपने अभियान को शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश लय में वापसी के साथ पिछले एक साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की होगी। सेन विश्व रैंकिंग में 14 स्थान पर फिसल गये हैं और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 स्तर की इस प्रतियोगिता में उन्हें चौथी वरीयता मिली है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में वह यहां चुनौती पेश करने वाले इकलौते भारतीय है। राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता सेन पिछले साल लगभग इसी समय कनाडा ओपन में जीत दर्ज करने के बाद से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। सेन एक महीने से भी कम समय में शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारी करते हुए अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेंगे। विश्व चैंपियनशिप का पूर्व कांस्य पदक विजेता यह भारतीय खिलाड़ी क्वालीफायर के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। वह अगर शुरुआती बाधा को पार करने में सफल रहे तो क्वार्टर फाइनल में उन्हें विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस की चुनौती मिल सकती है।

## उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश में नहीं

# आईसीसी टी-20 विश्व कप टीम में छह भारतीय



















**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप की 'टूर्नामेंट की टीम' में छह भारतीयों को शामिल किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इसमें जगह नहीं मिली है। सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले कोहली फाइनल से पहले किसी मैच में नहीं चले। फाइनल में उन्होंने 59 गेंद में 76 रन बनाए। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर 11 साल बाद आईसीसी खिताब जीता।

आईसीसी एकादश में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को जगह मिली है। रोहित ने 156.7 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए।

उन्होंने अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' और भारत के ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह ने 15 विकेट लिए।

उनका इकॉनॉमी रेट 4.17 था जो पुरुषों के टी-20 विश्व कप में किसी एक सत्र में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ी फजलहक फारूकी, गुरबाज और कप्तान राशिद खान भी टीम में है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को भी टीम में जगह मिली है। उपविजेता दक्षिण अफ्रीका का एक भी खिलाड़ी एकादश में नहीं है। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे 12वें खिलाड़ी हैं।

### आईसीसी टूर्नामेंट की टीम

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह (भारत), रहमानुल्लाह गुरबाज, राशिद खान, फजलहक फारूकी (अफगानिस्तान), मार्कस स्टोइनिस (ऑस्ट्रेलिया), निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज)।

**12वां खिलाड़ी :** एनरिच नोर्त्जे (दक्षिण अफ्रीका)

## द्रविड़ ने विराट कोहली से कहा-तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है, उसे हासिल कर लो

**ब्रिजटाउन ।** भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी-20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है।

द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा ,''तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल



तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखा है। अब बस विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हार चुका है। कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं।

## प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**एजेंसी, बुकारेस्ट ( रोमानिया )**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए।

अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ रूस के इयान नेपोमनियाश्चि




मुकाबले के दौरान खेलते वेस्ली सो और आर प्रज्ञानानंदा।

और वेस्ली 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि हॉलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव उन से आधा अंक पीछे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगडान-डैनियल 1.5 अंकों के साथ सबसे नीचे हैं। गुकेश अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ अच्छी स्थिति का फायदा नहीं उठा सके और उन्हें भी ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। वाचिएर-लाग्रेव कारूआना को तो वही बोगडान-डैनियल नेपोमनियाश्चि को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे।

प्रज्ञानानंदा को चालों की सटीक गणना और रणनीतिक मजबूती के लिए जाना जाता है, लेकिन वह दबदबा बनाने के बाद कुछ चूक कर बैठे। वेस्ली को किस्मत का अच्छा साथ मिला और वह वापसी कर मुकाबले को बराबरी पर खत्म करने में सफल रहे। गुकेश ने भी शानदार रणनीतिक चाल से अब्दुसात्तोरोव को दबाव में डाल दिया था लेकिन उन्होंने इसे जीत में बदलने का मौका गंवा दिया।

## आनंद ने 10वीं बार लियोन मास्टर्स का खिताब जीता

**एजेंसी, लियोन ( स्पेन )**

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैम्पियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था।

इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। इसमें 20-20 मिनट के चार गेम खेले जाते हैं जिसमें हर चाल के बाद खिलाड़ियों को अगली चाल चलने के लिए 10



सेकंड अधिक मिलते हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

## ओलंपिक में जगह बनाने से चूकी मिश्रित 4×400 मी रिले टीम

**एजेंसी, पंचकूला ( हरियाणा )**

भारतीय मिश्रित 4×400 मीटर रिले टीम राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप के अंतिम दिन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही और निर्धारित समय से महज एक सेकंड से चूक गई।

भारत ने मिश्रित 400 मीटर रिले स्पर्धा में दो टीमें (ए और बी) उतारी। इसमें श्रीलंका और मालदीव को भी भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा आमंत्रित किया गया था, ताकि विश्व रैंकिंग के लिए समय की गणना की जा सके। किसी स्पर्धा को अंतरराष्ट्रीय बनाने के लिए तीन राष्ट्रीय टीमों की जरूरत होती है। भारतीय टीम का लक्ष्य 3:11.87 मिनट का समय निकालकर कीनिया (3:11.88) को पीछे छोड़कर 16वां और अंतिम स्थान प्राप्त करना था।

मोहम्मद अनस, ज्योतिका श्री दांडी, मुहम्मद अजमल और किरण पहल की भारत-ए चौकड़ी ने 3:12.87 मिनट का समय लेकर रेस जीत ली और 3:14.12 मिनट का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो मई में बैंकॉक में एशियाई रिले में दर्ज किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि किरण (जिन्होंने 50.95 सेकंड के ओलंपिक क्वालीफाइंग समय को पार करके व्यक्तिगत 400 मीटर जीता था) को भारतीय टीम में शामिल किया गया था, जो राष्ट्रीय शिविर के बाहर अकेले ट्रेनिंग लेती हैं।

टी संतोष, विथ्या रामराज, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन की भारत की बी टीम 3:14.22 मिनट के साथ दूसरे स्थान पर रही। श्रीलंका 3:18.18 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहा जबकि मालदीव 3:44.98 मिनट के साथ अंतिम स्थान पर रहा।

### ज्योति याराजी ने जीती बाधा दौड़

आंध्र प्रदेश की स्टार एथलीट ज्योति याराजी ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.06 सेकंड का समय निकालकर जीत हासिल की जबकि ओडिशा की प्रज्ञान साहू (13.15) और तमिलनाडु की नित्या रामराज (13.21) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

# बेटियों ने दस विकेट से जीता मुकाबला

## एकमात्र टेस्ट : भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दी शिकस्त

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच में सोमवार को यहां चौथे और आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से शिकस्त दी। भारतीय जीत में शेफाली वर्मा और स्नेह राणा का अहम योगदान रहा। शेफाली ने पहली पारी दोहरा शतक जड़ा जबकि राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए।

शेफाली की 197 गेंद में 205 रन और पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित की। टीम ने राणा की शानदार फिरकी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को 266 रन पर समेट दी।

भारत ने पहली पारी में 337 रन की बढ़त लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन कराया। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लॉरा वुलवार्ट (122) और पूर्व कप्तान सुने लुस (109) की शतकीय




दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला क्रिकेटर।

पारियों के बाद मध्यक्रम की बल्लेबाज नादिने डि क्लर्क की नाबाद 61 रन की पारी के दम पर 373 रन बनाकर भारत को जीत के लिए 37 रन का लक्ष्य दिया। शुभा सतीश (नाबाद 13) और शेफाली (नाबाद 24) ने 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के जीत की औपचारिकता पूरी की। भारतीय टीम ने इससे पहले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया था।

दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज पांच जुलाई से होगा।

# मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, ग्लेनडेल**

इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया।

अब इक्वाडोर का सामना गुरवार को ग्रुप-ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। दो साल पहले कतर में विश्व कप से टीम पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।

**वेनेजुएला ने जमैका को हराया :** एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने कोपा अमेरिका फुटबॉल के ग्रुप-बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया।

वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। टीम कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना



मुकाबले के दौरान मैक्सिको और इक्वाडोर के खिलाड़ी।

खेल रही थी, जिन्हें मैक्सिको के खिलाफ मैच में टीम के मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण अब वेनेजुएला को क्वार्टर फाइनल में गत चैम्पियन अर्जेंटीना से नहीं खेलना होगा। अब उसका सामना ग्रुपए की दूसरे नंबर की टीम कनाडा से होगा। वेनेजुएला के लिए बेलो ने पहला, सालोमन रोंडन ने दूसरा और एरिक रामिरेज ने तीसरा गोल किया।

**यूरो-2024**

## जॉर्जिया को 4-1 से हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

# बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

**एजेंसी, गेलसेनकिरचेन**

जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो-2024) के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

वहीं कोलोन में खेले गए एक अन्य मैच में शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर चैंपियनशिप के




स्लोवाकिया के खिलाफ गोल करता इंग्लैंड का खिलाड़ी जूड बेलिंगम।

क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दिलाई। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई, जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

UEFA EURO2024 GERMANY

### स्कोर कार्ड

| इंग्लैंड | | स्लोवाकिया |
|---|---|---|
| 16 | शॉट | 13 |
| 02 | लक्ष्य पर शॉट | 03 |
| 63% | नियंत्रण | 37% |
| 808 | पास | 472 |
| 12 | फाऊल | 19 |
| 03 | येलो कॉर्ड | 06 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 01 |
| 01 | ऑफ साइड | 02 |
| 09 | कार्नर | 01 |

## न्यूज ब्रीफ

### अमृतपाल को शपथ लेने की मिली इजाजत



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** पंजाब की खडूर साहिब सीट से लोकसभा चुनाव जीतने वाले खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के शपथ ग्रहण की मंजूरी मिल गई है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अमृतपाल सिंह को सांसद की शपथ लेने की इजाजत दे दी है। खालिस्तान समर्थक एवं वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप चुनाव जीता था। वह अभी असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। अमृतपाल ने अभी तक सांसद की शपथ नहीं ली है। वहीं पंजाब के अन्य 12 सांसदों ने संसद सदस्य के रूप में शपथ ले चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट खुलने के साथ तीन नए आपराधिक कानून भी लागू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** जून की एक माह की छुट्टियों के बाद एक जुलाई से कोर्ट खुले। कोर्ट खुलने के साथ ही तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाए। केंद्र सरकार की ओर से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को खत्म कर दिया गया। अब आईपीसी और सीआरपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) का प्रयोग किया जाएगा। दिसंबर 2023 में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ दौरे के दौरान तीन नए कानून लागू करने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

### साकेत गोखले को 50 लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में एक संपत्ति की खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपए का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने तृणमूल सांसद को उनके द्वारा लगाए गए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया।

### 76वां चार्टेड अकाउंटेंट्स दिवस मनाया




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** देश भर में मनाए गए 76वें चार्टेड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस की कड़ी में सेक्टर 35 स्थित सीए भवन में चंडीगढ़ ट्राइसिटी के लगभग 4,000 सीए और स्टूडेंट्स जुटे और सीए दिवस मनाया। सीए समुदाय के सर्वोच्च संस्थान इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) की चंडीगढ़ शाखा समूचे क्षेत्र के सीए और इस सत्र के सीए स्टूडेंट्स के हितों का प्रतिनिधित्व करती है। आईसीएआई संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जो कि देश भर के सीए प्रोफेशन को विनियमित करने के लिए एक जुलाई 1949 को अस्तित्व में आई थी। आईसीएआई चंडीगढ़ ब्रांच के चेयरमैन सीए अभिषेक सिंह चौहान की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सीए ध्वज को फहराने के साथ हुई। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका के दिग्गज तमिल सांसद का निधन

**कोलंबो।** श्रीलंका के सबसे कद्दावर नेताओं में से एक और देश में तमिल अल्पसंख्यकों की प्रमुख आवाज रहे राजवरोथियम संपथन का कोलंबो में 91 साल की उम्र में निधन हो गया। पेशे से वकील रहे राजवरोथियम संपथन श्रीलंका के राजनीतिक इतिहास में सबसे लंबे वक्त तक सांसद रहे नेताओं में से एक थे। राजवरोथियम संपथन, श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी इलाकों में बसने वाले तमिल समुदाय के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्य राजनीतिक संगठन 'तमिल नेशनल अलायंस' के बीते 23 सालों से अध्यक्ष थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजवरोथियम संपथन के निधन पर दुख जताया।

### एनटीपीसी का कोयला उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी का अप्रैल-जून तिमाही में कैप्टिव खदानों से कोयले का उत्पादन सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 98.62 मिट्रिक लाख टन हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कैप्टिव खदानों से कोयला आपूर्ति 17.15 प्रतिशत बढ़कर 101.94 लाख मीट्रिक टन रही। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई तरह की रणनीतियों को लागू किया तथा प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया है। कोयला उत्पादन व आपूर्ति में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता तथा भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में इसके योगदान का प्रमाण है।

### राशिद को सांसद पद की शपथ लेने की अनुमति



**नई दिल्ली।** एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग मामले के आरोपी और लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए सांसद राशिद इंजीनियर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए सहमति दे दी है। एनआईए ने पटियाला हाउस कोर्ट से कहा कि राशिद इंजीनियर को 25 जुलाई को संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने राशिद इंजीनियर की अर्जी पर 2 जुलाई को फैसला सुनाने का आदेश दिया है।

### टीआर शर्मा आईएआरआई के निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) ने टीआर शर्मा को अपना नया निदेशक नियुक्त किया है। शर्मा वर्तमान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें निदेशक पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। फसल विज्ञान और पादप जैव प्रौद्योगिकी में अपने कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले शर्मा के खाद्य सुरक्षा तथा टिकाऊ खेती में चुनौतियों का समाधान करने में आईएआर के प्रयासों का नेतृत्व करने की उम्मीद है।

### एयर इंडिया महाराष्ट्र में करेगी उड़ान संस्थान स्थापित

**मुंबई।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया महाराष्ट्र के अमरावती में प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करेगी। उड़ान प्रशिक्षण संस्थान का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। यह प्रशिक्षण संस्थान अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा। बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा।

### जीएसटी से घरेलू सामानों की दरें घटीं

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि माल और सेवा कर (जीएसटी) आने से घरेलू उपकरणों और मोबाइल फोन के लिए कर की दरें कम हुई हैं और इससे हर घर को राहत मिली है। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के तौर पर जीएसटी ने सोमवार को अपने सात साल पूरे किए हैं। जीएसटी में लगभग 17 स्थानीय कर एवं उपकर शामिल किए गए और इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। सातवें जीएसटी दिवस का विषय 'सशक्त व्यापार, समग्र विकास' है।

### बारामूला से आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों ने सोपोर इलाके में आतंकियों के एक मददगार को पकड़ा है। सोमवार देर रात पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने सोपोर के बोमई इलाके के माचीपोरा में एक ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाया। इस दौरान चौकी पर जांच के दौरान बोमई से माचीपोरा की ओर आ रही एक गाड़ी को रोका गया। ड्राइवर ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए शख्स की पहचान बारामूला के रफियाबाद में रहने वाले वहीद उल जहूर के रूप में हुई है।

### जापान ने पृथ्वी निगरानी उपग्रह प्रक्षेपित किया

**टोक्यो।** जापान ने एच-3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच-3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना 'पेलोड' (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया व मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है।

# हंगामे के साथ हुई संसद सत्र की शुरुआत, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोमवार को संसद सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। सत्र शुरू होने से पहले स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव को अनुमति नहीं दी है। इसके बाद शोर होने लगा और शोरगुल के बीच स्पीकर ओम बिरला ने भी सफाई दी कि वह माइक बंद नहीं करते।

ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी बोलने के लिए मौका दिया। बिरला ने खुद से पूछा कि आप बोलने के लिए खड़े हुए आप कुछ कहना चाहते हैं। राहुल ने कहा, 'हम चाहते थे कि नीट पर एक दिन की चर्चा हो। काफी जरूरी मामला है। दो करोड़ युवाओं का नुकसान हुआ है। 70 बार बीते सात सालों में पेपर लीक हुए हैं। हम चाहते थे कि एक दिन इसपर चर्चा हो।'

इसके बाद ओम बिरला ने बताया कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद दें और इस दौरान न तो




शून्यकाल होगा और न कोई स्थगन प्रस्ताव लिया जाएगा। ऐसा पहले ही व्यवस्था दी गई है।

राहुल गांधी फिर खड़े हुए और बोले, 'संसद से देश को संदेश जाता है और हम छात्रों को संदेश देना चाहते हैं कि जो नीट का मुद्दा है वो संसद के लिए जरूरी है. इसलिए हम एक दिन की चर्चा चाहते हैं।'

राहुल की इस मांग के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सदन में खड़े हुए और बोले कि संसद नियम और कानून से चलता है। अगर चर्चा करनी ही है तो एक बार राष्ट्रपति से संबंधित जो धन्यवाद प्रस्ताव है, उसे पारित करने के बाद ही करें।'

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राजनाथ सिंह की इस बात को सहमति जताते हुए कहा कि 'ऐसा करते हैं कि राष्ट्रपति का धन्यवाद प्रस्ताव पास हो जाने के बाद एक दिन चर्चा के लिए देते हैं।'

इसके बाद विपक्षी दलों के सांसद सदन से बाहर निकले और संसद के कैंपस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### नए आपराधिक कानून को लेकर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

**एक** जुलाई से देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। 17वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में ये तीनों कानून पास किए गए थे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस शुरुआत से ही इन कानूनों का विरोध कर रही है। सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर इन कानूनों की और सरकार के रवैये की निंदा की है।

खड़गे ने ट्वीट किया, 'चुनाव में राजनीतिक और नैतिक झटके के बाद मोदी जी और भाजपा वाले संविधान का आदर करने का खूब दिखावा कर रहें हैं, पर सच तो ये है कि आज से जो तीन क़ानून लागू हो रहे हैं, वो 146 सांसदों को सस्पेंड कर जबरन पारित किए गए। विपक्षी गठबंधन अब ये 'बुल्डोज़र न्याय' संसदीय प्रणाली पर नहीं चलने देगा।

# जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी पर लगाया जुर्माना

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन का 30 हजार रुपए का बिल बना, लेकिन मेडिक्लेम बीमा कंपनी ने 22 हजार रुपए का भुगतान किया। जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को बीमा देने में कोताही बरतने का दोषी करार देते हुए शिकायतकर्ता को 8 हजार रुपए हर्जाने के रूप में देने के आदेश दिए हैं। साथ ही मानसिक उत्पीड़न के लिए 10 हजार रुपए और केस में खर्च हुए दस हजार रुपए देने के लिए भी कहा है।

शिकायतकर्ता कांता ने जिला उपभोक्ता अदालत को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 26 दिसंबर 2021 को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस बीमा कंपनी से एक साल के लिए तीन लाख तक का मेडिकल इंश्योरेंस लिया था।

15 अक्तूबर 2022 को डॉ. की सलाह पर बाईं आंख के मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना तय किया। इसके लिए बीमा कंपनी को पहले ही बता दिया गया था और कंपनी ने 22 हजार रुपए अस्पताल को भुगतान भी कर दिया, लेकिन



30 हजार का मेडिक्लेम बीमा कंपनी ने 22 हजार का भुगतान किया था

अस्पताल की ओर से 30 हजार रुपए का बिल बना। शिकायतकर्ता को अपनी जेब से 8 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ा।

इस मामले की सुनवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को कहा कि जब शिकायतकर्ता तीन लाख तक का मेडिकल इंश्योरेंस का हकदार है तो पूरे 30 हजार रुपए देने के बजाय 22 हजार रुपए का भुगतान क्यों किया गया। आयोग ने बीमा कंपनी को शिकायतकर्ता को आठ हजार रुपये हर्जाना देने के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## तीन नए आपराधिक कानूनों में आतंकियों के खिलाफ और निर्णायक होगी लड़ाई

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

तीन नए आपराधिक कानूनों में आतंकवादी कृत्य को परिभाषित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 113 के तहत ऐसे कृत्य शामिल हैं, जो भारत की एकता अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं या किसी समूह में आतंक फैलाते हैं।

इससे अब आतंकवाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ लेगी, क्योंकि पुलिस को अब ऐसे मामले में अलग-अलग कानूनों की किताबें नहीं खंगालनी पड़ेगा। इससे आतंकियों या उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई में और बल मिलेगा। आतंकवाद से लड़ने के लिए पहले टाडा, यूएपीए जैसे कानून थे। टाडा कानून में बदलाव किया गया था, जबकि यूएपीए को लेकर बहस चल रही है। ऐसे में अब भारतीय न्याय संहिता में आतंकवादी कृत्य के परिभाषित होने से आतंकवाद के खिलाफ बंदूक के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से जंग और तेज होगी। (अनंत ज्ञान)

### ई-एफआईआर के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी बन सकती है बाधा

**तीन** नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक सूचना से ई-एफआईआर का प्रावधान है। प्रदेश के 186 पुलिस थानों में भी इसका विकल्प होगा।

हालांकि व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन में थानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा का न होना एक चुनौती होगा। जम्मू-कश्मीर के दूरदराज इलाकों में पुलिस थाने बनाए गए हैं। यहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या रहती है।

# परियोजनाओं के पूर्ण होने तक कार्यों का पूरा कैलेंडर बनाया जाए : धामी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उद्योग विभाग एवं सिडकुल की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में जिन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उनके पूर्ण होने तक कार्यों का पूरा कैलेंडर बनाया जाए।

जिन परियोजनाओं को दो साल में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उनका टाइमलाइन सहित स्पष्ट ब्यौरा जल्द प्रस्तुत किया जाए। लालतप्पड़ में बनने वाले कन्वेंशन सेंटर का कार्य जुलाई, 2026 तक पूर्ण किया जाए। लगभग 57 एकड़ में कन्वेंशन सेंटर बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में



बनने वाली फिल्म सिटी के निर्माण की कार्यवाही भी जल्द शुरू की जाए। इसके लिए 107 एकड़ की भूमि चिन्हित की गई है।

हरिद्वार में 5 लाख वर्गफीट भूमि पर फ्लैटेड फैक्ट्री के निर्माण की कार्यवाही गतिमान है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना को लोगों को अधिक से अधिक फायदा मिले, इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### शराब घोटाले में शामिल थे भाजपा के सदस्य : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को केंद्र पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कथित शराब घोटाले में भाजपा के सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के जरिए सरथ रेड्डी से 60 करोड़ रुपए की रिश्वत ली।

उच्च सदन में अपने भाषण में सिंह ने कहा, 'ऐसा कहा जाता है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव बहुत सुचारू रूप से संपन्न हुए, लेकिन इस चुनाव में कई घटनाएं हुईं। इस चुनाव में हमने देखा कि कैसे विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया। ईडी और अन्य जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया।'

# डिजिटल इंडिया एक दशक में भारत की प्रगति की झलक : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल के 9 साल पूरे होने के अवसर पर कहा कि यह एक दशक में की गई भारत की प्रगति की झलक देता है।



प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत है, जो 'जीवन की सुगमता' और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। यह धागा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के कारण एक दशक में की गई प्रगति की एक झलक देता है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार, डिजिटल साक्षरता बढ़ाना, डिजिटल सेवाओं को बढ़ाना, डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करना और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत पहलों में आधार (विशिष्ट पहचान कार्यक्रम), डिजिटल लॉकर (सुरक्षित दस्तावेज भंडारण), ई-सेवाएं (ऑनलाइन सरकारी सेवाएं), भारतनेट (ग्रामीण ब्रॉडबैंड नेटवर्क), मेक इन इंडिया (इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देना), स्टार्टअप इंडिया (उद्यमिता को प्रोत्साहित करना) और डिजिटल भुगतान (नकद रहित लेनदेन को बढ़ावा देना) शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने 123 साल में दूसरी महिला गवर्नर जनरल को किया नियुक्त

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर-जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की 'लेबर पार्टी' सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर-जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है।

# 'दीदी का बंगाल' महिलाओं के लिए असुरक्षित : नड्डा

**एजेंसी, दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में बीच सड़क पर एक महिला को कपड़े उतारकर पीटा गया। महिला की पिटाई का यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर कई लोगों में आक्रोश है। वहीं, इस घटना की कड़ी निंदा की है।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्ती ममता बनर्जी पर हमला बोला है।

नड्डा ने 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम बंगाल से एक भयावह वीडियो सामने आया है, जो उस क्रूरता की याद दिलाता है, जो केवल धर्मतंत्रों में मौजूद है। मामले को बदतर बनाने के लिए टीएमसी कैडर और विधायक इस कृत्य को उचित ठहरा रहे हैं। चाहे वह संदेशखाली हो, उत्तर दिनाजपुर हो या फिर कोई अन्य स्थान हो, दीदी का पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए असुरक्षित है।

## आरईसी ऋण स्वीकृतियां पहली तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 1.12 लाख करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सार्वजनिक** क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 24.17 प्रतिशत अधिक 1,12,747 करोड़ रुपए के ऋण मंजूर किए।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया उसने एक साल पहले इसी अवधि में 90,797 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया था। समीक्षाधीन अवधि में ऋण वितरण 27.89 प्रतिशत बढ़कर 43,652 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 39,655 करोड़ रुपए मंजूर किए गए, जो पिछले साल की समान तिमाही से 58.72 प्रतिशत अधिक है। ऋण वितरण 1,534 करोड़ रुपए से दोगुना होकर 5,351 करोड़ रुपए हो गया। विद्युत मंत्रालय के अधीन आरईसी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

# उत्तर कोरिया ने किया दो बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**एजेंसी, सियोल**

उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच में गरमागर्मी जारी है। उत्तर कोरिया ने उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी। बता दें कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया, और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। मिसाइल लांच के बारे में उत्तर कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने जानकारी दी है। ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइलों को दक्षिणपूर्वी उत्तर कोरिया के जांगयोन शहर से



उत्तरपूर्वी दिशा में 10 मिनट की दूरी पर लांच किया गया था। पहली मिसाइल ने 600 किलोमीटर (370 मील) और दूसरी मिसाइल ने 120 किलोमीटर (75 मील) तक उड़ान भरी, लेकिन यह नहीं बताया कि वे कहां गिरीं।

उत्तर कोरिया आम तौर पर अपने पूर्वी जल क्षेत्र की ओर मिसाइलों का परीक्षण करता है, लेकिन दूसरी मिसाइल की उड़ान जल क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बहुत कम थी। पहली मिसाइल उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर सुबह करीब 5:05 बजे दागी गई। दूसरी मिसाइल 5:15 पर लांच की गई। वहीं, दक्षिण कोरियाई सैन्य सूत्र ने बताया कि इसकी पूरी संभावना है कि दूसरी मिसाइल उत्तर के अंतर्देशीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उत्तर की जमीन पर संभावित नुकसान की तुरंत सूचना नहीं दी गई। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने हाल ही में ये भी कहा था कि दक्षिण कोरिया संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन के साथ उत्तर कोरिया के किसी भी उकसावे को विफल करने के लिए दृढ़ तत्परता रखता है।

**ताकत** सेना प्रमुख बोले- चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारी भारतीय सेना तैयार

# स्वदेशी युद्धक प्रणाली से लैस होगी सेना: द्विवेदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सेना** प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पदभार संभालने के एक दिन बाद सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारतीय सेना को ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी युद्धक प्रणालियों से लैस किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक समीकरण और दुनिया में जारी लड़ाइयों के मद्देनजर हमें न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की जरूरत है, बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करके युद्ध पद्धति और रणनीतियों को



बेहतर करने की भी आवश्यकता है। आज भारतीय थल सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। इस दिशा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत हमेशा तैयार है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी युद्धक प्रणालियों को शामिल किया जाएगा। सेना प्रमुख ने दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद जवानों का स्मरण किया और वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत नए भारतीय सेनाध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना एवं अन्य हित धारकों के संपूर्ण समन्वय से युद्ध की स्थिति के लिए सदैव तत्पर रहें। इससे भारत के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित किया जा सकेगा और हम विकसित भारत 2047 की दिशा में राष्ट्र निर्माण का एक प्रमुख स्तंभ बन सकेंगे।

### सेना परिवर्तन की राह पर

**सेना** प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना परिवर्तन की राह पर है। हम आत्मनिर्भर बनने की आकांक्षा रखते हैं। इसे हासिल करने के लिए हम स्वदेशी पहल को प्रोत्साहित करेंगे। अपने देश में निर्मित अधिकतम युद्ध प्रणालियों और उपकरणों को शामिल करेंगे। मैं देश और साथी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में पूरी तरह सक्षम और तैयार है।

# नीट परीक्षा का स्थायी समाधान निकालना जरूरी : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चतिता पर चिंता जाहिर करते हुए समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।



मायावती ने एक्स पर लिखा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है उससे लोगों में बेचैनी, चिंता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका जल्द स्थायी समाधान निकालना बहुत ही जरूरी है। ऑल इंडिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षा ओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति गंभीर, दु:खद व चिंतनीय। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख्त कदम आवश्यक।

भर्तियों में भ्रष्टाचार होना गंभीर और चिंतनीय